




हिन्दी दैनिक
जन-जन की वाणी...
# सोन वर्षा वाणी
औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित
मूल्य ₹ 2.00
कृष्ण पक्ष अनुराधा संवत 2081 • औरंगाबाद • शुक्रवार • 26 अप्रैल 2024 • वर्ष 26 • अंक 135 • पृष्ठ 12

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 24 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹72, 270 | ₹82,500 |



## आज का इतिहास

- 1920 : प्रसिद्ध भारतीय गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन का चेन्नई में निधन।
- 2007 : जापानी कंपनी सोनी ने भारत में वर्ष 2010 तक 2 अरब डॉलर का व्यापार लक्ष्य रखा।

## न्यूज बाइट्स

### नियोजित शिक्षकों के लिए सक्षमता परीक्षा 2.0 का विज्ञापन जारी

**पटना (नि. सं.)।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की ओर से सक्षमता परीक्षा 2.0 का विज्ञापन जारी कर दिया गया है। जारी विज्ञापन के मुताबिक 26 अप्रैल से 4 मई तक फॉर्म भरे जाएंगे। प्राइमरी से लेकर प्लस टू तक के नियोजित शिक्षक इसमें शामिल होंगे। फिलहाल परीक्षा की तारीखों का ऐलान नहीं किया गया है। मई के दूसरे सप्ताह में परीक्षा होने की संभावना है। अभ्यर्थी समिति की वेबसाइट https://www.bsebsakshamta.com पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए उन्हें 1100 रुपए का शुल्क देना होगा।अलग-अलग कक्षाओं के लिए सात श्रेणी में कुल 59 विषयों की परीक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित की जाएगी। कोई निगेटिव मार्किंग नहीं है। पहली से 5वीं तक एक विषय और छठी से आठवीं तक 8 विषयों की परीक्षा होगी। इसके अलावा माध्यमिक (9वीं-10वीं) में 19 और उच्च माध्यमिक (11वीं से 12वीं) में 31 विषयों की परीक्षा ली जाएगी। प्रारंभिक, हाई व इंटर स्कूलों में पढ़ाए जाने वाले कोर्स से सवाल पूछे जाएंगे। कुल 150 वस्तुनिष्ठ प्रश्न होंगे। जिसमें कक्षा 1 से 5 के लिए के लिए भाषा से 30, सामान्य अध्ययन से 40 और सामान्य विषय से 80 प्रश्न पूछे जाएंगे। इसी तरह के प्रश्न छठी से आठवीं, 9वीं-10वीं और 11 से 12वीं के नियोजित शिक्षकों से पूछे जाएंगे।

### पटना की तनिष्का को 'मिस टीन अर्थ इंडिया' का खिताब

**पटना (नि. सं.)।** पटना की तनिष्का शर्मा ने 'मिस टीन अर्थ इंडिया' का खिताब अपने नाम किया है। देश की सबसे बड़ी किशोर सौंदर्य प्रतियोगिता मिस टीन दीवा 2024 का आयोजन जयपुर में किया गया था। 15 वर्षीय तनिष्का ने देश के 29 पार्टिसिपेंट को पीछे छोड़ यह खिताब आपने नाम किया है।

### व्हाट्सएप पर मिलेगी उच्चतम न्यायालय की 'वाद-सूची'

**नई दिल्ली (ए.)।** उच्चतम न्यायालय में सुनवाई के लिए सूचीबद्ध मामलों समेत कई अन्य जरूरी जानकारियां अब 'व्हाट्सएप' पर भी उपलब्ध कराई जाएगी। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ ने गुरुवार को इस बारे घोषणा करते हुए कहा, 'इस छोटी सी पहल का बहुत बड़ा प्रभाव पड़ेगा। ' उन्होंने कहा, '75वें वर्ष में सर्वोच्च न्यायालय ने न्याय तक पहुंच को आसान करने के लिए एक और पहल शुरू की है। इससे देश के दूरदराज के इलाकों के लोग भी नागरिक मुद्दों से जुड़े मामलों की जानकारियां आसान तरीके उपलब्ध हो सकती हैं।उन्होने कहा कि हम अपनी सभी सेवाओं को 'मेघराज क्लाउड 2.0' में स्थानांतरित कर रहे हैं (यह एनआईसी द्वारा बनाया गया क्लाउड इन्फ्रास्ट्रक्चर है।) अब सभी अदालतें ऑनलाइन हो सकती हैं।

पटना जंक्शन से 50 मीटर दूर होटल और इमारतों में अचानक लगी आग

# छह की मौत, कई घायल, 45 का रेस्क्यू

**निज संवाददाता | पटना**

बिहार राजधानी पटना में गुरुवार को रेलवे स्टेशन के पास स्थित पाल होटल में भीषण आग लग गई । इस घटना में 6 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में महिलाएं और पुरुष दोनों शामिल हैं। सभी बाहरी बताए जा रहे हैं। एक दर्जन से ज्यादा लोगों घायल अवस्था में को पीएमसीएच में भर्ती कराया गया जिनमें से कई की हालत काफी गंभीर थी। कई 80 से 90 प्रतिशत तक जल गए हैं। इमरजेंसी में उनका इलाज किया जा रहा है। मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। आग के शिकार होटल और अन्य इमारतों में सर्च अभियान जारी है।

जब आग लगी तब होटल में कई लोग मौजूद थे। डीजी फायर शोभा अहोतकर ने बताया कि सूचना मिलते ही कुछ मिनट के अंदर दमकल की कई गाड़ियां मौके पर पहुंच कर आग बुझाने में जुट गईं। 51 दमकल की मदद से दो घंटों की कड़ी मशक्कत से आग पर कंट्रोल किया गया। होटल और पास की बिल्डिंग से 45 लोगों को निकाला गया। आग लगने से इलाके में अफरातफरी मच गई। बताया जा रहा है कि गैस सिलेंडर में लीक की वजह से आग लगी। आग पर का काबू कर लिया गया है लेकिन फायर फाइटिंग टीम जले लोगों की अभी तालाश में जुटी है।

स्थानीय लोगों से जानकारी मिल रही है कि आग दिन के 11 बजे लगी। गैस सिलेंडर से लगी आग काफी तेजी से फैल गई। होटल वालों ने अग्निशमन यंत्र की मदद से आग बुझाने की कोशिश की लेकिन सफलता नहीं मिली। देखते-देखते आग पूरे होटल में फैल गई और आस-पास के भवनों को भी चपेट में ले दिया। सूचना मिलते हीं अग्निशमन विभाग के अफसर और फायरमैन मौके पर पहुंचे और आग बुझाने में जुट गए। पहले दो यूनिट लेकर दमकल टीम पहुंची। आग भीषण होने के कारण आस पास के फायर स्टेशनों से दमकल का प्रबंध किया गया। स्थानीय कंकड़बाग, लोदीपुर फायर स्टेशन से दमकल की गाड़ियां मंगवाई गईं। कुल 51 दमकल की मदद से आग पर काबू पाया जा सका। घटनास्थल पर लोगों की भारी भीड़ जुट गई। ओवर ब्रिज के ऊपर और नीचे जाम लग गया। आसपास के भवन भी आग की चपेट में आ गए। पाल होटल के अलावे पंजाबी नवाबी, बलवीर साईकिल स्टोर में भी आग लग गई। स्टेट फायर अफसर के मुताबिक 30 से ज्यादा लोगों को रेस्क्यू करके निकाला गया है।

जानकारी के मुताबिक होटल और आस पास के भवनों के आग की चपेट में आ जाने से दर्जनों लोग फंस गए। उन्हें निकालने के लिए क्रेन की मदद ली गई। आठवीं मंजिल तक क्रेन से लोगों को निकालने में कामयाबी मिली। अग्निशमन दस्ता के साथ पटना पुलिस की टीम ने आग बुझाने और रेस्क्यू में काफी मेहनत किया। होटल पाल के पास स्थित मकानों पर चढ़कर पुलिस और फायर फाइटर्स की टीम ने आग पर नियंत्रण किया। लोगों को निकालने के बाद एम्बुलेंस से अस्पताल भेजा गया। पुलिस के वरीय पदाधिकारी भी घटना स्थल पर पहुंच गए। पुलिस की टीम घटना स्थल पर कैंप कर रही है।



### दहल उठा इलाका, भागने लगे लोग

आग लगने के साथ ही होटले में रखे सिलेंडर ब्लॉस्ट होने लगे। इससे दहशत फैल गई। लोग इधर-उधर भागने लगे। 6 से ज्यादा सिलेंडरों में ब्लॉस्ट हुए। करीब तीन घंटे तक स्टेशन जाने वाली रोड को बंद कर दिया गया।

### 51 गाड़ियां के पानी से बुझाई आग

फायर ब्रिगेड और बिहार होमगार्ड आईजी एम सुनील नायक ने बताया कि अब तक 35 लोगों का रेस्क्यू किया गया है। 15 लोगों को अस्पताल भेजा गया है। आग पर काबू पाने के लिए अब तक 51 गाड़ियां लग चुकी हैं।

### चश्मदीद ने बताया आग कैसे लगी

होटल में नाश्ता करने पहुंचे बीएसएफ जवान ने बताया- मैं ऑर्डर देने के बाद हाथ धोने गया था। वो लोग मसाला डाल रहे थे। अचानक प्लास्टिक में आग लगी फिर सिलेंडर ने आग पकड़ ली। पहला सिलेंडर ब्लास्ट हुआ, फिर दूसरा सिलेंडर ब्लास्ट हुआ। नीचे से ऊपर आग फैलती चली गई। तीन लोग नीचे कूद गए। एक महिला भी जान बचाने के लिए नीचे कूदी। एक युवक का पैर टूट गया। करीब 45 मिनट के बाद फायर ब्रिगेड पहुंची।

# मोदी, राहुल के विरुद्ध शिकायतों पर चुनाव आयोग ने पार्टियों को भेजा नोटिस



**एजेंसी | नयी दिल्ली**

चुनाव आयोग ने प्रधानमंत्री और भारतीय जनता पार्टी(भाजपा) के स्टार प्रचारक नरेन्द्र मोदी और कांग्रेस के स्टार प्रचारक राहुल गांधी द्वारा चुनाव प्रचार के दौरान सार्वजनिक वक्तव्यों के जरिये आदर्श चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन किये जाने के खिलाफ विभिन्न शिकायतों पर दोनों पार्टियों को गुरुवार को नोटिस जारी किया। चुनाव आयोग ने श्री मोदी की विभिन्न चुनाव रैलियों में उनकी कुछ टिप्पणियों के खिलाफ कांग्रेस पार्टी, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी की ओर से दर्ज कराई गयी शिकायतों पर भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा को नोटिस जारी किया है। आयोग ने भाजपा अध्यक्ष से अपने पार्टी के स्टार प्रचारकों को आयोग द्वारा समय- समय पर जारी निर्देशों के प्रति सजग रहने की हिदायत देते हुये उनसे नोटिस का 29 तारीख तक जवाब मांगा है। आयोग ने श्री गांधी के खिलाफ भाजपा की शिकायतों पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को नोटिस भेज कर उनसे भी 29 तारीख तक नोटिस का जवाब मांगा है। चुनाव आयोग ने दोनों पार्टियों के प्रमुखों को जारी नोटिसों में श्री मोदी या श्री गांधी का सीधे उल्लेख नहीं किया है, लेकिन उनके खिलाफ शिकायतों को नोटिस के साथ जरूर भेजा है। आयोग ने जनप्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 77 का उल्लेख करते हुये इन पार्टियों के स्टार प्रचारकों को आदर्श चुनाव अचार संहिता और उनके लिये आयोग द्वारा तय किये गये मानकों की जवाबदेही पार्टी अध्यक्षों पर डाली है। आयोग ने कहा है कि अपने प्रत्याशियों, खास कर स्टार प्रचारकों के कामों के प्रति पहली जवाबदेही राजनीतिक दलों की ही होनी चाहिये। आयोग ने नोटिसों में यह भी कहा है कि ऊँचे पदों पर बैठे लोगों के चुनावी भाषणों का असर ज्यादा होता है।

# बिहार में बदलेगी जमीन मापी की प्रक्रिया, सीओ की भूमिका बढ़ी

**निज संवाददाता | पटना**

बिहार में में जमीन की मापी कराने के लिए पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन की सुविधा कुछ महीने पहले शुरू हुई थी। लेकिन, अब इसकी प्रक्रिया में बदलाव करने की तैयारी हो रही है। इसकी मुख्य वजह कर्मचारी के स्तर पर इन आवेदनों के निपटारे में लापरवाही या अन्य किसी कारणों से अधिक समय लगाना है। इसे ठीक करने के लिए यह बदलाव किया जा रहा है। विभाग के अनुसार अब नई व्यवस्था के अंतर्गत जमीन की मापी कराने के लिए आने वाले आवेदनों को कर्मचारी के पास नहीं भेजा जाएगा। सीओ (अंचलाधिकारी) की ओर से सभी आवेदनों को सीधे अमीन के पास मापी के लिए भेज दिया जाएगा। इस प्रक्रिया में कर्मचारियों की भूमिका पूरी तरह से समाप्त कर दी जाएगी। इससे आवेदनों के निष्पादन में देरी नहीं हो सकेगी। मिली जानकारी के अनुसार, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग फिलहाल इस प्रस्ताव को अंतिम रूप देने में जुटा है। चुनाव की प्रक्रिया समाप्त होने के बाद ही इस पर कोई अंतिम निर्णय लिए जाने की संभावना है। फिलहाल विभागीय स्तर पर इससे जुड़े सभी पहलुओं पर विचार-विमर्श किया जा रहा है।

### लटकाकर रखते हैं मामला



विभागीय स्तर पर लंबित पड़े मामलों की पूरी समीक्षा करने के बाद यह बात सामने आई कि कर्मचारी के स्तर पर इन आवेदनों का निपटारा करने में काफी समय लग रहा है। कुछ मामलों में कर्मचारी आदतन इन्हें जानबूझ कर लटका कर रखे रहते हैं। इस कारण मामले का निपटारा समय पर नहीं हो पा रहा है। इसके मद्देनजर विभाग इसमें बदलाव करने पर गंभीरता से विचार कर रहा है।

### जटिल प्रक्रिया के कारण दस दिन की जगह लग रहा एक महीना

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के स्तर से जमीन की ऑनलाइन मापी कराने के लिए ई-मापी नामक वेबसाइट बनाई गई है। साथ ही यह प्रावधान किया गया है कि इसके माध्यम से मापी के लिए आवेदन करने वाले को अधिकतम 10 दिनों में मापी करा दी जाएगी। सीओ के पास आने वाले इन आवेदनों को पहले कर्मचारी के पास भेजा जाएगा, वहां से जमीन से संबंधित सभी बातों की जांच करने के बाद इसे अमीन के पास मापी के लिए भेजा जाएगा। इसके लिए आवेदकों को एक तारीख मुहैया कराई जाती है, जिस पर उपस्थित होकर सभी संबंधित लोग मापी करवा सकते हैं। लेकिन इस मौजूदा प्रक्रिया में 10 दिन के स्थान पर जमीन मापी कराने में महीनेभर या ज्यादा समय लग रहा है। लंबित आवेदनों की संख्या 10 हजार से अधिक हो गई है।

## पुलिस हिरासत में बीमा भारती के दो पीए

**पूर्णिया (नि.सं.)।** पूर्णिया के रूपौली में आरजेडी प्रत्याशी बीमा भारती के दो पीए को पुलिस ने हिरासत में लिया है। दोनों के पास से 10 लाख रुपए कैश मिला है। पुलिस रुपयों के सोर्स पता कर रही है। पुलिस को शक है कि ये रुपए चुनाव में उपयोग में हो सकते हैं। बीमा भारती के पीए अरविंद जायसवाल और महावीर मंडल को लेकर पुलिस रूपौली थाने में लेकर आई है। रुपौली थानाध्यक्ष अमजद अली ने बताया कि एक स्कॉर्पियो पर बैठे दो लोगों को 10 लाख रुपए कैश के साथ हिरासत में लिया गया है। दोनों से पूछताछ की जा रही है। बीमा भारती रूपौली से जदयू की विधायक रही हैं। चुनाव के ऐनवक्त पर जदयू छोड़कर आरजेडी में शामिल हुई थीं। लालू यादव ने उन्हें पूर्णिया लोकसभा सीट से टिकट दिया था। लोकसभा चुनाव में बिहार की पूर्णिया सीट न सिर्फ राज्य की सबसे हॉट सीट बन चुकी है, बल्कि दिल्ली तक की निगाहें भी पूर्णिया पर टिकी हैं। पीएम नरेंद्र मोदी, लालू यादव, तेजस्वी यादव, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और पप्पू यादव सभी नेताओं और राजनीतिक दलों की प्रतिष्ठा का सवाल बन चुकी पूर्णिया सीट पर सियासी सरगर्मी तेज है।

पांच सीटों पर होना है मतदान

# दूसरे चारण की तैयारी पूरी आज सात बजे से मतदान

**निज संवाददाता | पटना**



दूसरे चारण में 5 सीटों पर आज यानी शुक्रवार की सुबह 7 बजे से वोटिंग शुरू होगी। निर्वाचन आयोग ने मतदान करने को लेकर तैयारी पूरी कर ली है। बिहार मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एचआर श्रीनिवास के मुताबिक बिहार में शांतिपूर्ण, स्वच्छ और भय मुक्त मतदान करने को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई है। मतदान केंद्रों पर पोलिंग पार्टी भेजी जा रही है। बिहार के दूसरे चरण में 5 सीटों पर मतदान होना है। दूसरे दौर में भारतीय जनता पार्टी के एक भी उम्मीदवार नहीं है। एनडीए के घटक दल जनता दल यूनाइटेड ने सभी 5 सीट पर अपने उम्मीदवार उतारे हैं। इंडिया गठबंधन की बात की जाए तो कांग्रेस के 3 प्रत्याशी और राष्ट्रीय जनता दल के 2 उम्मीदवार चुनावी दंगल में ताल ठोंक रहे हैं।

दूसरे चरण में भागलपुर सबसे छोटा संसदीय सीट है। 2,551 वर्ग किलोमीटर में फैला है। जबकि बांका लोकसभा सीट दूसरे चरण में सबसे ज्यादा क्षेत्रफल में फैला हुआ है। 3,026 वर्ग किलोमीटर में यह क्षेत्र फैला हुआ है। मतदाताओं के हिसाब से किशनगंज लोकसभा सीट सबसे छोटा है। किशनगंज लोकसभा सीट पर 18 लाख 29 हजार 994 मतदाता हैं। वहीं, भागलपुर लोकसभा सीट में सबसे ज्यादा मतदाता है। संसदीय क्षेत्र में 19 लाख 83 हजार 31 मतदाता मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे। दूसरे चरण के मतदान में कल 93 लाख 96 हजार 298 मतदाता मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इसमें 306 थर्ड जेंडर वोटर्स हैं। महिला वोटर की संख्या 45 लाख 14 हजार 555 है। मेल वोटर की संख्या 48 लाख 81 हजार 437 है। 18 से 19 साल के पहली बार वोटिंग करने वाले वोटरों की संख्या 13 हजार 773 है।

## भारत ने मानवाधिकार पर अमेरिका की रिपोर्ट को सिरे से किया खारिज

**नई दिल्ली (ए.)।** भारत ने गुरुवार को मानवाधिकारों के कथित उल्लंघन वाली अमेरिकी विदेश विभाग की रिपोर्ट को सिरे से खारिज कर दिया। अमेरिका ने अपनी रिपोर्ट में दावा किया था कि मणिपुर में जातीय हिंसा फैलने के बाद राज्य में व्यापक तौर पर मानवाधिकारों का हनन हुआ है। इसके अतिरिक्त रिपोर्ट में बीबीसी दफ्तर में इनकम टैक्स अधिकारियों की छापेमारी और राहुल गांधी से जुड़े एक मामले का भी उल्लेख है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने अमेरिका की रिपोर्ट को पक्षपातपूर्ण करार देते हुए उसे सिरे से खारिज कर दिया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने साप्ताहिक प्रेस वार्ता में कहा कि यह रिपोर्ट बेहद पक्षपातपूर्ण है और यह भारत के प्रति उनकी खराब समझ को प्रदर्शित करता है। हम इसे कोई महत्व नहीं देते और आपसे भी ऐसा ही करने का अनुरोध करते हैं। कोलंबिया विश्वविद्यालय और अमेरिका के अन्य विश्वविद्यालयों में विरोध प्रदर्शन को लेकर रणधीर जायसवाल ने कहा कि हमने रिपोर्ट देखी हैं और संबंधित घटनाओं पर हमारी नजर है।

## विदेशों में फंसे भारतीयों की वापसी होगी शीघ्र

**नयी दिल्ली (ए.)।** रूसी सेना में फंसे 10 भारतीय नागरिक स्वदेश लौट चुके हैं और बाकी लोगों की रिहाई के लिए भी रूस सरकार ने सहयोग का आश्वासन दिया है। इसी प्रकार से ईरान द्वारा बंधक बनाये गये वाणिज्यिक पोत पर तैनात चालक दल के सदस्यों में भारतीय सदस्यों की भी जल्द ही स्वदेश वापसी होने की संभावना है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने आज यहां नियमित ब्रीफिंग में यह जानकारी दी। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल की रूस यात्रा एवं रूसी सेना में फंसे भारतीयों को सेवा मुक्त करके स्वदेश लाने से संबंधित एक सवाल के जवाब में श्री जायसवाल ने कहा कि हमारे राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार सुरक्षा मामलों के लिए जिम्मेदार उच्च पदस्थ अधिकारियों की 12वीं अंतरराष्ट्रीय बैठक में भाग लेने के लिए सेंट पीटर्सबर्ग में हैं ।

# बिहार में अब तक 30 फीसदी ही आयुष्मान कार्ड बने

**निज संवाददाता | पटना**



आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत बिहार में अबतक लक्ष्य का 30 फीसदी ही आयुष्मान कार्ड बने हैं। कुल 8.71 करोड़ कार्ड बनने हैं, लेकिन विभिन्न जिलों में 2 करोड़ 86 लाख 40 हजार आयुष्मान कार्ड ही बन सके हैं। बुधवार को स्वास्थ्य सुरक्षा समिति के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी शशांक शेखर सिन्हा की अध्यक्षता में इस योजना की समीक्षा बैठक हुई। तय किया गया कि प्रत्येक माह आयुष्मान कार्ड बनाने में बेहतर प्रदर्शन करने वाले 5 जिलों को सम्मानित किया जाएगा। समीक्षा में पाया गया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए आयुष्मान कार्ड बनाने में पटना, मुजफ्फरपुर, मधुबनी, समस्तीपुर और सीवान ने लक्ष्य के विरुद्ध 180 प्रतिशत उपलब्धि हासिल की। इस योजना के तहत इलाज प्रदान करने और प्री. ऑथोराइजेशन में उत्कृष्ट प्रदर्शन में किशनगंज, औरंगाबाद, समस्तीपुर, पटना और मुजफ्फरपुर जिलों ने वार्षिक कार्य योजना में निर्धारित लक्ष्य से 130 प्रतिशत ज्यादा उपलब्धि हासिल की। मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी ने 2024-25 में निर्धारित लक्ष्य को पूरा करने के लिए आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया। समीक्षा के दौरान बताया गया कि राज्य में अब तक लगभग 1 करोड़ 36 लाख 50 हजार परिवारों और 2 करोड़ 86 लाख 40 हजार व्यक्तियों को आयुष्मान कार्ड जारी किया जा चुका है। इस योजना के तहत कुल 956 अस्पताल सूचीबद्ध हुए हैं। इनमें 586 सरकारी और 370 गैर सरकारी हैं। इस योजना से अब तक राज्य में लगभग 10 लाख लोग अस्पताल में भर्ती हुए। बिहार स्वास्थ्य सुरक्षा समिति द्वारा योजना के लाभार्थियों को बेहतर उपचार के लिए सूचीबद्ध अस्पतालों के नेटवर्क को बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। समीक्षा बैठक में सभी जिला कार्यक्रम समन्वयक (डीपीसी), जिला आईटी प्रबंधक (डीआईटीएम) और प्रोजेक्ट को ऑर्डिनेटर के साथ ही वित्त नियंत्रक, सभी निदेशक, राज्य स्तरीय प्रबंधक, चिकित्सा पदाधिकारी आदि मौजूद थे।

बिहार के अधिकांश जिलों में हॉट डे


# 29 अप्रैल तक हीट वेव को लेकर अलर्ट

**निज संवाददाता | पटना**

भीषण गर्मी से अभी लोगों को राहत नहीं मिलने वाली है। अगले 48 घंटे में 1 से 2 डिग्री तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की जा सकती है। इसे लेकर मौसम विभाग ने लोगों को दोपहर 12 बजे से 3 बजे के बीच बाहर नहीं निकलने की सलाह दी है। प्यास नहीं लगने पर भी पानी पीने, हल्के, ढीले और सूती कपड़े पहनने की सलाह दी गई है। अगले 30 अप्रैल तक राज्य का मौसम ऐसा ही रहेगा। इसके बाद ही इसकी गतिविधि सामान्य होगी। राज्य में 24 अप्रैल से 29 अप्रैल के दौरान दक्षिणी भागों के अधिकांश स्थानों पर लू, हीट वेव और उतरी भागों के एक या दो स्थानों पर लू, हीट वेव चलने की प्रबल संभावना है। इसे लेकर मौसम विभाग ने अलर्ट जारी किया है। सहरसा, सुपौल, गोपालगंज, सीवान, पूर्वी चंपारण, पूर्णिया, जिले के एक या दो स्थानों पर लू, हीट वेव की संभावना है। इसी तरह से ा सहरसा, सुपौल,गोपालगंज,सीवान,पूर्वी चंपारण, पूर्णिया जिले के एक या दो स्थान पर लू और गर्म हवाएं चलने की संभावना है। पटना समेत 23 जिलों का अधिकतम तापमान 40 डिग्री के पार रहा। सबसे ज्यादा गर्म शेखपुरा रहा। यहां का तापमान 42.8 डिग्री दर्ज किया गया। पटना का अधिकतम तापमान 40.7 डिग्री दर्ज किया गया। भागलपुर का अधिकतम तापमान 40.6, बांका का अधिकतम तापमान 42 डिग्री, किशनगंज का 38 डिग्री, कटिहार का 39.6 डिग्री, मुजफ्फरपुर का 39 डिग्री, गया का 40.8 डिग्री दर्ज किया गया।



BAYC Institute
स्थापित : 1972
बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज
गांधी सेतु लिंक पथ, बिस्कोमान कॉलोनी गोलम्बर के पूरब, पटना-7



नामांकन प्रारंभ | नियमित / पत्राचार कोर्स
डॉक्टर बनें — एक्युप्रेशर, योग, इलेक्ट्रोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन

DIPLOMA COURSE: DAT Acupressure Theapy | DAYS Acupressure Yoga Science | DY Yoga — अवधि : 02 वर्ष, योग्यता : 10th | DEMS Electrohomeopathy Medicine Science — अवधि : 02 वर्ष, योग्यता : 10th
DEGREE COURSE: MBBA Bachelor of Magnet & Acupressure | BAYS Bachelor of Acupressure Yoga Science — अवधि : 03 वर्ष, योग्यता : 10+2 | BEMS Bachelor of Electrohomeopathy Medicine Science | MBAS Bachelor of Medicine in ALT. Science — अवधि : 4½ वर्ष, योग्यता : 10+2
MD (Acu Yoga) | MD (TM) — अवधि : 01 वर्ष, योग्यता : मेडिकल ग्रेजुएट | MD (EH) — अवधि : 02 वर्ष, योग्यता : BEMS
BA (Yoga) | MA (Yoga) | Yoga Teacher Course
PROFESSIONAL: BLIS | MLIS | BBA | MBA
TRADITIONAL: BA | MA — HINDI | POLITICAL SCIENCE, SOCIOLOGY | HISTORY



Proposed Campus
Bihar State Govt. University & Central University UGC DEB MHRD Govt. of India Recognised
Direct Admission | Regular Classes | Online Classes | Experienced Faculties
» एक्यूप्रेशर चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था यथा गर्दन, कंधा, कमर, घुटना दर्द, गठिया, डायबिटिज आदि |



डॉ. अजय प्रकाश
सचिव

कॉलेज से उत्तीर्ण हजारों विद्यार्थी सरकारी संस्थानों, गैर सरकारी संस्थानों एवं निजी संस्थान खोलकर सेवा दे रहे हैं|

Apply Online : www.bayc.in



डॉ. सर्वदेव प्रसाद गुप्त
अध्यक्ष

9572607696, 9304942855, 9334278279
परीक्षा सूचना : एक्युप्रेशर, योग, इलेक्ट्रो होमियोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन, हर्बल मेडिसिन, कम्युनिटी मेडिकल कोर्स की परीक्षा शीघ्र प्रारम्भ होने वाली है| सम्बंधित छात्र/छात्राएं कॉलेज कार्यालय में संपर्क करें|
Email : baycpatna@gmail.com | Website : www.indianacupressure.com

मृतका के पिता ने दामाद और ससुराल पक्ष के लोगों पर अपनी बेटी के साथ मारपीट का आरोप लगाया

# फंदे से लटकता मिला विवाहिता का शव



**निज संवाददाता**

**तिलौथू (रोहतास)।** रोहतास के तिलौथू थाना क्षेत्र के भदोखरा ग्राम में एक नव विवाहिता महिला का शव फंदे से लटकते हुआ मिला। घटना के बाद से ससुराल पक्ष के लोग घर छोड़ कर फरार हो गए। घटना के पश्चात तुरंत इसकी सूचना ग्रामीणों ने स्थानीय पुलिस को दी। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर गुरुवार को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। जहां मृतका के पिता ने दामाद और ससुराल पक्ष के लोगों पर अपनी बेटी के साथ मारपीट का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि पहले बेटी का फोन आया कि उसके साथ मारपीट की गई है, फिर दो घंटे बाद उसके पति का फोन आया कि बेटी ने आत्महत्या कर ली है।

थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने बताया कि मृतका की पहचान कांति देवी (22) पति चंदन पासवान के रूप में हुई है। जिसका घर के अंदर फंदे से लटकता हुआ शव पाया गया। उस समय घर पर कोई मौजूद नहीं था। प्रथम दृष्टिया में पुलिस इसे आत्महत्या का मामला लग रहा है। जबकि मृतका के परिजनों का आरोप है कि उसकी हत्या की गई है। मोहल्ले वासियों ने बताया कि एक दिन पहले पति-पत्नी में किसी बात को लेकर झगड़ा भी हुआ था। परिजनों द्वारा लिखित आवेदन थाने में दिया गया है, जिसके आलोक में प्राथमिकी दर्ज की जा रही है। पुलिस मामले की पड़ताल में जुट गई है।

## तालाब में डूबने से मासूम बच्चे की मौत

**निज संवाददाता**

**चांद (कैमूर)।** कैमूर के चांद थाना क्षेत्र के पिपरिया गांव में खेलने के दौरान 8 वर्षीय बच्चा तालाब के गहरे पानी में चला गया जिससे डूब कर उसकी मौत हो गई। घटना के काफी देर बाद जब बच्चे की खोजबीन शुरू हुई तो बच्चे का शव तालाब में उपलाता दिखा। बच्चे के शव को तालाब से बाहर निकाल कर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां चिकित्सको ने मृत घोषित कर दिया। इसके बाद पुलिस कागजी कार्रवाई पूरा करते हुए पोस्टमार्टम करने के लिए शव को सदर अस्पताल भभुआ भिजवा दिया है। मृत बच्चा चांद थाना क्षेत्र के पिपरिया गांव निवासी वसंत कुमार का 8 वर्षीय पुत्र राजा कुमार है। वह दूसरी क्लास का छात्र था। 25 अप्रैल को बच्चे की बुआ की शादी होनी थी। अब बच्चे की मौत हो जाने से पूरे घर में मातम पसरा हुआ है।



बच्चे के चाचा रोहित कुमार ने बताया कि मेरे बड़े भाई बसंत कुमार का 8 वर्षीय बेटा राजा कुमार घर के बाहर खेल रहा था तभी खेलते हुए अचानक तालाब के पास पहुंच गया और देखते ही देखते वह तालाब में डूब गया, जिससे उसकी मौत हो गई है। जब उसकी खोजबीन शुरू की गई तो तालाब में डूबने की सूचना मिली। फिर उसको निकाल कर अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

# राष्ट्रवादी मेरे खून में है, राष्ट्रवादी मैं था, हूं और आजीवन रहूंगा : भोजपुरी एक्टर पवन सिंह

**निज संवाददाता**



**सासाराम (रोहतास)।** भोजपुरी सुपरस्टार पवन सिंह बिहार के काराकाट से निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हैं। इसे लेकर भाजपा सांसद मनोज तिवारी का बयान सामने आया था, जिसमें उन्होंने कहा था कि पवन सिंह उनके छोटे भाई हैं और वे राष्ट्रवादी हैं, लेकिन रास्ता भटक गए हैं। वो उन्हें समझाएंगे। मनोज तिवारी के इसी बयान पर पवन सिंह ने जवाब दिया है। पवन सिंह ने कहा कि मनोज तिवारी हमारे बड़े भाई हैं। मैं उनका सम्मान करता हूं, लेकिन लंबे समय से उनसे बात नहीं हुई है। जहां तक राष्ट्रवादी होने की बात है, तो वो मेरे खून में है। राष्ट्रवादी मैं था, हूं और आजीवन रहूंगा। उन्होंने कहा कि यहां कि जनता हमारी मालिक है। सब उन्हीं के हाथ में है। इनका आदेश जो होगा, मैं करूंगा। बाकी बैक होने का काम न मैंने जीवन में कभी किया हैं, न ही कर पाउंगा। पवन सिंह ने कहा कि उन्होंने चुनाव लड़ने का फैसला अपनी मां के कहने पर लिया है। अब यू-टर्न का सवाल नहीं है। पवन सिंह ने कहा कि काराकाट में फिल्म सिटी बनाना है। ताकि स्थानीय कला कारों, गायकों को मौका मिल सके। उन्होंने कहा कि इससे स्थानीय कलाकार अपनी प्रतिभा दिखा पाएंगे। लोगों को रोजगार मिल पाएगा। पवन सिंह ने कहा कि यह उनकी तीसरी पारी है। गायक, एक्टर के बाद अब काराकाट की जनता के सेवा के लिए आया हूं। जनता ही मालिक है।

बता दें कि पवन सिंह पिछले दिनों से काराकाट लोकसभा क्षेत्र में लगातार जनसंपर्क कर रहे हैं। इसी क्रम में वो औरंगाबाद के दाउदनगर पहुंचे थे, जहां उन्होंने यह बातें कही है। पवन सिंह ने कहा कि शाहाबाद क्षेत्र में काराकाट ही एक ऐसा जगह है जहां विकास नहीं हुआ है। जबसे मैंने ट्वीट किया है, तब से मैं क्षेत्र के बड़े-बुजुर्गों से लेकर चाचा-भतीजा से यह सुन रहा हूं कि यहां जब काम आता है तब लोग आते हैं।

उस टाइम के लिए सिर्फ चाचा-भतीजा बोलते हैं, इसके बाद कोई नजर नहीं आता है। पवन सिंह ने कहा कि अपने हाथों से लोग दिखाते भी हैं कि यहां कुछ विकास नहीं हुआ है। ये बंजर है, ये सूखा पड़ा है। तभी से मैं सोच लिया हूं कि मैं काराकाट से चुनाव लड़ूंगा। जब मां ने यह कह कर भेजा है कि मैंने अपना बेटा काराकाट को सौंप दिया है, तो मुझे मेहनत करना है। मुझे जनता का आशीर्वाद चाहिए। मैं यहां का बेटा बनकर ही रहूंगा और बेटा बनकर ही विकास करूंगा।

# सात साल की बच्ची से रेप, नाबालिग गिरफ्तार

**निज संवाददाता**




**सासाराम (रोहतास)।** रोहतास के नौहट्टा थाना क्षेत्र के एक गांव में सात साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। जिसमें पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गुरुवार को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया। घटना मंगलवार के देर शाम की बताई जाती है। मामले में पीड़िता की मां ने एफआईआर बुधवार को देर शाम को दर्ज कराया था। नौहट्टा थानाध्यक्ष कमालुद्दीन ने बताया कि परिजनों के अनुसार लड़की मंगलवार को अपने घर मे खेल रही थी। खेलते-खेलते वह पड़ोसी आरोपी के घर में चली गई। उसके घर मे कोई नहीं था। लड़कियों को अकेली देख पड़ोसी ने उसके साथ गलत काम किया। जिसके बाद लड़की खुन से लथपत स्थिति में रोते-रोते घर पहुंची। जहां उसकी मां ने उसके सारे कपड़े धोए और बुधवार को थाना पहुंची। थानाध्यक्ष कलामद्दीन ने बताया कि न्यायालय के आदेश आने पर लड़की का मेडिकल कराया जाएगा। बताया कि आरोपी की उम्र भी 18 साल से कम है। उसे गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## युवक ने पिटाई के मामले को लेकर थाने में आवेदन

**मोहनिया (कैमूर) (नि.सं.)।** मोहनिया थाना क्षेत्र के बरैथा गांव के युवक देवेंद्र राम ने अपने साथ हुई मारपीट को लेकर अपने ही गांव के कुछ लोगों के विरुद्ध आवेदन मोहनिया थाने में दिया है। थाने को दिए आवेदन में घायल युवक ने बताया है कि मंगलवार को उसके ही गांव के एक युवक ने मेरे पिता को कार से धक्का मार दिया। जिसे देख मैं दौड़कर मौके पर पहुंचा और घटना का कारण पूछा तो एक परिवार के लोग उलझ गए और मुझे लोहे से पीटकर घायल कर दिए। इसके अलावे करीब 22 हजार रुपए नगद व एक सोने की चेन भी लेकर फरार हो गए।

# जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीएम ने प्रखंड विकास पदाधिकारियों व अंचल अधिकारियों के साथ की बैठक

**निज संवाददाता**



**सासाराम (रोहतास)।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीएम नवीन कुमार द्वारा काराकाट लोक सभा निर्वाचन क्षेत्रांतर्गत औरंगाबाद जिले में पड़ने वाले विधान समा क्षेत्र गोह, ओबरा एवं नवीनगर विधान समा क्षेत्रों के सहायक निर्वाची पदाधिकारियों एवं संबंधित सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों एवं अंचल अधिकारियों के साथ बैठक की गई। जिसमें लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में कराये जाने वाले चुनाव की तैयारियों आदि की विस्तृत रुप से एजेन्डावार समीक्षा की गयी। डीएम द्वारा सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों एवं अंचल अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि अपने-अपने क्षेत्रांतर्गत सभी मतदान केन्द्रों का आधा-आधा करके भौतिक सत्यापन करना सुनिश्चित करें। सभी मतदान केन्द्रों पर निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सभी आधारभूत संरचनाएं एवं सुविधाओं को उपलब्ध करा दिया गया है। उक्त कार्य 30 अप्रैल तक निश्चित रुप से करना सुनिश्चित करें। डीएम ने कहा कि जिन-जिन मतदान केन्द्रों पर पूर्व में 40 प्रतिशत से कम मतदान हुआ है, उनसे संबंधित बीएलओ के साथ बैठक कर मतदान प्रतिशत में वृद्धि कराये जाने के लिए प्रेरित किया जाय तथा उक्त कार्य के लिए संबंधित बाल विकास परियोजना पदाधिकारियों, आशा कार्यकर्ताओं, जीविका दीदी, विकास मित्रों, कर्मचारियों को मतदाताओं के बीच मतदान करने के लिए जागरुकता अभियान चलाया जाना सुनिश्चित करें। मतदान केंद्रों को 30 तक दुरुस्त करें सभी मतदान केन्द्रों का रंग-रोगन, साफ-सफाई, निर्वाचन आयोग के निदेशानुसार सभी आवश्यक सूचनाओं आदि दीवाल लेखन आदि कार्यों को दिनांक 30 अप्रैल तक निश्चित रुप से पूर्ण करवाना सुनिश्चित करें। सभी उड़नदस्ता दलों के पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे अपना एक वाट्सएप ग्रुप बनाते हुये एक दूसरे से सम्पर्क बनाये रखना सुनिश्चित करें। सभी सहायक निर्वाची पदाधिकारियों एवं प्रखंड विकास पदाधिकारियों तथा अंचल अधिकारियों को निदेश दिया गया कि मतदान प्रतिशत को बढ़ाये जाने हेतु अधिक से अधिक मतदाता जागरुकता अभियान के प्रचार-प्रसार अपने-अपने क्षेत्रों में कराना सुनिश्चित करेंगें। आचार संहिता के दौरान यह न करें मतदाता को कोई प्रलोभन नहीं दें। निर्वाचकों की जातीय/सांप्रदायिक भावनाओं को नहीं भड़काएं। ऐसी कोई भी गतिविधि नहीं की जाएगी, जिससे विभिन्न जातियों, समुदायों अथवा धार्मिक या भाषाई समूहों के बीच मौजूदा मतभेद बढ़ सकते हों अथवा उनके बीच आपसी घृणा या तनाव पैदा हो सकता हो। अन्य दलों के नेताओं या कार्यकर्ताओं के निजी जीवन के किसी भी ऐसे पहलू की आलोचना करने की अनुमति नहीं दी जाएगी जो सार्वजनिक गतिविधियों से जुड़ा हुआ न हो। पार्टियों के लिए मैनुअल भी जारी चुनाव में वोट हासिल करने के लिए राजनीतिक दल व उम्मीदवार अनैतिक तरीके न अपनाएं, इसके लिए चुनाव आयोग ने राजनीतिक पार्टियों तथा प्रत्याशियों को सख्ती से आचार संहिता का सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए हैं। इसका उल्लंघन करने पर संबंधित के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी। आयोग ने पार्टियों के लिए मैनुअल भी जारी किया है। आयोग पोस्टर और बैनर के साथ ही नेताओं के भाषणों और इंटरनेट मीडिया पर किए जा रहे पोस्ट पर भी नजर रख रहा है। जुलूस, रैली, सभाओं के लिए भी नियम तय किए गए हैं। राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने सभी राजनीतिक दलों एवं प्रत्याशियों से भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लागू की गई आदर्श आचार संहिता के अनुपालन की अपील की है।

सभी प्रखंडों में मनाया गया विश्व मलेरिया दिवस, चला जागरूकता अभियान

# विश्व मलेरिया दिवस पर सासाराम सदर अस्पताल में मनाया गया जागरूकता अभियान

- सदर अस्पताल में मलेरिया से मुक्ति का चिकित्सकों ने ली शपथ

**निज संवाददाता**



**सासाराम (रोहतास)।** रोहतास के मलेरिया बीमारी कभी-कभी जानलेवा साबित होती है। यह संक्रमित मच्छरों के काटने से फैलता है। अगर समय से जांच न कराए तो यह खतरनाक साबित होती है। उक्त बातें गुरुवार को विश्व मलेरिया दिवस पर सासाराम सदर अस्पताल में जागरूकता अभियान के दौरान एसीएमओ डॉ अशोक कुमार ने कहा। डॉ अशोक कुमार ने कहा कि मलेरिया बीमारी को जन जागरूकता से खत्म किया जा सकता है। उन्होंने लोगों से भी अपील की है कि मलेरिया के लक्षण दिखने पर अपने नजदीकी सरकारी अस्पतालों में जांच जरूर कराएं। उन्होंने बताया कि मलेरिया की जांच और इलाज पूरी तरह से निशुल्क है। इसके पूर्व मलेरिया दिवस के अवसर पर सदर अस्पताल स्थित OPD के सभा कक्ष में शपथ समारोह का आयोजन किया गया। इसमें जिले को मलेरिया मुक्त करने का शपथ लिया गया। साथ ही ओपीडी सहित अन्य विभागों में भी लोगों के बीच जन जागरूकता अभियान चलाया गया। लोगों को मलेरिया के लक्षण और इलाज के बारे में बताया गया। मौके और अस्पताल उपाधीक्षक डॉ पी.के कनौजिया, VDCO जय प्रकाश गौतम, कुमारी मानसी भारती, गौरव कुमार, संजीत राय, रौशन कुमार सिंह, मनो-चिकित्सक डॉ विप्लव कुमार, पिरामल स्वास्थ्य के सरोज कुमार दुबे, एड्स विभाग के परामर्शी डॉ.धर्मवीर कुमार सिंह, प्रिय कुमारी, राजेंद्र सिंह के अलावा गोपाल सिंह, प्रकाश उपाध्याय, सत्री कुमार, गौतम राज सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य कर्मी मौजूद रहे। विश्व मलेरिया दिवस पर जिले के विभिन्न प्रखंडों में शपथ कार्यक्रम के साथ-साथ जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सासाराम प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भी जन जागरूकता अभियान चलाया गया। एमओआईसी डॉ.आशित रंजन ने बताया कि मलेरिया को लेकर लगातार लोगों को जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सासाराम प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में मलेरिया जांच भी मौजूद है। मौके पर बीएचएम प्रवीण कुमार, बीसीएम ममता कुमारी, बीएमएनई दीपक कुमार, बीएमसी उमा शंकर, सीसीएच विमल कुमार संतोष सहित एएनएम में शुशील कुमारी, अंजया कुमारी, रेणु कुमारी, रागिनी वर्मा सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहें।

## पुलिस ने गोलीबारी करने के मामले में एक अपराधी को किया गिरफ्तार



**निज संवाददाता**

**जहानाबाद।** गया-पटना रेलखंड पर 18 मार्च को बेला स्टेशन पर कुछ अपराधियों ने एक यात्री से मोबाइल और रुपए छिनने का प्रयास किया था। तभी यात्री ने हंगामा किया। जिसके कारण अपराधी अपने मकसद में सफल नहीं हुआ। बड़ी संख्या में लोग इकट्ठे हो गए। भीड़ को तीतर-बीतर करने के लिए अपराधियों ने कई राउंड फायरिंग की थी। इस सिलसिले में रेल थाने की पुलिस ने पीड़ित व्यक्ति के बयान पर पांच नामजद और चार अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया था। रेल थाने की पुलिस ने इस कांड में प्राथमिक अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही थी। जीआरपी के थाना अध्यक्ष दीप नारायण यादव ने बताया कि हम लोगों को गुप्त सूचना मिली कि विक्रम कुमार उर्फ बिल्ला सरैन गांव का निवासी है जो इस कांड में अभियुक्त था। अपने घर पर है। छापेमारी की गई जहां से इसे गिरफ्तार कर लिया गया है। थाना अध्यक्ष ने बताया कि इस कांड में जो भी अभियुक्त हैं, उन्हें जल्द से जल्द गिरफ्तार करने की कार्रवाई की जा रही है।

## लड़की भागने के आरोप में युवक गिरफ्तार

**निज संवाददाता**

**चैनपुर(कैमूर)।** थाना क्षेत्र के एक गांव से शादी की नीयत से भगाई गई लड़की को पुलिस ने उसके प्रेमी के साथ 24 घंटे के भीतर बरामद कर लिया। उक्त के मामले में थानाध्यक्ष विजय प्रसाद ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी की मेडिकल जांच के बाद न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## भगवान हनुमान की प्रतिमा की प्राणप्रतिष्ठा को लेकर शोभायात्रा

**नोखा (रोहतास) (नि.सं.)।** नोखा नगर पर्षद के अंतर्गत रामपुर वार्ड नं.-5 स्थित महावीर मंदिर में भगवान हनुमान की प्रतिमा की प्राणप्रतिष्ठा समारोह के तहत शहर में जलभरी शोभायात्रा निकाली गयी। गाजे-बाजे के साथ निकली जलभरी शोभायात्रा में हाथी घोड़े ऊंट बैंड बाजे के साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालु महिला-पुरुष शामिल हुए,जो लगातार जय श्रीराम के नारा लगाते रहे। जय श्रीराम के नारे से नोखा शहर गूंजता रहा। यह कलश यात्रा रामपुर गांव के पास चौसा नहर स्थित महावीर मंदिर के पास यज्ञ स्थल से निकलकर शिवपुर आरा सासाराम मुख्य पथ नासरीगंज मोड़ स्टेशन रोड, बस स्टैंड, गोला रोड़, मुख्य बाजार, थाना मोड़, हनुमानगढ़ी, अलीजान चौक और गढ़ मोड़ भ्रमण करते हुए सूर्य मंदिर तालाब पर पहुंचा। यहां आचार्य संत परम पूज्य सिद्धश्री श्याम सुन्दर जी महाराज उर्फ लकड़ियां बाबा वैदिक मंत्रोच्चार से माँ गंगे की पूजा अर्चना कर जहां से जल लेकर श्रद्धालु मंदिर वापस लौटे। भाजपा नेता रमेश चौहान ,रामदेव सिंह,रामायण सिंह, रामचन्द्र सिंह, योखन सिंह, नंदू सिंह, श्रीभगवान सिंह उर्फ साधु राजा चौहान, अनिल चौहान, कमलेश सिंह, उमेश सिंह, तेज नारायण, लाला साधु, भिखर चौहान अमवार सिंह, अरविंद चौहान, उमेश चौहान,मुन्ना सिंह,दुर्गा सिंह, अनंत चौहान केश नाथ यादव सहित कई लोग शामिल थे। जगह जगह पर की गई थी शरबत की व्यवस्था जलभरी यात्रा के दौरान जगह जगह पर सामजिक कार्यकर्ताओं के द्वारा रास्ते में श्रद्धालुओं के लिए शर्बत पानी का भी व्यवस्था किया गया था। जलभरी यात्रा की समाप्ति के बाद भगवान हनुमान जी की प्रतिमा की शोभायात्रा निकली,जो शहर के विभिन्न मार्गों से गुजरी।प्रतिमा का जगह-जगह भव्य स्वागत हुआ।

# नई दिल्ली, पुणे, मुंबई, रतलाम एवं साबरमती के लिए स्पेशल ट्रेन के एक-एक फेरे का परिचालन

**निज संवाददाता**

**हाजीपुर (वैशाली)।** यात्रियों की अत्याधिक भीड़ के मद्देनजर रेलवे द्वारा कई स्पेषल ट्रेन का परिचालन किया जाएगा जिनका विवरण निम्नानुसार है। 1. गाड़ी संख्या 02250 दिल्ली-पटना आरक्षित सुपरफास्ट समर स्पेशल- गाड़ी संख्या 02250 दिल्ली-पटना सुपरफास्ट समर स्पेशल दिनांक 27.04.2024 को दिल्ली से 19.30 बजे खुलकर अगले दिन 11.15 बजे पटना पहुंचेगी । इस स्पेषल में तृतीय वातानुकूलित इकॉनोमी श्रेणी के 20 कोच होंगे। 2. गाड़ी संख्या 02249 पटना-दिल्ली आरक्षित सुपरफास्ट समर स्पेशल- गाड़ी संख्या 02249 पटना-दिल्ली सुपरफास्ट समर स्पेशल दिनांक 28.04.2024 को पटना से 13.00 बजे खुलकर अगले दिन 04.15 बजे दिल्ली पहुंचेगी। इस स्पेषल में तृतीय वातानुकूलित इकॉनोमी श्रेणी के 20 कोच होंगे। 3. गाड़ी संख्या 04035 पटना-नई दिल्ली अनारक्षित स्पेशल- गाड़ी संख्या 04035 पटना-नई दिल्ली अनारक्षित स्पेशल दिनांक 26.04.2024 को पटना से 21.30 बजे खुलकर डीडीयू, प्रयागराज, कानपुर सेंट्रल के रास्ते अगले दिन 15.00 बजे नई दिल्ली पहुंचेगी। 4. गाड़ी संख्या 04051 दरभंगा-नई दिल्ली अनारक्षित स्पेशल- गाड़ी संख्या 04051 दरभंगा-नई दिल्ली अनारक्षित स्पेशल दिनांक 26.04.2024 को दरभंगा से 20.30 बजे खुलकर समस्तीपुर, मुजफ्फरपुर, हाजीपुर, गोरखपुर के रास्ते अगले दिन 20.00 बजे नई दिल्ली पहुंचेगी। 5. गाड़ी संख्या 04037 सहरसा-नई दिल्ली अनारक्षित स्पेशल- गाड़ी संख्या 04037 सहरसा-नई दिल्ली अनारक्षित स्पेशल दिनांक 27.04.2024 को सहरसा से 07.00 बजे खुलकर बरौनी, समस्तीपुर, मुजफ्फरपुर, हाजीपुर, गोरखपुर के रास्ते अगले दिन 07.00 बजे नई दिल्ली पहुंचेगी। 6. गाड़ी संख्या 09138 भागलपुर-रतलाम स्पेशलः गाड़ी संख्या 09138 भागलपुर-रतलाम स्पेशल दिनांक 27.04.2024 को भागलपुर से 15.45 बजे खुलकर 21.40 बजे पटना जं. रूकते हुए डीडीयू-प्रयागराज-कानपुर-बीना-उज्जैन के रास्ते 28.04.2024 को 23.00 बजे रतलाम पहुंचेगी। 7. गाड़ी संख्या 09030 दानापुर-रतलाम स्पेशलः गाड़ी संख्या 09030 दानापुर-रतलाम स्पेशल दिनांक 27.04.2024 को दानापुर से 14.00 बजे खुलकर डीडीयू-प्रयागराज- कानपुर-बीना-उज्जैन के रास्ते 28.04.2024 को 16.00 बजे रतलाम पहुंचेगी। 8. गाड़ी संख्या 09478 पटना-साबरमती स्पेशलः गाड़ी संख्या 09478 पटना-साबरमती स्पेशल दिनांक 27.04.2024 को पटना से 11.30 बजे खुलकर डीडीयू-वाराणसी- लखनऊ-कानपुर-आगरा-जयपुर के रास्ते 28.04.2024 को 19.40 बजे साबरमती पहुंचेगी। 9. गाड़ी संख्या 01011 एलटीटी-दानापुर स्पेशलः गाड़ी संख्या 01011 एलटीटी-दानापुर स्पेशल दिनांक 26.04.2024 को एलटीटी, मुंबई से 10.30 बजे खुलकर 27.04.2024 को 19.00 बजे दानापुर पहुंचेगी। 10. गाड़ी संख्या 01012 दानापुर-एलटीटी स्पेशलः गाड़ी संख्या 01012 दानापुर-एलटीटी स्पेशल दिनांक 27.04.2024 को दानापुर से 21.45 बजे खुलकर 29.04.2024 को 04.50 बजे एलटीटी, मुंबई पहुंचेगी। 11. गाड़ी संख्या 01013 पुणे-दानापुर स्पेशलः गाड़ी संख्या 01013 पुणे-दानापुर स्पेशल दिनांक 27.04.2024 को पुणे से 19.55 बजे खुलकर 29.04.2024 को 04.30 बजे दानापुर पहुंचेगी। 12. गाड़ी संख्या 01014 दानापुर-पुणे स्पेशलः गाड़ी संख्या 01014 दानापुर-पुणे स्पेशल दिनांक 29.04.2024 को दानापुर से 06.30 बजे खुलकर 30.04.2024 को 17.35 बजे पुणे पहुंचेगी।

**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, पलामू**

**निविदा रद्द करने हेतु सूचना**

पलामू जिला के मनातू प्रखण्ड अन्तर्गत चक पंचायत में एकहारा और करमाही के बीच करमाही नदी पर पुल निर्माण, जिसका निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–**EE/RDSD/PALAMAU-05/2023-24/GR-02** है तथा जिसका P. R. संख्या 315621 (Rural Development) 23-24 (D) था। मुख्य अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र धुर्वा, राँची का पत्रांक 801 दिनांक 18.04.2024 से प्राप्त निदेश के आलोक में उपरोक्त वर्णित निविदा को रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल
पलामू

PR 324087 District(24-25)#D

जिला समादेष्टा झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी का कार्यालय, लातेहार ।

**सूचना**

लातेहार जिला अन्तर्गत वैसे गृह रक्षक जो 57 वर्ष से ज्यादा होने के कारण पुनः नामांकन में आयोग्य हो गए थे किन्तु जिनका उम्र सीमा वर्तमान समय में 59 वर्ष से अधिक न हो वैसे गृह रक्षकों को सूचित किया जाता है कि झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी मुख्यालय, राँची के आदेशानुसार उक्त गृह रक्षकों का पुनः नामांकन किया जाना है।

अतः वैसे गृह रक्षक जो वर्तमान समय में 57 वर्ष से 59 वर्ष के आयु के हो और पुनः नामांकन हेतु इच्छुक हो वो नामांकित स्थल पर निर्धारित तिथि को पुर्ण वर्दी में दो पासपोर्ट साइज का रंगीन फोटो (वर्दी में) गृह रक्षक प्रमाण–पत्र तथा आवासीय प्रमाण–पत्र मूल रूप मे एवं सभी का स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति साथ लेकर उपस्थित होगें।

| स्थल | दिनांक | समय |
|---|---|---|
| झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी कार्यालय, लातेहार ( न्यु पुलिस केन्द्र, लातेहार में स्थित) | 29.04.2024 | 10:00 बजे से 17:00 बजे तक |

उपरोक्त तिथि के पश्चात् उपस्थित होने वाले गृह रक्षकों पर कोई विचार नही किया जाएगा।

पुलिस उपाधीक्षक (मु0),
–सह– जिला समादेष्टा,
झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, लातेहार।

PR 324078 Police(24-25)D

## संक्षिप्त समाचार

### दो मृतकों की नहीं हो सकी है पहचान, हादसा और सुसाइड का है मामला, 17 घंटे बाद होगा अंतिम संस्कार

**गया**। गया में बीते मंगलवार को जिले के फतेहपुर थाना क्षेत्र में हुई तीन मौत में से दो मृतकों की अब तक पहचान नहीं हो सकी है, जबकि उन दोनों की मौत के 40 घंटे से अधिक बीत चुके हैं। हालांकि पुलिस की ओर से क्षेत्र के कई वाट्सएप ग्रुप में पहचान के लिए मैसेज छोड़ा गया है। बावजूद इसके अब तक उन दोनों में से एक की भी शिनाख्त कर के लिए आगे कोई नहीं आया है। खास बात यह भी 72 घंटे बिट जाने के बाद पुलिस उन दोनों की लाश को लावारिश घोषित करते हुए अंतिम संस्कार करवा देगी। फिलहाल दोनों का शव पहचान के इंतजार में सुरक्षित रखा हुआ है। गौरतलब है कि मंगलवार को सुबह से शाम तक फतेहपुर में तीन मौत हुई थी। तीन में से दो सुसाइड का मामला था, तो तीसरे को पुलिस हादसा मान कर अब तक चल रही है। सुसाइड करने वालों में से एक महिला थी जिसकी पहचान तो गई थी। उसने अपने किराए के मकान में फांसी लगा ली थी। वहीं दूसरा मामला रेलवे ट्रैक पर युवक द्वारा सुसाइड किए जाने से जुड़ा है जिसकी पहचान अब तक नहीं हो सकी है। तीसरा मामला वजीरगंज मुख्य मार्ग के बरहोरिय गांव के निकट पुलिया के नीचे वृद्ध का शव का मिलना है। इसे ही पुलिस हादसा मान रही है। पुलिस का कहना है कि पुलिया के ऊपर से बुजुर्ग गिर गया होगा और उसकी मौत हो गई। यदि ऐसा होता तो बुजुर्ग की अब तक पहचान हो गई होती। क्योंकि उस पुलिया से क्रास करने वाला बुजुर्ग इलाके का ही होगा न कि जिले के दूसरे प्रखण्ड या फिर जिले के बाहर से आया होगा। अब तक न तो बुजुर्ग की ही और न ही रेलवे ट्रैक के पास सुसाइड करने वाले युवक की पहचान हो सकी है। इधर थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार का कहना है कि पुलिस अपने स्तर से दोनों शवों की पहचान में जुटी है। पुलिस दोनों ही मामले में छानबीन भी कर रही है। ताकि कुछ सुराग मिले और आगे की कार्रवाई की जा सके।

### गैंगरेप मामले में कोर्ट ने 10 अभियुक्तों को दोषी पाया

**गया**। सामूहिक दुष्कर्म के मामले में बुधवार को कोर्ट में 10 अभियुक्तों को दोषी करार दिया । पॉक्सो कोर्ट के विशेष जज असिताभ कुमार की अदालत ने उनलोगों की सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 6 मई की तिथि निर्धारित की है । कोर्ट ने अभियुक्त श्री चंद , प्रकाश रविदास , गुड्डू मांझी , पिंटू रविदास , बबलू रविदास , सौरभ कुमार , संजय कुमार सहित अन्य को दोषी पाया । इस मामले में पॉक्सो कोर्ट के विशेष लोक अभियोजक कैसर सरफुद्दीन ने बहस की ।घटना 25 अगस्त 2018 की है । उस दिन मुफस्सिल थाना क्षेत्र के एक गांव में पीड़िता के साथ अभियुक्तों ने सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था ।घटना की सूचना के पश्चात मुफस्सिल थाना की पुलिस ने अभियुक्तों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज की थी । मामले में पीड़िता एवं उसके परिजन अनुसंधानक , चिकित्सक सहित ग्यारह लोगों की गवाही अभियोजन की ओर से कराई गई थी । मामला मुफस्सिल थाना कांड संख्या 356 / 18 से संबंधित है ।

### वाउचर न देने वाले एचएम का रुकेगा वेतन

**गया**। बेंच-डेस्क की खरीददारी करके मेन वाउचर नहीं देने वाले हेडमास्टरों का अप्रैल माह का वेतन स्थगित कर दिया जाएगा। इस बाबत स्कूलों को तीसरा स्मार पत्र भेजा गया है। गया जिला में 350 प्राइमरी, मध्य व माध्यमिक विद्यालयों में वित्तीय वर्ष 2023-24 अंतर्गत बेंच-डेस्क की खरीददारी के लिए 5.75 करोड़ रुपए भेजे गए थे। लेकिन हेडमास्टरों ने इसकी खरीददारी करने के बाद आज तक जिला कार्यालय को मेन वाउचर उपलब्ध नहीं कराए हैं। जबकि इसके लिए कई बार पत्र के जरिए निर्देश भेजा गया और शोकॉज भी किया गया। बावजूद इसके अभी तक अधिकांश विद्यालयों ने मेन वाउचर उपलब्ध नहीं कराए हैं। जिला कार्यक्रम पदाधिकारी योजना व लेखा ने इसे सरकारी कार्य के प्रति उदासीनता व उच्चाधिकारियों के आदेश की अवहेलना मानते हुए इस बाबत निर्देश जारी किए हैं। इसके लिए योजना संभाग में 24 अप्रैल से 27 अप्रैल तक कैंप लगाया गया है। संबंधित हेडमास्टरों को हर हाल में निर्धारित तिथि तक मेन वाउचर जमा करने का निर्देश दिया गया है। वाउचर नहीं देने वाले हेडमास्टरों का माह अप्रैल 2024 का वेतन स्थगित करने की कार्रवाई शुरू कर दी जाएगी।

### कुएं से युवक का शव बरामद, दो दिन से था लापता, 22 अप्रैल की शाम निकला था घर से

**भागलपुर**। भागलपुर के सुलतानगंज थाना क्षेत्र के मिरहट्टी गांव में 22 अप्रैल से लापता एक युवक का लाश गांव के ही ब्राह्मण टोला के ठाकुरवाडी कुआं में बरामद हुआ। स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर छानबीन में जुट गई है। ममले को लेकर बताया जा रहा है कि 22 अप्रैल को युवक लापता हो गया था। परिजनों ने काफी खोजबीन किया लेकिन कोई अता-पता नहीं चला। 24 अप्रैल की देर रात युवक को शव कुएं से बरामद किया गया। इधर, घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजन व स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं दर्जनों की संख्या में ग्रामीणों घटनास्थल पर पहुंचे। मरने वाले की पहचान मीरहटीगांव निवासी दिलकश बिंद के पुत्र विराट कुमार के रूप में हुई है। विराट 22 अप्रैल की देर शाम 7:00 बजे घर से लापता हुआ था इसके बाद उसका कोई अता पता नहीं चला परिजनों ने काफी खोजबीन की लेकिन कोई जानकारी नहीं लगी। इधर घटना की सूचना मिलने के बाद सुलतानगंज पुलिस मौके पर पहुंच कर सबको अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने की तैयारी में है। मामले को लेकर सुलतानगंज थाना अध्यक्ष प्रयनिरंजन ने बताया कि पूरे मामले की जांच की जा रही है।

### जच्चा-बच्चा की मौत, एएनसी स्वास्थ्य जांच कटघरे में

**मुंगेर**। आम लोगों को बेहतर स्वास्थ्य व्यवस्था का दावा करने वाले सदर अस्पताल में बुधवार को जच्चा-बच्चा की मौत ने स्वास्थ्य विभाग के कार्यशैली पर फिर एक बाद सवालिया निशान लगा दिया है। जच्चा-बच्चा की मौत के बाद जहां परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। वहीं दोनों की मौत को लेकर प्रत्येक माह जिले में स्वास्थ्य विभाग द्वारा सुरक्षित मातृत्व को लेकर संचालित एएनसी जांच भी कटघरे में खड़ा हो चुका है। क्योंकि मृतक प्रसूता का पूरे 9 माह के गर्भ के दौरान एक भी एएनसी जांच स्वास्थ्य विभाग द्वारा नहीं कराया गया था। जबकि संबंधित क्षेत्र के आशा की जिम्मेदारी होती है कि वह प्रत्येक गर्भवती को एएनसी जांच शिविर में लाए। दशरथपुर बोरना निवासी मनोहर मांझी की 32 वर्षीय पत्नी उषा देवी को प्रसव पीड़ा होने पर परिजन बुधवार की सुबह धरहरा पीएचसी ले गए। जहां से गर्भवती उषा देवी को सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया था। जिसके बाद परिजनों द्वारा सुबह 8.40 बजे उषा देवी को सदर अस्पताल के प्रसव वार्ड में एडमिट कराया गया। जहां सुबह 9.08 बजे उषा देवी की नार्मल डिलेवरी हुई। नार्मल डिलेवरी के दौरान मृत बच्ची पैदा हुई। प्रसव के बाद उषा देवी की स्थिति सामान्य होने पर उसे लेबर रूम से प्रसव वार्ड में शिफ्ट कर दिया गया था। लेकिन करीब डेढ़ घंटा बाद उषा देवी का शरीर अचानक शिथिल पड़ गया। परिजनों ने चिकित्सक को इसकी जानकारी दी, जिसके बाद डॉ. अर्चना वहां पहुंची, जहां प्रसूता गैसपीन में थी। उसे आवश्यक दवाई एंटीबायोटिक, डेरीफाइलिन, डेक्सोना सहित अन्य दवा देकर उपचार किया गया, लेकिन तबतक 11.20 बजे प्रसूता की मौत हो गयी। प्रसव वार्ड की इंचार्ज नर्स कि मानें तो उषा देवी को परिजन सुबह 8.40 बजे प्रसव वार्ड में भर्ती कराया। उसे चौथा बच्चा होने वाला था। लेकिन प्रसव पूर्व होने वाले 4 एएनसी जांच में से एक भी एएनसी जांच उसकी नहीं कराई गई थी। सुबह ड्यूटी पर मौजूद डा. अलका और स्टाफ नर्स प्रीति प्रिया की मौजूदगी में महिला का नार्मल डिलेवरी कराया गया।

### गया में शॉर्ट सर्किट से लगी आग

**गया**। गया जिले के टिकारी अनुमंडल अंतर्गत कोंच प्रखंड के बैकटपुर गांव में अलगली की घटना हुई है। इस घटना में घर को चपेट में ले लिया है। आग की लपटें इतनी तेज़ थी कि घर के दूसरे कमरे में भी आग पकड़ लिया। इस दौरान कमरे में रखे शादी-विवाह और अन्य कार्यक्रमों के लिए डेकोरेशन का सारा समान जलकर राख हो गया। आगजनी की इस घटना में पीड़ित ग्रामीण अच्युतानंद सिंह का डेकोरेशन का सारा सामान जलने से लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट बताई जा रही है। अग्निशमन विभाग को भी आग लगने की सूचना दी गई थी, लेकिन फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर नहीं पहुंच सकी। गांव वालों के सहयोग से किसी तरह आग पर काबू पा लिया गया।

## पूर्व CM मांझी ने असदुद्दीन ओवैसी के बयान पर किया पलटवार

# कहा- 4 जून को जनता का फैसला आएगा, PM बनेंगे मोदी

निज संवाददाता। गया



असदुद्दीन ओवैसी ने कहा था कि 26 अप्रैल को जुमे का दिन है, इस दिन शैतानी ताकतें कामयाब नहीं होंगी। वहीं इस बयान पर प्रतिक्रया देते हुए पूर्व CM जीतन राम मांझी ने कहा है कि ऐसा कहने वाले को खुद के गिरेबान में झांककर देखना चाहिए। उन्हें खुद सोचना चाहिए कि कौन शैतान है। किसी एक व्यकि के कहने से कोई शैतान नहीं होता है। देश की जनता महान है वह खुद फैसला करती है, कि कौन शैतान है। यह देश का सौभाग्य है कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में NDA गठबंधन जीतने जा रहा है। देश मे नरेंद्र मोदी को भारी समर्थन मिल रहा है। इसके पीछे चौतरफा विकास है। मांझी ने कहा कि 4 जून को जनता फैसला आ जाएगा और नरेंद्र मोदी फिर से देश के प्रधानमंत्री होंगे। यह बातें पूर्व मुख्यमंत्री जीनत राम मांझी ने गया के इमामगंज में कहीं। वो अपने विधानसभा में किसी शादी समारोह में शरीक होने आए थे। मांझी गया लोकसभा क्षेत्र से NDA के प्रत्याशी भी हैं। पहले चरण में 19 अप्रैल को गया में मतदान हो चुका है।

**बुधवार को ओवैसी ने दिया था बयान**: दरअसल, बुधवार को ओवैसी ने खुले मंच से कहा था कि 26 अप्रैल को जुमा है। इस दिन शैतानी ताकतें कामयाब नहीं होंगी। लिहाजा जुमे की नमाज के पहले और बाद में जमकर वोट करें। ओवैसी का यह बयान काफी चर्चा में है। उन्होंने कहा कि कौन शैतान है और कौन नहीं यह निर्णय जनता लेती है। किसी के कह देने से कोई शैतान नहीं हो जाता है। ऐसा कहना भी उचित नहीं है। देश की जनता निर्णय लेगी कि कौन क्या है। वहीं पूर्णिया के मसले पर जीतनराम ने कहा कि कल ही मैं पूर्णिया से लौट कर आया हूँ। वहां NDA की स्थिति अच्छी है ,रही बात पप्पू यादव की तो, वहां एक वोट हैं जिसके दो दावेदार हैं। उसी वोट के लिए दोनों भिड़ रहे हैं।

◆ 'किसी के कहने से कोई शैतान नहीं होता

# अगलगी में 2 फूस के मकान जलकर राख



निज संवाददाता। मुंगेर

मुंगेर जिला अंतर्गत मुफस्सिल थाना क्षेत्र के मनियारचक गांव स्थित पीर स्थान टोला में बुधवार को आग लगने दो फूस का मकान जलकर पुरी तरह से नष्ट हो गया। जबकि इस घटना में दो मवेशी और एक महिला भी आग की चपेट में आने से झुलस गई। घायल महिला की पहचान उमेश मंडल की 30 वर्षीय पत्नी क्रांति देवी के रूप में हुई है। परिजनों ने घायल महिला को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया जहां मौजूद चिकित्सक के द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। इधर अगलगी की घटना में घर के अंदर रखा कपड़ा अनाज, साइकिल सहित अन्य सामान जलकर नष्ट हो गया। ग्रामीणों ने बताया कि जिस वक्त किसान उमेश मंडल घर में नहीं थे, उसी समय उसकी फूस की मकान में आग लग गई। जिसके बाद पछुआ हवा चलने के कारण आग की लपटें काफी तेज हो गई। आसपास के ग्रामीणों द्वारा तुरंत इसकी सूचना पुलिस प्रशासन और अग्निशमन विभाग को दिया गया। ग्रामीणों द्वारा चापानल से आग को बुझाने का प्रयास किया जा रहा था। तब तक आग से निकली चिंगारी के कारण आसपास के घरों को भी नुकसान हुआ है। इधर आगजनी की सूचना मिलने के बाद विधायक प्रणव कुमार के द्वारा घायल महिला के इलाज के लिए एंबुलेंस उपलब्ध कराया गया। जिसके बाद महिला को इलाज के लिए भेजा गया।

## दिव्यांगजनों ने डीएम को किया सम्मानित, कहा-वोट देने में हुई सहूलियत

निज संवाददाता। गया

दिव्यांगजन मतदाताओं ने जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह गया के डीएम डॉ. त्यागराजन एसएम को सम्मानित किया और कहा कि इस बार वोट देने में लोगों को काफी सहूलियत हुई। लोकसभा चुनाव में गया में 19 अप्रैल को शांतिपूर्ण तरीके से मतदान संपन्न हो गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी के निर्देश के आलोक में बुजुर्ग व दिव्यांग मतदाताओं के घर पर जाकर पूरी गोपनीयता के साथ उन्हें मतदान करने का अवसर दिया गया। साथ ही वैसे वोटरों के लिए संबंधित बूथों पर अच्छी सुविधा उपलब्ध कराई गई, जिसकी लोगों ने काफी प्रशंसा की। दिव्यांग लोगों के उत्थान के लिए काम करने वाली दिव्यांग शिक्षिका सह सामाजिक कार्यकर्ता रीता रानी प्रसाद ने जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी को आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ज़िला पदाधिकारी के द्वारा चुनाव में काफी अच्छी व्यस्था की गई थी जिसके कारण हर व्यक्ति अपने अधिकारों का प्रयोग कर पाया। इसके लिए गया के डीएम को मैं बधाई देती हूं। दिव्यांग मतदाताओं को मतदान के लिए समुचित व्यवस्था उपलब्ध रहने के मद्देनजर समाहरणालय में रीता रानी शिक्षिका ने डीएम को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया है। व्यवस्था को ले अधिक दिव्यांगों ने दिए वोट शिक्षिका ने कहा कि सभी बूथों पर दिव्यांग जनों के लिए उपलब्ध रखे गए व्यवस्थाओं के कारण दिव्यांगो ने अधिक संख्या में अपने मत का प्रयोग किया है। सुश्री रीता रानी प्रसाद ने बताया कह इस बार मतदान केंद्र पर रैंप, व्हील चेयर, वैशाखी और केयर टेकर की उत्तम व्यवस्था होने के कारण दिव्यांग जनों ने मतदान करने में काफी प्रसन्नता जाहिर की है। मतदान करने आए दिव्यांग मतदाताओं ने गया जिला प्रशासन की खूब सराहना की।

## जहरीली शराब हत्याकांड की मास्टर माइंड सुनीता सुर्खियों में

# बेटे ने कर दी दोस्त की हत्या, 2022 में जहरीली शराब से 12 की हुई थी मौत, जेल में बंद हैं मां-भाई

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा में साल 2022 के जनवरी महीने में जहरीली शराब कांड हुई थी। जहरीली शराब के कारण 12 लोगों की मौत हो गई थी। इस कांड की मास्टर माइंड सुनीता फिर से सुर्खियों में है। हालांकि सुनीता अपने बड़े बेटे सूरज के साथ जेल में बंद है। सुनीता का छोटा बेटा नीरज कुमार अपने ही दोस्त की हत्या के मामले में जेल जा चुका है। उसने अपने ही दोस्त सोहसराय थाना क्षेत्र के श्रृंगारहाट निवासी प्रमोद कुमार की ईंट से कुचकर 22 अप्रैल को हत्या कर दिया था। 1700 रुपए बकाया पैसे को लेकर प्रमोद और नीरज के बीच विवाद हुआ था। दोनों एक साथ बैठकर ब्राउन शुगर का इंजेक्शन ले रहा था। इसी बीच नीरज ने ईंट से हमला कर प्रमोद की हत्या कर दी थी। दोनों एक साथ दिल्ली में रहकर खिलौने बेचा करता था। 21 अप्रैल को हो वह दोनों दिल्ली से वापस घर आया था।



**सुनीता के लिए वरदान साबित हुई थी शराबबंदी**: साल 2016 के अप्रैल महीने में बिहार सरकार ने बिहार में संपूर्ण शराबबंदी लागू कर दी थी। इसके बाद सुनीता इस कानून का फायदा उठाते हुए शराब के धंधे में उतर गई थी। उसने देशी शराब और विदेशी शराब का अपना साम्राज्य धीरे-धीरे फैलाना शुरू कर दिया। सोहसराय थाना क्षेत्र के पहाड़तल्ली इलाके में शराब की धंधे ने जोर पकड़ लिया। दिनभर शराबियों और असामाजिक तत्वों का सुनीता के घर में जमावड़ा लगा रहता था। बावजूद आसपास के लोग सुनीता की ऊंची पहुंच को देखते हुए इसका विरोध नहीं कर पाते थे। शराब के धंधे में उतरने से पहले सुनीता जिस्मफरोशी का धंधा करती थी। पहाड़तल्ली के पहले सुनीता बिहार शरीफ के ही दूसरे मोहल्ले में रहती थी, जहां से उसके गलत चरित्र के कारण मोहल्ले वालों ने खदेड़ दिया था। इसके बाद से वह पहड़तल्ली मोहल्ले में आकर शरण ली थी। अक्सर सुनीता के घर में सफेद पोशों का आना-जाना लगा रहता था। इसके कारण ही सुनीता के पति गौतम ने उसे छोड़ दिया।

**मकर संक्रांति पर लोगों ने पी थी शराब**: साल 2022 के जनवरी महीने में 15 तारीख को जहरीली शराब पीने से 12 लोगों की मौत हो गई थी। मकर संक्रांति के दिन पहाड़तल्ली पर रहने वाले लोगों ने जहरीली शराब का सेवन किया था। एक-एक कर 1 दर्जन लोगों ने दम तोड़ दिया था। कई लोगों के आंखों की रौशनी चली गई थी।

# ढोल-नगाड़े के साथ निकाली गई जागरूकता रैली

## भागलपुर DM के साथ अधिकारी-शहरवासी भी हुए शामिल, लोगों से की वोट देने की अपील

निज संवाददाता। भागलपुर



भागलपुर समाहरणालय परिसर से जिला अधिकारी के अध्यक्षता में ढोल-नगाड़े के साथ मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। इस जागरूकता रैली में करीब हजारों की संख्या में छात्र-छात्राएं एनसीसी कैडेट, अधिकारी, भागलपुर के आम लोग भी शामिल हुए। जिलाधिकारी ने मतदाता जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बता दे की 26 अप्रैल(शुक्रवार) को जिले में मतदान होना है। इसको लेकर जिला प्रशासन की ओर से पूरी तैयारी कर ली गई है। लोगों को जागरूक करने के लिए जिला प्रशासन की ओर से कई तरह की कवायत की जा रही है बृहस्पतिवार को जिलाधिकारी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी नवल किशोर चौधरी ने समाहरणालय परिसर से जागरूकता रैली निकालकर घंटाघर चौक होते हुए शहर के कई इलाकों में भ्रमण किया और लोगों को मतदान करने की अपील किया। शुक्रवार की सुबह 7:00 से मतदान की प्रक्रिया शुरू होगी। शाम के 6:00 बजे तक चलेगा। लेकिन जिला प्रशासन की ओर से सुविधा दी गई है कि शाम 6:00 के बाद भी अगर कोई मतदाता मतदान देने से विलंब हो गया तो उसके लिए देर रात तक भी मतदान प्रक्रिया चलेगी।

**स्टूडेंट्स भी हुए शामिल**: जिलाधिकारी नवल किशोर चौधरी ने बताया कि 26 अप्रैल शुक्रवार के दिन जिले भर में मतदान होना है। जिसको लेकर जिला प्रशासन की ओर से पूरी तैयारी कर ली गई है। लोगों को जागरूक करने के लिए मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई है। इस रैली में एनसीसी कैडेट के बच्चे, स्कूली एवं कॉलेज के छात्र-छात्राएं आम लोग शामिल हुए हैं। भागलपुर वासियों के लिए प्रतिष्ठा का सवाल है। इसलिए सभी से अपील कर रहे हैं कि लोकसभा चुनाव 2024 में अपना मत का प्रयोग जरूर करें। इस रैली में जिलाधिकारी नवल किशोर चौधरी, जिला संयुक्त निदेशक पदाधिकारी डीडीसी के अलावा कई अधिकारी एवं हजारों की संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

# गया के प्लस टू छात्रावास में छात्राओं से छेड़खानी

निज संवाददाता। गया

गया के मगध मेडिकल थाना क्षेत्र अंतर्गत एक छात्रावास में छात्राओं से छेड़खानी का मामला सामने आया है। डीएम के निर्देश पर एडीएम लॉ एंड ऑर्डर, एसडीएम, डीएसपी और थानेदार शैलेश कुमार दलबल के साथ छात्रावास पहुंचे और पूरे मामले की जानकारी ली। घटना अति पिछड़ा वर्ग के छात्राओं के लिए संचालित प्लस टू हाई स्कूल छात्रावास की है। जहां बुधवार देर रात दो युवक छत के सहारे अंदर घुस गया और छात्राओं से जबरदस्ती की कोशिश करने लगा। इस बीच अन्य छात्राओं के जागने और शोर मचाने पर आरोपी मौके से फरार हो गया। वहीं, विनोबा नगर मोहल्ले के रहने वाले रविंद्र कुमार ने बताया कि कल्याण विभाग के अधीन इस हॉस्टल में 200 छात्राएं रहती हैं। 23 शिक्षक-शिक्षिकाएं और एक वार्डन है। वार्डन रात में अपने घर चली जाती है। 1999 से ये किराए के घर में ही चल रहा है।



देर रात छत के सहारे घुसा था युवक, शोर मचाने पर भागा, वरीय अधिकारी मौके पर पहुंचे

## गया में लापता बच्ची सकुशल बरामद, बहन से झगड़े के बाद घर छोड़कर निकली थी

निज संवाददाता। गया



गया जिले के डोभी थाना क्षेत्र के बहेरा ओपी अंतर्गत कोठवारा गांव के रहने वाले संजय अग्रवाल की बेटी 24 अप्रैल को कहीं लापता हो गई थी। उसके लापता होते हीं उसकी तलाश परिजन चारों ओर कर-करके थक गए थे। घर के सभी सदस्य बच्ची के लापता होने को लेकर काफी चिंतित और परेशान थे। वहीं घर की महिलाओं का रो-रो कर बुरा हाल हो रहा था। थाना में आवेदन भी दिया गया था। हालांकि इसी बीच बच्ची के सकुशल मिलने की जानकारी संजय अग्रवाल ने गुरुवार की सुबह दी है। उन्हें वापस सुरक्षित मिल गई है। उन्होंने कहा इसके लिए पुलिस और समाजसेवियों का आभारी हूं, जिन्होंने मेरी बेटी को सकुशल ढूंढने में पूरा सहयोग किया।

दरअसल, एक दिन पहले डोभी के बहेरा ओपी अंतर्गत कोठवारा गांव की रहने वाले संजय अग्रवाल की बेटी बहन से झगड़ा होने के बाद घर से गुस्से में निकल गई थी। देर शाम तक घर नहीं लौटी तो परिजन काफी चिंतित हो गए थे। हर जगह उसकी तलाश की जाने लगी,लेकिन उसका कोई भी सुराग नहीं मिल पा रहा था। बच्ची के सकुशल बरामदगी के लिए लिखित आवेदन बहेरा ओपी पुलिस पदाधिकारी को भी की गई थी। लिखित आवेदन मिलने के बाद पुलिस भी अपने सोर्स के माध्यम से लड़की की सकुशल बारामद करने को लेकर जुट गई थी।उसकी पहचान और जानकारी देने के लिए रिया कुमारी की फोटो सोशल मीडिया व्हाट्सएप ग्रुप में हर जगह पोस्ट किया जाने लगा।

# गाजे-बाजे के साथ निकाली गई कलश शोभायात्रा, 151 गांव की महिलाएं और कन्याओं ने लिया भाग

निज संवाददाता। नालंदा

अखंड कीर्तन को लेकर बिहार शरीफ के भट्ट बीघा गांव में गुरुवार की सुबह महिलाओं व कन्याओं के द्वारा कलश यात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में 151 कुंवारी कन्याओं व महिलाएं शामिल हुई। बिहार शरीफ के राजा कुंआ स्थित संत बाबा के मंदिर प्रांगण में अवस्थित कुँए की पानी से मंत्रोच्चारण के साथ कलश में जलभरी की गई। भट्ट वीघा गांव से गाजे बाजे के साथ पुलिस की देखरेख में भक्ति भाव से विभोर गांव स्थित देवी स्थान से कलश यात्रा निकाली। जो न्यू बायपास, नकटपुरा होते हुए राजा कुंआ स्थित संत बाबा के प्रांगण पहुँचा। जहां से जलभरी कर पुनः श्रद्धालु वापस गांव के देवी स्थान पहुंचे। इस दौरान हर हर महादेव जय श्री राम की जय घोष से पूरा इलाका भक्तिमय हो गया। ग्रामीण भक्ति गीतों पर झूमते हुए नजर आए। पूरे गांव वालों ने कलश शोभा यात्रा में बढ़-चढ़कर अपना योगदान दिया।



**वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हुआ आयोजन**: ग्रामीणों ने बताया कि हर साल गांव से कलश शोभायात्रा अखंड कीर्तन के मौके पर निकाला जाता है ताकि गांव में सुख समृद्धि बना रहे हैं। किसी प्रकार की अनहोनी ना हो जिसमें बड़ी संख्या में गांव वाले भाग लेते हैं। कुल 151 गांव की माता-बहनों ने अपने सिर पर कलश लिया है। पूरे विधि विधान वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ यह आयोजन किया जाता है। जो भी माता या बहने सच्चे मन से मन्नत मांगती है उन्हें देवी स्थान में विराजमान मां उनकी मन्नतों को अवश्य पूरा करती है। इस मौके पर भट्टवीघा निवासी दीपक यादव, विकास कुमार, रामचंद्र यादव, दशरथ यादव, वीरेंद्र यादव, रामजतन यादव, मनीष यादव, सुबोध कुमार, कुमार विवेकानंद समेत सैकड़ो भट्ट विगहा निवासी मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### पुलिस ने दो लोगों को किया गिरफ्तार, भेजा जेल

**कोईलवर।** गीधा थाना क्षेत्र के गीधा गांव स्थित एक दुकान से चोरी करने के मामले में गीधा गांव निवासी सत्यदेव पासवान के पुत्र मुकेश पासवान उर्फ चेलवा पासवान को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। वहीं 10 लीटर देसी महुआ शराब के साथ मटियारा देवी मंदिर के पास से मटियारा गांव निवासी विनोद कुमार को गिरफ्तार कर थाने लाकर पूछताछ कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। पुलिस ने बताया कि चोरी मामले में गिरफ्तार मुकेश पासवान के पास से 2 हजार रुपया, दो पैकेट हॉर्लिक्स और दो सर्फ का पैकेट बरामद किया गया है।

### अगले चरण में होने वाले वोटिंग में भी जनता मोदी सरकार के विरोध में करेगी वोटिंग : भाकपा माले




**आरा।** भाकपा-माले संचालन समिति की बैठक पार्टी जिला कार्यालय श्रीटोला में हुई। बैठक में लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर आरा विधानसभा में चुनाव को रणनीति बनाई गई। शहर के विभिन्न वार्डों व ग्रामीण इलाकों के एक-एक पंचायतों के साथ ही हर बुथ पर बुथ कमेटी बनाकर हर घर चलो अभियान चलाने की योजना बनाई गई। इस दौरान संसदीय क्षेत्र के छात्र नौजवानों, महिलाओं, बुद्धिजीवियों व व्यवसायियों को संगठित करने और उनके बीच प्रचार अभियान चलाने की बात कही गई। भाकपा-माले राज्य सचिव कुणाल ने कहा कि प्रथम चरण के चुनाव में लोगों ने मोदी सरकार के खिलाफ मतदान किया। इससे बौखलाए प्रधानमंत्री अपने चुनावी भाषण के जरिये साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण करने की कोशिश कर रहे हैं। महिलाओं को भी "मंगलसूत्र विवाद" के जरिये अपने नफरती अभियान में समेटने में लग गए हैं। अगले चरण के चुनाव में भी नरेंद्र मोदी को सबक सिखाने और इंडिया महागठबंधन के प्रत्याशियों विजयी बनाने के लिए मतदान करेगी। बैठक में राज्य कमेटी सदस्य विजय ओझा, क्यामुद्दीन अंसारी, दिलराज प्रीतम, संगीता सिंह, शोभा मंडल, विकास कुमार, राजेंद्र यादव, धीरेन्द्र आर्यन, कलावती देवी, हरेराम सिंह, संतविलास राम, कामता प्रसाद, कृष्णरंजन गुप्ता, देवांनद पासवान समेत कई थे।

### घायल होकर सड़क पर तड़प रहे थे दो युवक, बचाई जान

**आरा।** आधी रात को आरा-बड़हरा पथ पर रामचंद्र सिंह प्लस टू विद्यालय विराहीपुर-करजा के पास सड़क पर रखे गिट्टी और बालू में फिसलकर बाइक सवार दो युवक गंभीर घायल हो गये। इस दौरान बारात और तिलकोत्सव में जाने वाली गाड़ियां आती-जाती रहीं। लेकिन किसी ने मदद नहीं की। उसी समय वहां से गुजर रहे दैनिक भास्कर के एक पत्रकार ने उस सुनसान जगह पर अपनी गाड़ी रोका। होश में रहे एक घायल से नाम-पता पूछकर बड़हरा पीएचसी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अरविंद चौधरी को फोन कॉल कर एंबुलेंस, बड़हरा थाना के थानाध्यक्ष संजय कुमार को कॉल कर पुलिस पेट्रोलिंग गाड़ी और डायल 112 की गाड़ी मंगाया। 12 लोगों को कॉल किया। इनमें दो-तीन लोगों से ही संपर्क हो सका। इन प्रयासों से कुछ मिनट में ही बड़हरा थाना की पुलिस और एंबुलेंस पहुंच गई। तब तक कई युवक भी वहां मदद के लिए रुक गए थे। सभी के प्रयास से दोनों घायलों को आरा सदर अस्पताल और इसके बाद एक निजी अस्पताल में बेहतर इलाज के लिए ले जाया गया। दोनों घायल युवक पड़रिया गांव निवासी महेंद्र राम के पुत्र धीरेन्द्र कुमार व सुरेन्द्र राम के पुत्र विकास कुमार हैं। दोनों युवक एक तिलक समारोह से बाइक से वापस अपने गांव आ रहे थे। एक युवक की हालत गंभीर है।

### अंग्रेजी शराब के साथ वैशाली का तस्कर हुआ गिरफ्तार

**आरा।** गजराजगंज थाना की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी कर थाना क्षेत्र के बामपाली के पास से ट्रक पर लदा 1998 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ वैशाली का एक शराव तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार तस्कर वैशाली जिले के मलिकपुर निवासी विकास कुमार पिता सुरेन्द्र राय है। जबकि ट्रक पर सवार दूसरा तस्कर भागने में सफल रहा। पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि गजराजगंज ओपी अन्तर्गत एनएच 922 से एक ट्रक पर भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब की तस्करी की जा रही हैं। उक्त आसूचना का सत्यापन, अंग्रेजी शराब की बरामदगी एवं शराब तस्कर की गिरफ्तारी हेतु प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षक सह गजराजगंज ओपी अध्यक्ष, रश्मि कुमारी और अपर थानाध्यक्ष गजराजगंज हरिप्रसाद शर्मा और पुलिस बल के साथ विशेष टीम का गठन किया गया। गठित टीम के द्वारा त्वरित करवाई करते हुए एनएच 922 स्थित बामपाली हाईवे पर वाहन चेकिंग की गई। चेकिंग के क्रम में 1 ट्रक पर सवार 2 व्यक्ति पुलिस की टीम को देखकर ट्रक को छोड़कर भागने लगा। जिसे गठित टीम के द्वारा खदेड़कर 1 व्यक्ति को पकड़ा गया तथा दूसरा व्यक्ति भागने में सफल हो गया। बरामद ट्रक की तलाशी ली गई तो ट्रक में से विभिन्न ब्रांड का 8568 बोतल, कुल-1998 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद किया गया। इस संबंध में उदवंतनगर थाना में बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद संशोधित अधि० 2018 के तहत मामला दर्ज किया गया।

### सड़क दुर्घटना में महिला समेत तीन घायल, रेफर

**आरा।** जिले के दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुए सड़क दुर्घटना में महिला समेत तीन लोग घायल हो गए । पहली घटना कोईलवर थाना क्षेत्र के सोनघट्टा गांव के समीप हुई।जहां विपरीत दिशा से आ रही ट्रैक्टर ने बाइक में ठोकर मार दी। जिससे बाइक पर सवार दो दोस्त दोस्तों गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में कोईलवर थाना क्षेत्र के सोनघट्टा गांव निवासी साहिल कुमार पिता सुरेंद्र प्रसाद और अमित कुमार पिता फुलटून सिंह है। परिजनों ने बताया की साहिल स्नातक का छात्र है। वो प्रतिदिन की तरह कंप्यूटर क्लास करने के लिए आरा आया हुआ था । लौटने के दौरान उसे रास्ते में अमित मिल गया । इसके बाद दोनों बाइक से गांव आ रहे थे । गांव के समीप सामने से आ रही अनियंत्रित ट्रैक्टर ने ठोकर मार दी। इस घटना में दोनों घायल हो गया। दोनों को गंभीर हालत में पटना रेफर कर दिया गया है। वही दूसरी घटना धोबहां थाना की है। जहां अगरसंडा बेहरा गांव निवासी दवलातो कुंवर पति स्वर्गीय टांगर प्रसाद सड़क दुर्घटना में घायल हो गई। परिजनों ने बताया कि वह अपने घर से सलेमपुर बैंक में पैसा जमा करने के लिए जा रही थी। इस बीच पेट्रोल पंप के पास बाइक ने ठोकर मार दी। स्थानीय ग्रामीणों ने इस घटना की जानकारी परिजनों को दी। परिवार के लोगों ने घायल महिला को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया। जहां से गंभीर अवस्था में पटना रेफर कर दिया।

### ब्रह्मेश्वर मुखिया हत्या कांड में हुलास पांडे को साजिश के तहत फंसाया गया था

**आरा।** ब्रह्मेश्वर मुखिया हत्या कांड में सीबीआई द्वारा दायर चार्ज शीट को न्यायालय द्वारा खारिज करने पर लोजपा रामविलास के जिला अध्यक्ष राजेश्वर पासवान ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि पार्टी को न्यायालय पर पूरा विश्वास था। पार्टी के संसदीय बोर्ड के प्रदेश अध्यक्ष हुलास पांडे को राजनीतिक साजिश के तहत फसाया गया था, वे बिल्कुल निर्दोष थे। लोजपा रामविलास परिवार सहित उनके चाहने वालो में खुशी है। सत्य परेशान हो सकता है पराजित नही। हुलास पांडे की छवि को कुछ संकीर्ण विचार धारा के लोग धूमिल करना चाहते थे, जो असफलो गए। भोजपुर लोजपा कार्यकर्ताओं ने आरा न्यायालय के निर्णय पर आभार प्रकट किया है। आभार प्रकट करने वालो में जिला अध्यक्ष राजेश्वर पासवान, शशिकांत त्रिपाठी, कमलेश सिंह तोमर, सोनू सिंह, लालती देवी, सुरेंद्र आजाद, मनोज पासवान, दीपू गुप्ता, पिंटू तिवारी, संतोष पासवान, संजय पासवान, राजेश कुशवाहा, आमोद कुमार अमर, मित्रंजन पासवान, अशोक कुमार, शतीश प्रसाद, सोनू पासवान, रितेश पासवान, विशाल चौधरी,अजीत पासवान, राजू सोनी, बनारसी जायसवाल समेत कई है।

# अतिक्रमण करने वाले 14 दुकानों पर जुर्माना, 5-5 हजार रुपए देना है फाइन

## 24 घंटे के अंदर नहीं देने पर एफआईआर होगी दर्ज

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर जिले में जिला प्रशासन और नगर परिषद की ओर से लगातार अतिक्रमण हटाने का कार्य किया जा रहा है। इसके साथ ही अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों पर जुर्माना भी किया जा रहा है। अतिक्रमण विरोधी अभियान के तहत जिला मुख्यालय के रेलवे स्टेशन रोड से अतिक्रमण हटाया गया। साथ ही रामरेखा घाट पर अतिक्रमण हटाने के बावजूद दोबारा नाले पर सामान रखकर बेचने के आरोप में कुल 14 दुकानदारों के विरुद्ध पांच-पांच हजार रुपए जुर्माना लगाया गया है। सभी को 24 घंटे का अल्टीमेटम दिया गया है। अगर 24 घंटे में जुर्माने की राशि नहीं जमा करते हैं तो उनके विरुद्ध नगर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई जाएगी। इसके बाद प्रशासन आगे की कार्रवाई करेगी।



**सड़क जाम की समस्या भी हो रही:** नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी अमित कुमार ने कहा कि नगर के विभिन्न इलाकों में दुकानदारों ने सड़क का अतिक्रमण कर दुकान लगाई है। जिसके कारण पैदल चलने वाले लोगों के साथ-साथ वाहन चालकों को भी परेशानी हो रही है। सड़क जाम की समस्या भी हो रही। रामरेखा घाट रोड में तीन दिनों तक अभियान चला कर अतिक्रमण हटाया गया। बावजूद इसके दुकानदार पुनः फुटपाथ और नाले का अतिक्रमण कर ले रहे हैं। ऐसे में इन सभी के विरुद्ध फिलहाल जुर्माने की कार्रवाई हुई है। जुर्माना नहीं अदा करने पर उनके विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई जाएगी।

# शादी में आए दूल्हे के जीजा की मौत, कल जानी थी बारात



निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर के छोटका नुआंव में बुधवार की शाम करंट लगने से दूल्हे के जीजा की मौत हो गई। स्थानीय लोगों की मदद से परिजन उसे सदर अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। साले की कल शादी के लिए दुल्हन के घर बारात जाने वाली थी, उसकी शादी में शामिल होने 19 अप्रैल से जीजा अपने ससुराल पहुंचे हुए थे। घटना की जानकारी देते हुए छोटका नुआंव गांव निवासी उपकार कुमार ने बताया कि उनके भाई की शादी होनी है। 19 अप्रैल को तिलक था और अब 25 अप्रैल को बारात चौगाई के बिचली भरौली गांव जानी है। शादी में शामिल होने के लिए उनके बहनोई कृष्णाब्रह्म थाना क्षेत्र की नचाप पंचायत के वीरपुर गांव के निवासी हरे राम राम के 32 वर्षीय पुत्र रघुनाथ राम पहुंचे थे। बुधवार की दोपहर वह अपनी पत्नी को लेकर बाज़ार गए थे। शाम लौटकर आने के बाद टूट घर के पास खंभे से टूट कर गिरे हुए धारा प्रवाहित तार की चपेट में आ गए जिससे की उनकी मौत हो गई। सामाजिक कार्यकर्ता उपेंद्र कुमार भारती ने सरकार से मुआवजे की मांग की है। जीजा की शादी 9 साल पहले हुई थी। उनके छह और दो साल के दो बेटे और एक आठ वर्षीय बेटी भी है, जिनके सिर से असमय पिता का साया उठ जाने से उनके भविष्य के सामने भी संकट खड़ा हो गया है। इस हादसे के बाद खुशियों से भरा माहौल गम में तब्दील हो गया।

# रामरेखा घाट रोड में प्रशासन का अतिक्रमण विरोधी अभियान

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर जिला मुख्यालय में नगर परिषद के द्वारा नगर की सड़कों को अतिक्रमण मुक्त करने के साथ-साथ जाम की समस्या का भी स्थायी समाधान निकालने का प्रयास किया जा रहा है। इसके लिए नियमित रूप से अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया जा रहा है। बुधवार को नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी अमित कुमार ने कहा कि अभियान के तहत रामरेखा घाट इलाके में अभियान चला और लोगों को यह कहा गया कि सड़क और नाली को छोड़कर ही किसी भी प्रकार की दुकान लगाई जाए। जो लोग नहीं मानें उनका सड़क पर रखा सामान जब्त कर लिया गया। बता दें कि 26 अप्रैल को मुंडन संस्कार को लेकर रामरेखा घाट के रास्ते में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने वाली है जिससे घाट पर पहुंचने वाले लोगो को कोई परेशानी न हो इसको लेकर जिला प्रशासन पहले ही कमरकस चुका है। बुधवार की शाम बक्सर



नगर थाना चौक से रामरेखा घाट के रास्ते में दोनों तरफ अतिक्रमण किए दुकानदार के जेसीबी चलाया गया जिसको लेकर दुकानदारों में अफरा तफरी का माहौल कायम रहा। इसके अलावा नगर के अन्य इलाकों में भी नियमित अभियान चलाया जाता रहेगा। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि वह अपना अतिक्रमण स्वयं ही हटा लें नहीं तो उनके विरुद्ध नगर परिषद कठोर कार्रवाई करेगा। अभियान के दौरान प्रधान लिपिक यशवंत सिंह, कर दारोगा नरसिंह चौबे, चीफ सेनेटरी ऑफिसर आशुतोष कुमार, विजय चौरसिया सन्नी सिंह, नवीन पांडेय आदि मौजूद रहे।

# 75 मरीज लू की शिकायत लेकर पहुंच रहे हॉस्पिटल

## डॉक्टर की सलाह-जरूरी होने पर ही घर से निकलें, खाली पेट बिल्कुल न जाएं

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर में लगातार तेज गर्म हवा चल रही है जिसके कारण हॉस्पिटल में लू की चपेट में आने वाले मरीजों की संख्या बढ़ गई है। बढ़ती गर्मी के कारण हॉस्पिटल पहुंचने वाले लोगों में लूज मोशन, दस्त जैसे लक्षण अधिक पाए जा रहे हैं। डॉक्टर के अनुसार प्रतिदिन 70 से 75 की संख्या में लू लगने वाले मरीज सदर अस्पताल में इलाज के लिए पहुंच रहे हैं। सदर अस्पताल के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ श्याम बाबू रजक ने बताया कि सदर अस्पताल में लू लगे मरीजों के लिए अतिरिक्त व्यवस्था की गई है। उनके लिए विशेष वार्ड बनाए गए हैं, साथ ही ओपीडी में भी उनके लिए विशेष व्यवस्था है। ORS का भी वितरण लगातार किया जा रहा है। इन दिनों मौसम का मिजाज बेहद सख्त है। हाल ही में पारा 45 डिग्री सेल्सियस तक चला गया था। ऐसे में बढ़ती गर्मी अब जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर रही है। तीखी धूप में लोगों को बाहर निकलना मुश्किल हो जा रहा है। शहर की दुकानें तो दोपहर में भी खुली रहती है, लेकिन ग्रामीण क्षेत्र की दुकानें दोपहर में बंद हो जा रही है। ग्रामीण इलाके की सड़क दोपहर में सुनसान नजर आ रही है।तेज धूप के साथ चल रहे गर्म हवा से बचने के लिए लोगो को स्वयं



सतर्कता बरतने की भी जरूरत है। सदर अस्पताल के डॉक्टर श्याम रजक ने बताया कि लू लगने से बीमार होने वाले मरीजों की संख्या बढ़ गया है। जो मरीज आता है उसका सही से इलाज किया जाता है। ओआरएस का लगातार वितरण भी किया जा रहा है। इसके साथ सभी को सलाह दी जाती है कि बढ़ती गर्मी को ध्यान में रखते हुए अनावश्यक धूप में ना निकला जाए और यदि निकलना हो तो खाली पेट कभी नहीं निकले। उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त पानी अथवा किसी भी प्रकार से तरल पदार्थ अपने साथ रखें ताकि समय-समय पर उसे लेते रहे।

# 2400 द्वितीय मतदान पदाधिकारियों का शुरू हुआ प्रशिक्षण

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के सभी द्वितीय मतदान पदाधिकारियों का शहर के एमपी हाईस्कूल में बुधवार को प्रशिक्षण हुआ। प्रशिक्षण कार्य का डीएम अंशुल अग्रवाल ने निरीक्षण किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम 2 पालियों में क्रमशः सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक एवं दोपहर 2 बजे से शाम के 5 बजे तक आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में लगभग 2400 मतदान पदाधिकारी शामिल हुए। प्रशिक्षण के दौरान सभी द्वितीय मतदान पदाधिकारी को बीयू, सीयू एवं वीवीपीएटी के कनेक्शन के बारे में विस्तार से बताया गया। इसके अतिरिक्त उन्हें मशीन पर आने वाले सभी प्रकार के डिस्प्ले, त्रुटि एवं उसके समाधान के बारे में बताया गया। सभी द्वितीय मतदान पदाधिकारियों को मॉक पॉल,



ईवीएम मशीन की सीलिंग प्रक्रिया, निर्वाचक सत्यापन, निविदत्त मतपत्र आदि के बारे में बताया गया। उसके पश्चात सभी प्रकार के प्रपत्रों को भरने के बारे में बताया गया। बाएं हाथ की तर्जनी पर अमिट स्याही का चिह्न प्रशिक्षण में बताया गया कि द्वितीय मदान पदाधिकारी अमिट स्याही, मतदाता रजिस्टर 17(क) तथा मतदाता पर्ची के प्रभारी होते हैं। मतदाता की पहचान प्रथम मतदान पदाधिकारी के द्वारा करने के पश्चात मतदाता के बाएं हाथ की तर्जनी पर अमिट स्याही का चिह्न लगाते हैं तथा मतदाता रजिस्टर प्रारूप 17(क) में मतदाता का हस्ताक्षर अथवा अंगूठे का निशान लेकर उन्हें मतदाता पर्ची जारी करते हैं।

# 29 से शुरू होगी इंटर की कंपार्टमेंटल और विशेष परीक्षा, 11 मई तक चलेगी

निज संवाददाता। बक्सर

इंटरमीडिएट की कंपार्टमेंटल और विशेष परीक्षा 29 अप्रैल से शुरू होगी और 11 मई तक चलेगी। जिले में इस परीक्षा के लिए दो केंद्र बनाए गए हैं। बता दें कि परीक्षा संचालन के लिए प्रतिनियुक्त वीक्षकों की सूची तैयार कर ली गई है। वहीं परीक्षा से 1 दिन पहले तक योगदान कर लेंगे। फिर उन्हें बिहार बोर्ड व विभाग की ओर से जारी गाइडलाइन व निर्देश की जानकारी देकर अनुपालन करने के बारे में बताया जाएगा। वहीं केंद्राधीक्षकों को परीक्षा से पहले परीक्षा केंद्रों पर पेयजल, शौचालय, प्रकाश, सफाई आदि की व्यवस्था सुदृढ़ करने का निर्देश दिया गया है। परीक्षार्थी जिस कक्ष में बैठकर परीक्षा देंगे, उसमें बेंच-डेस्क पर्याप्त रखने का निर्देश दिया गया है। बता दें कि इंटर की वार्षिक परीक्षा में जो परीक्षार्थी किसी कारण



से परीक्षा में शामिल नहीं हो पाए हैं या परीक्षा के दौरान 1-2 विषय की परीक्षा नहीं दे सके हैं, वह विशेष परीक्षा में शामिल होंगे। जबकि जो परीक्षार्थी इंटरमीडिएट की परीक्षा में एक-दो विषयों में फेल हो गए हैं, उन्हें समिति की ओर से कंपार्टमेंटल परीक्षा में शामिल होने की बात कही है। कदाचार मुक्त परीक्षा के लिए बोर्ड ने दिया निर्देश इंटरमीडिएट की विशेष एवं कंपार्टमेंटल परीक्षा को कदाचार मुक्त लेने का निर्देश बिहार बोर्ड द्वारा दिया गया है। वहीं शिक्षा विभाग से जुड़े सूत्रों के अनुसार, प्रत्येक 25 परीक्षार्थी पर एक वीक्षक की प्रतिनियुक्ति की जाएगी।

# पत्नी के हत्यारोपी पति को पुलिस ने किया गिरफ्तार, दोनों बेटियों को अल्पावास में रखा गया

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर के समहुता गांव में पत्नी की हत्या करने वाले पति को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मृतक महिला की बड़ी पुत्री के बयान के आधार पर एफआईआर दर्ज कराई गई थी, जिसमें पति, पुत्र समेत नौ लोगों को नामजद किया गया था। हत्या का कारण पति द्वारा पत्नी के चरित्र पर किया जा रहा शक बताया जा रहा है। पुलिस ने फिलहाल दोनों पुत्रियों को अपनी अभिरक्षा में लेकर अल्पावास में रखवाया है ताकि उन्हें कोई खतरा न हो।दोनों बेटियां नाबालिग है। डीएसपी धीरज कुमार ने बताया कि केश बिहारी चौधरी बेंगलुरु की किसी फैक्ट्री में मजदूरी



करता है। वह अपनी पत्नी के चरित्र पर शक करता था। इसी बात को लेकर दंपती में अक्सर विवाद होता था। तीन-चार दिन पहले एक बार फिर जब केश बिहारी बेंगलुरु से

### बीवी के चरित्र पर करता था शक; भाई पर भी FIR

आया तो पत्नी ने उसके साथ अच्छा व्यवहार नहीं किया, जिससे नाराज होकर उसने अपने बेटे बजरंगी और अन्य पाटीदारों के साथ मिलकर पत्नी रुना देवी की हत्या कर दी। घटना के बाद पुलिस के सामने मृतक महिला की बड़ी बेटी आई जिसकी उम्र 14 साल के आसपास है। उसने अपने पिता भाई समेत कुल नौ लोगों पर नामजद एफआईआर दर्ज करा कर मां के हत्या का आरोप लगाया था। आवेदन में था कि पिता और माता में हमेशा विवाद होता रहता था। इसी विवाद की वजह से पिता, भाई और अन्य पाटीदारों ने मिलकर मां की हत्या कर दी है। बक्सर सदर डीएसपी धीरज कुमार ने बताया कि आरोपी घर वाले ही हैं। ऐसे में दोनों बेटियों को घर में रहना खतरे से खाली नहीं था इसलिए दोनों को फिलहाल अल्पावास गृह में रखा गया है, जबकि सभी फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए उनके संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है।

# जिन्हें चौहद्दी तक का पता नहीं वो क्या करेंगे विकास

निज संवाददाता। बक्सर

लोकसभा चुनाव की सरगर्मी क्षेत्र में दिखने लगी है। बुधवार को बसपा प्रत्याशी अनिल कुमार कार्यकर्ताओं के साथ सदर प्रखंड के चुरामनपुर, पड़री, दहिवर, दलसागर, बरुणा, भटवलिया, निधुआ, बासौली, रामडीहा, बोक्सा, कुल्हाड़िया, जगदीशपुर, महदह, एकडेरवा, नादाव, सोन्हिला, हुकहा, लालगंज समेत दो दर्जन गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने भाजपा प्रत्याशी के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि जिस व्यक्ति को बक्सर की चौहद्दी पता नहीं वह क्या विकास करेगा? उनको तो यह कहना चाहिए कि हम बक्सर



को गोपालगंज बना देंगे। उन्होंने कहा कि बनारस से पहले बक्सर का अपना इतिहास रहा है। बक्सर का कोई बेटा यह नही चाहेगा कोई उनके बक्सर के इतिहास को बदलने की बात कहे। उन्होंने कहा कि कमल के लोग विदेशी प्लेयर उतारते हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की विदेशियों के हाथों में कब तक रहेगा बक्सर।

## एक नजर

### सीसीए के तहत 17 और अन्य अपराधी पर कार्रवाई

**सीवान (नि.सं.)।** सीवान के एसपी अमितेश कुमार की अनुशंसा पर जिला दंडाधिकारी सह जिलाधिकारी मुकुल कुमार गुप्ता ने सीसीए की कार्रवाई का निर्देश दिया है। इनको निष्पक्ष व भयमुक्त चुनाव में बाधक बताते हुए कार्रवाई की गई है। पूर्व में कुल 80 अपराधियों के विरुद्ध कार्रवाई की जा चुकी है। आगे 92 कुख्यातों पर कार्रवाई का डीएम से अनुरोध किया गया था। इसमें जिले के 17 कुख्यातों पर सीसीए-4 के तहत कार्रवाई की गई है। ये सभी 27 अप्रैल से चुनाव प्रक्रिया की समाप्ति तक 6 जून तक तक प्रतिदिन निर्धारित थाने मे हाजिरी लगायेंगे। जीबी नगर थाना क्षेत्र के काजी टोला रहमतुल्लाह अंसारी, भरतपुरा निवासी शंभू तिवारी व ओमप्रकाश तिवारी, दीनदयाल पुर निवासी मनोज चौधरी, नगर थाना क्षेत्र के नया बाजार हॉस्पिटल रोड निवासी भरत प्रसाद, पुरानी किला निवासी शाहिद अहमद उर्फ राजा अहमद, शुक्ला टोली निवासी जावेद भट उर्फ जावेद मियां पर सीसीए की कारवाई की गयी है। बड़हरिया थाना क्षेत्र के बड़का रोहड़ा निवासी अनिल सिंह, मुसेहरी निवासी वजीर अहमद उर्फ सरफराज, पडरौना निवासी सोनू उर्फ मोहम्मद अशरफ, बड़हरिया निवासी विरेन्द्र साह,, पुरैना गांव निवासी आजाद अली, नवलपुर निवासी आरिफ अली सहित मुफस्सिल थाना क्षेत्र के गोपालपुर निवासी अरविंद उर्फ रोहित उर्फ रजवा पर यह कार्रवाई की गई है। पचरुखी के सादिकपुर निवासी संजय सिंह व रघुनाथपुर थाना क्षेत्र के रघुनाथपुर निवासी दीपक पाण्डेय के विरुद्ध सीसीए की कार्रवाई की है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह दंडाधिकारी मुकुल कुमार गुप्ता ने बताया कि पुलिस अधीक्षक की अनुसंशा पर 17 के खिलाफ सीसीए की कार्रवाई हुई है। अब तक कुल 97 के खिलाफ सीसीए की कार्रवाई की है। सभी निर्धारित थाने में 6 जून तक अपनी हाजिरी लगायेंगे। हर हाल में चुनाव निष्पक्ष व भयमुक्त माहौल में होगा और उसके लिये जो भी आवश्यक होगा कदम उठाये जायेंगे।

### ऑटो और ट्रक के बीच टक्कर, दो भाई घायल



**जमुई (नि.सं.)।** जमुई थाना क्षेत्र अंतर्गत खैरमा के पास अनियंत्रित ऑटो ओवर टेक करने के दौरान ट्रक से टकरा गया। ऑटो पर सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों ने दोनों घायलों को इलाज के लिए जमुई सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां एक की हालत गंभीर होने के कारण उसे बेहतर इलाज के लिए पटना पीएमसीएच रेफर कर दिया गया। दोनों घायल आपस में भाई हैं। घटना जमुई मलयपुर मुख्य मार्ग के खैरमा के पास की है। घायल दोनों भाइयों की पहचान झाझा थाना क्षेत्र के सुंदरीटाड़ गांव निवासी सीताराम दास के पुत्र गोपाल दास और सौदागर दास के रूप में हुई है। घायल सौदागर दास ने बताया कि दोनों भाई जमुई कोर्ट काम से जा रहे थे। जमुई रेलवे स्टेशन से ऑटो से जमुई कोर्ट जा रहे थे। तभी खैरमा के पास ऑटो ओवर टेक करने के कारण ट्रक से टकरा गया। हादसे में दोनों भाई घायल हो गए। घटना में गोपाल दास की स्थिति गंभीर होने के कारण डॉक्टर ने बेहतर इलाज के लिए पटना पीएमसीएच रेफर किया है। घटना की सूचना परिजनों और पुलिस को दी गई।

### टोल कर्मी को पिस्टल दिखाने मामले में प्राथमिकी दर्ज

**मुजफ्फरपुर (नि.सं.)।** मुजफ्फरपुर में टोल टैक्स कर्मी को पिस्टल सटा कर धमकी देने की मामले में पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। इस दौरान सीसीटीवी फुटेज के अधार पर कार सवार व्यक्ति की पहचान की जा रही है। जांच में पता चला है की फास्ट टैग के माध्यम से टॉल भुगतान हुआ है, जिसके जरिए पुलिस बदमाश की पहचान कर गिरफ्तारी के लिए छापेमारी करने में जुट गई है। पुलिस ने बताया की प्रारंभिक जांच में मामला सत्य पाया गया है। उसके अनुसार हमलोग करवाई कर रहे है। जल्दी ही आरोपी की गिरफ्तार किया जाएगा। दरअसल, मुजफ्फरपुर में 23 अप्रैल को टोल प्लाजा पर कार सवार बदमाशों ने टोल टैक्स मांगने पर टोल कर्मी को पिस्टल सटाकर जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गया। इसके बाद टोल प्लाजा कर्मियो में दहशत का माहौल हो गया पूरे मामले को सीसीटीवी वीडियो के साथ टोल कर्मी ने पुलिस को लिखित शिकायत दर्ज करवाया, जिसमे टोल प्लाजा के प्रबंधक ओम प्रताप सिंह ने टोल प्लाजा पर एक हुंडई कार सवार व्यक्ति को ड्यूटी में तैनात टोल कर्मी नीरज कुमार गुप्ता द्वारा टोल भुगतान करने को कहा गया, जवाब में गाड़ी में सवार व्यक्ति द्वारा टोल का भुगतान नहीं करने की बात कहते हुए टोल कर्मी के साथ गाली-गलौज करने लगा और कमर से पिस्टल निकालकर टोल कर्मी के सीने में सटाते हुए जान से मारने की धमकी देकर फास्टैग द्वारा टोल भुगतान किया फिर चला गया।

### यूट्यूबर मनीष कश्यप बीजेपी में हुए शामिल, मनोज तिवारी ने दिलाई पार्टी की सदस्यता



**पटना।** पश्चिम चंपारण लोकसभा सीट से निर्दलीय चुनाव लड़ने का ऐलान कर चुके यूट्यूबर मनीष कश्यप बीजेपी में शामिल हो गए हैं। दिल्ली में मनोज तिवारी ने उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाई। मौके पर मनीष कश्यप ने कहा कि मेरी मां मोदी जी की बड़ी फैन हैं। उनके कहने पर मैंने ये फैसला लिया है। वैसे भी मेरी विचारधारा भारतीय जनता पार्टी से मिलती है। हम कल मनोज तिवारी के साथ बिहार से आए। उनके कारण ही मैं जेल से रिहा हो सका और मेरे जीवन के बुरे दिन खत्म हो गए। इसलिए मैं भाजपा में शामिल हो गया। हमें बिहार को मजबूत करना है। लालू परिवार ने बिहार को लूट कर बर्बाद कर दिया। भाजपा के साथ मिलकर बिहार को मजबूत करूंगा। फर्जी वीडियो से जुड़े मामले पर बोलते हुए कहा कि मेरे खिलाफ आरोप लगाए गए, लेकिन पटना कोर्ट ने न केवल मुझे जमानत दे दी, बल्कि मुझ पर लगाया गया एनएसए भी वापस ले लिया। सनातन को बदनाम करने वालों और राष्ट्रवाद के विरोधियों के खिलाफ लड़ाई जारी रहेगी। मनीष कश्यप ने कहा कि भाजपा में शामिल होने के बाद बीजेपी नेता संजय मयूख के मनीष कश्यप ने तस्वीर भी जारी की। बता दें कि मनीष कश्यप के निर्दलीय चुनाव लड़ने वाले थे। वह क्षेत्र में घूम घूमकर लोगों से वोट मांग रहे हैं। इसी क्रम में चुनावी सभा को संबोधित करने को लेकर उनपर आचार संहिता उल्लंघन का मामला भी दर्ज हुआ है। बताया जा रहा है कि मनीष कश्यप के साथ पूर्वी चंपारण के दरपा थाना क्षेत्र के नरकटिया गांव निवासी प्रकाश साह और 10 अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। मनीष कश्यप ने 2020 में बिहार की चनपटिया विधानसभा सीट से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ा था, जिसमें उन्हें हार मिली थी। मालूम हो कि तमिलनाडु में बिहार के मजदूरों के साथ मारपीट का फर्जी वीडियो शेयर करने को लेकर यूट्यूबर मनीष कश्यप की मुश्किलें बढ़ी थी। इस मामले में बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई (EOU) ने मनीष कश्यप के खिलाफ FIR दर्ज की थी। जब इस केस में छापेमारी शुरू हुई तो कई दिनों तक गिरफ्तारी के डर से मनीष कश्यप बिहार छोड़कर फरार हो गए थे। उनकी तलाश में कई जगहों पर छापेमारी हुई थी। बेतिया पुलिस ने 18 मार्च 2023 को दूसरे केस में मनीष के घर की कुर्की जब्ती शुरू की तो उसने स्थानीय थाने में सरेंडर किया। उसी दिन पटना से गई EOU की टीम ने उसे अपने केस में कब्जे में लिया था।रिमांड पर लेकर उससे पूछताछ की और उसे जेल भेज दिया था।

---

बाइक से आए चार अपराधियों न चला दी ताबड़तोड़ गोलियां

# अपराधियों ने जदयू नेता की गोली मारकर की हत्या, दोस्त गंभीर

निज संवाददाता



**पटना।** पटना में बदमाशों ने जदयू नेता सौरभ कुमार (33) की गोली मारकर हत्या कर दी है। सौरभ अपने दोस्त मुनमुन के साथ रात 12 बजे कार से एक शादी के रिसेप्शन से लौट रहे थे। इसी दौरान बाइक सवार 4 बदमाशों ने करीब 5 राउंड फायरिंग की। सौरभ कुमार के सिर में 2 गोली लगी। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। जबकि उनके दोस्त मुनमुन कुमार को 3 गोलियां लगी हैं। उन्हें गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामला पुनपुन थाना क्षेत्र के बढ़िया कॉल गांव का है। सौरभ कुमार प्रॉपर्टी डीलिंग का भी काम किया करते थे। घटना की जानकारी मिलते ही पाटलिपुत्र सीट से आरजेडी प्रत्याशी और लालू यादव की बड़ी बेटी मीसा भारती ने सौरभ कुमार के परिवार से मुलाकात की। इधर, सरकार ने कहा है कि दोषियों पर कड़ी कार्रवाई होगी। RJD का कहना है कि सरकार में भी लोग सुरक्षित नहीं हैं। ये कौन सा राज है। हत्या के बाद पूरे गांव में सनसनी का माहौल बन गया। आसपास के लोग सड़क पर उतर आए। लोगों ने पुनपुन पटना मार्ग पर जमकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। सभी अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग करने लगे। हत्या और लोगों के प्रदर्शन की सूचना मिलते ही सिटी एसपी पूर्वी भारत सोनी सहित पुलिस के कई अधिकारी मौके पर पहुंचे। लोगों को शांत कराया गया। पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

बताया जा रहा है कि शिवनगर निवासी जदयू नेता सौरभ कुमार अपने एक दोस्त मुनमुन कुमार के साथ पुनपुन के बढइयां कॉल गांव एक शादी की रिसेप्शन पार्टी में गए थे। बढ़इया कॉल गांव में अजीत कुमार के भाई के शादी की रिसेप्शन पार्टी चल रही थी। रिसेप्शन पार्टी के बाद अपने दोस्त के साथ लौटने के लिए सौरभ अपनी कार में बैठ रहे थे। इसी दौरान बाइक से आए 4 अपराधियों ने ताबड़तोड़ गोलियां चला दीं। इस घटना में दोनों घायल हो गए। दोनों को इलाज के लिए पटना के एक नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया जहां डॉक्टर ने जदयू नेता सौरभ कुमार को मृत घोषित कर दिया। फायरिंग में सौरभ कुमार के दोस्त मुनमुन कुमार को दो गोली लगी है। मुनमुन कुमार की स्थिति अभी भी गंभीर बनी हुई है। मुनमुन कुमार को पटना के कंकड़बाग स्थित एक निजी नर्सिंग होम में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। सिटी एसपी पूर्वी भारत सोनी ने बताया कि पुलिस पूरे मामले की छानबीन चल रही है। घटना के कारण पूछे जाने पर उन्होंने फिलहाल कुछ भी बताने से इनकार कर दिया है। उन्होंने बताया कि पुलिस मौके पर डॉग स्क्वायड और एफएसएल टीम के माध्यम से छानबीन कर रही है। जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी होगी। जेडीयू प्रवक्ता अभिषेक झा ने कहा कि दोषी किसी हाल में बख्शे नहीं जाएंगे। दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई होगी। बहुत जल्द पुलिस की गिरफ्त होंगे। अगर कोई ये सोचेगा कि अपराध कर के बच जाएगा, तो ये नीतीश कुमार की सरकार है। बचना मुश्किल है। सौरभ की हत्या अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण हैं। पीड़ित परिवार के साथ हमारी संवेदनाए हैं। बिहार कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश सिंह ने कहा कि किसी भी कार्यकर्ता की हत्या निंदनीय है। मैं इसकी निंदा करता हूं। सरकार को चाहिए कि कार्रवाई करे। दोषी को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए। RJD नेता मृत्युंजय तिवारी ने कहा, बिहार में आम लोगों की क्या बात की जाए जब सरकार के लोग ही सुरक्षित नहीं रहे। NDA सरकार ने यहां अपराधी राज कायम कर दिया। अब क्यों BJP, JDU के नेता चुप हैं?... जो लोग जंगलराज का कैसेट बजा रहे थे उन्हें बताना चाहिए कि अब कौन सा राज है?

---

## आरा मशीन में आग लगने से 12 लाख की संपत्ति जलकर राख



निज संवाददाता

**गोपालगंज।** गोपालगंज के थावे थाना क्षेत्र स्थित फ्लाईओवर के पास गुरुवार की सुबह इंदरवा अब्दुल्ला निवासी शेर आलम के आरा मशीन में आग लग गई। सूचना मिलते ही दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची और करीब 2 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। इस अगलगी की घटना में करीब 12 लाख रुपए के क्षति होने का अनुमान लगाया जा रहा है। इंद्रवा अब्दुला गांव निवासी पूर्व मुखिया शेर आलम के आरा मशीन में अचानक आग लग गई। आग शॉर्ट-सर्किट के कारण लगी थी। आग की लपटें इतनी तेज थी कि आसपास के लोगों में काफी दहशत फैल गई। स्थानीय लोगों ने आग पर काबू पाने की कोशिश की गई, लेकिन आग की लपटें लगातार फैल रही थी। सूचना फायर बिग्रेड को दी गई। सूचना पाकर फायर बिग्रेड की 12 गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। अगलगी की घटना में करीब 12 लाख रुपए का नुकसान होने का अनुमान लगाया जा रहा है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

### इलेक्ट्रिक दुकान में लगी आग, लाखों का नुकसान

**बेगूसराय (नि.सं.)।** बेगूसराय में अगलगी से लाखों की संपत्ति जलकर राख हो गई है। घटना बखरी थाना क्षेत्र के बखरी मुख्य बाजार की है। गायत्री इलेक्ट्रिक दुकान में लगी भीषण आग में पांच लाख से अधिक का सामान जलकर राख हो गया है। घटना देर रात करीब 2:30 बजे की बताई जा रही है। स्थानीय लोगों ने बताया कि देर रात दुकान में भीषण आग लगने के बाद जब आसपास के लोगों की नजर गई तो तुरंत दुकान मालिक अशोक तुलस्यान तथा फायर ब्रिगेड को भी जानकारी दी गई।

---

## अलग-अलग जगहों से दो अपराधी गिरफ्तार



निज संवाददाता

**अररिया।** अररिया पुलिस ने भरगामा थाना क्षेत्र के अलग-अलग जगह से अवैध हथियार व जिंदा कारतूस के साथ दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है। फारबिसगंज डीएसपी मुकेश कुमार साहा के नेतृत्व में भरगामा पुलिस ने मौजहा गांव में छापेमारी कर एक पिस्टल और 16 कारतूस, एक मोबाइल बरामद करते हुए रवि भूषण यादव को गिरफ्तार किया है। जबकि दूसरी तरफ फरार अपराधी को भरगामा थाना पुलिस ने अकरथापा से एक लोडेड कट्टा व 2 कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधी अकरथापा निवासी मो. सद्दाम है। अररिया एसपी कार्यालय से बुधवार देर रात 10:30 बजे मामले की जानकारी दी गई। फारबिसगंज डीएसपी मुकेश कुमार साहा के नेतृत्व में भरगामा पुलिस ने मौजहा गांव में छापेमारी की। यूएसए निर्मित एक पिस्टल व 16 पीस कारतूस, एक मोबाइल बरामद किया। मो. सद्दाम के साथ बैठा एक और आरोपी पुलिस को देखकर भाग गया। गिरफ्तार अभियुक्तों का पुराना इतिहास रहा है। थानाध्यक्ष मनीष कुमार ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त अपने घर के आगे मचान पर बैठा था। पुलिस को देखते ही भागने लगा जिसे खदेड़कर पकड़ा गया। अभियुक्त पुलिस के साथ हाथापाई करने लगा। जिसे सशस्त्र बल के सहयोग से काबू में किया गया।

## एसआईटी की टीम ने अंतरजिला लूट गिरोह के चार सदस्यों को किया गिरफ्तार, बाइक, 9 मोबाइल, 1 हजार नगद बरामद



निज संवाददाता

**लखीसराय।** लखीसराय में एसआईटी की टीम ने अंतरजिला लूट गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है। साथ ही लूट की बाइक, 9 मोबाइल, एक हजार नगद रुपए और घटना में प्रयुक्त बाइक को भी बारमद किया है। एसपी पंकज कुमार ने बताया कि बीते 19 अप्रैल की देर शाम कजरा, पीरिबाजार और मुंगेर जिले के धरहरा में अपराधियों ने बाइक, रुपए, आभूषण और मोबइल की लूट की घटना को अंजाम दिया था। घटना के बाद एसडीपीओ शिवम् कुमार के नेतृत्व मे तकनीकी अनुसंधान और गुप्त सूचना के आधार पर मुंगेर जिले के फरदा गांव से छोटू कुमार को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार छोटू कुमार से जब कड़ी पूछताछ की गई तो उसके बताया गए निशानदेही पर चन्दन, हिमांशु और पिंटू को भी गिरफ्तार किया गया। हालांकि इस घटना में शामिल दो अपराधी भागने में सफल रहे। फिलहाल एसआईटी की टीम दोनों अपराधियों की गिरफ्तारी में जुटी है। गिरफ्तार चारों लुटेरों से पुलिस कड़ी पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

### जाली नोट के साथ तस्कर गिरफ्तार

निज संवाददाता

**बेतिया (पश्चिमी चम्पारण)।** इंडो-नेपाल बॉर्डर स्थित इनरवा बजार से जाली नोट के साथ एक तस्कर को एसएसबी जवानों ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्कर से एसएसबी जवानों ने पूछताछ करने के बाद पुलिस को सौंप दिया है। जानकारी के अनुसार नगरदेही एसएसबी में तैनात 44वीं बटालियन के जवानों ने इनरवा बाजार से बाइक की डिक्की में छिपा कर रखे गए 500 के 89 नोट के साथ तस्कर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्कर की पहचान इनरवा थाना क्षेत्र के इनरवा गांव निवासी नौशाद आलम के 25 वर्षीय पुत्र राजू आलम के रूप में की गई है। नगरदेही कैंप के इंस्पेक्टर तनुज महना ने बताया कि एसएसबी जवानों ने गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार तस्कर को अग्रेतर कार्रवाई के लिए इनरवा पुलिस को सुपुर्द कर दिया गया। इनरवा थानाध्यक्ष बसंत कुमार ने बताया कि एसएसबी के आवेदन पर जाली नोट के साथ गिरफ्तार तस्कर राजू आलम के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि तस्कर से पूछताछ की जा रही है। जाली नोट कहां से लेकर आ रहा था और कहां लेकर जा रहा था। उसके साथ कितने लोग इस धंधे में शामिल है। पता लगाया जा रहा।

---

## चोरों ने एक घर में घुसकर की नौ लाख की चोरी

निज संवाददाता



**पूर्णिया।** पूर्णिया में बेखौफ चोरों ने एक घर में घुसकर 9 लाख की भीषण चोरी की घटना को अंजाम दिया है। गृहस्वामी घर बंद कर सपरिवार साले के के निधन के बाद ससुराल गए थे। इसी का फायदा उठाकर बेखौफ चोर घर में घुसे। घर में रखे 9 लाख रुपए कैश पर अपना हाथ साफ कर लिया। चोरी की वारदात की सूचना पाकर बुधवार शाम वे घर पहुंचे और पुलिस को घटना की सूचना दी। चोरी की यह वारदात मरंगा थाना क्षेत्र के बहादुरपुर गांव की है। पीड़ित गृहस्वामी की पहचान शहर के मरंगा थाना क्षेत्र के बहादुरपुर गांव निवासी सुनील कुमार सिन्हा के रूप में हुई है। पीड़ित गृहस्वामी ने बताया कि साला के निधन की खबर मिलने के बाद वे सपरिवार ससुराल समेली चले गए थे। अगले दिन शाम गए जब वे सभी वापस घर पहुंचे तो मेन गेट का ताला टूटा था। घर के अंदर प्रवेश करने पर अंदर का दृश्य देखकर भौचक रह गए। घर का सारा सामान इधर उधर बिखरा था। वहीं गोदरेज का लॉक टूटा था। लॉकर में रखे गए 9 लाख कैश गायब थे।

ये पैसे बेटी कि शादी के लिए संभालकर रखे गए थे। उन्होंने बताया कि चोर वेन्डिलेटर के रास्ते घर के अंदर घुसे और फिर चोरी कि घटना को अंजाम दिया है। वेज इसके बाद उन्होंने पुलिस की कॉल कर घटना की सूचना दी। वहीं घटना की जानकारी देते हुए मरंगा थानाध्यक्ष ने बताया कि गृह स्वामी की ओर से चोरी की सूचना मिली थी। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। पूर्णिया के मरंगा थाना क्षेत्र के बहादुरपुर गांव में बंद घर के वेन्डिलेटर के रास्ते घर के अंदर प्रवेश कर 10 लाख चोरी होने का मामला प्रकाश में आया है। जिसको लेकर पीड़ित ने मरंगा थाना में आवेदन देकर न्याय कि गुहार लगाई है। वही घटना कि जानकारी मिलते मरंगा पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर मामले कि छानबीन में जुट गयी है।

### अंतराष्ट्रीय सीमा से बंगलादेशी नागरिक गिरफ्तार

**किशनगंज (नि. सं.)।** भारत-बांग्लादेश अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर तैनात बीएसएफ से जवानों के द्वारा लगातार चेकिंग तेज कर दी गई है। इसी क्रम में जवानों को बड़ी सफलता हासिल मिली है। भारत बांग्लादेश सीमा पर तैनात उत्तर बंगाल फ्रंटियर के किशनगंज सेक्टर के अंतर्गत 72 बटालियन बीएसएफ के बीओपी सीमा प्रहरियों ने एक बंगलादेशी नागरिक को पकड़ने में सफलता हासिल की है। बांग्लादेशी नागरिक मानसिक रूप से विक्षिप्त है जो अनजाने में बांग्लादेश से भारत की सीमा पार करने की कोशिश कर रहा था। तलाशी के क्रम में उक्त नागरिक के पास से 115 बांग्लादेशी टका बरामद हुआ है। जिसके बाद बीएसएफ के द्वारा फ्लैग मीटिंग के माध्यम से उक्त नागरिक को बीजेबी को सौंप दिया गया है। बीएसएफ महानिरीक्षक सूर्यकांत शर्मा ने बताया कि उनके नेतृत्व में इस कारवाई को किया गया है। जहां एक

## दहेज के लिए विवाहिता को जान से मारने की कोशिश, पति गिरफ्तार



» आरोपी को गिरफ्तार कर साथ ले जाती पुलिस

निज संवाददाता

**बेतिया (पश्चिमी चम्पारण)।** बेतिया में एक विवाहिता को दहेज के लिए मारने की कोशिश की है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। घटना शिकारपुर थाना क्षेत्र के केसरिया गांव की है। थाना अध्यक्ष अवनीश कुमार ने बताया कि गिरफ्तार पति की पहचान केसरिया गांव निवासी संतोष यादव के रूप में की गई हैं। उन्होंने बताया कि संतोष के खिलाफ उसकी पत्नी सुमन देवी ने दहेज को लेकर प्रताड़ित करने और जान से मारने का आरोप लगाते हुए पति संतोष समेत चार लोगो के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। फरार अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। थानाध्यक्ष ने बताया कि एफआईआर में सुमन देवी ने बताया है कि उसकी शादी चार वर्ष पूर्व संतोष यादव से हुई है। उसे एक बच्चा भी है। उसके पति समेत ससुराल वाले दहेज में एक लाख रुपए और बाइक की मांग करने का दबाव बनाने लगे।

---

## सड़क दुर्घटना में दंपत्ती बुरी तरह घायल



निज संवाददाता

**शेखपुरा।** शेखपुरा में गुरुवार को बरबीघा-सरमेरा मुख्य सड़क मार्ग पर गांगटी मोड़ के पास मारुति वैन और पिकअप वैन के बीच आमने-सामने हुई टक्कर में मारुति वैन पर सवार दंपती बुरी तरह घायल हो गए। घटना के दौरान दोनों वाहन क्षतिग्रस्त होकर सड़क किनारे जा पलटे। घटना में घायल दंपती को स्थानीय लोगों की सहायता से इलाज के लिए रेफरल अस्पताल बरबीघा में भर्ती कराया गया है। घायलों की पहचान बरबीघा शहर में संचालित मां वैष्णवी आंख अस्पताल के संचालक 32 वर्षीय सौरभ कुमार और उनकी पत्नी के रूप में की गई है। घटना में युवक की हालत गंभीर होने के कारण चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर पावापुरी रेफर कर दिया। अस्पताल संचालक अपनी पत्नी के साथ वैन पर सवार होकर प्रख्यात पंच बदन स्थान शिव मंदिर कुसेढ़ी जा रहे थे। वाहन को वे खुद ड्राइव कर ले जा रहे थे। तभी रास्ते में गांगटी मोड़ के समीप सामने से तेज गति में आ रहे एक पिकअप वैन ने उनके वाहन को जोरदार टक्कर मार दी। चालक कूद कर निकल भागने में सफल हो गया।

### निरीक्षी अधिकारी के प्रति केके पाठक की नाराजगी

**सीतामढ़ी (नि.सं.)।** शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव केके पाठक ने अपने निरीक्षि पदाधिकारियों के प्रति नाराजगी जाहिर की है। जिले में गर्मी की छुट्टी के दौरान स्कूलों में संचालित मिशन दक्ष का दैनिक निरीक्षण रिपोर्ट संबंधित प्रखंडों ने ई-शिक्षा पोर्टल पर इंट्री कराने में शिथिलता बरती जा रही है। राज्य स्तरीय विभागीय समीक्षा में यह बात सामने आयी है कि जिले में 15 से 22 अप्रैल तक विभिन्न अधिकारियों व कर्मियों (निरीक्षी अधिकारियों) द्वारा कुल 7502 निरीक्षण तो किया गया, लेकिन 22 अप्रैल तक ई-शिक्षा पोर्टल पर 5261 निरीक्षण का रिपोर्ट ही एंट्री किया जा सका है। जबकि विभागीय आदेश के तहत स्कूलों का दैनिक निरीक्षण रिपोर्ट उसी दिन प्रखंडों द्वारा समेकित कर ई-शिक्षा पोर्टल पर एंट्री किया जाना है।

## तीन केंद्र से ईवीएम डिस्पैच का कार्य शुरू

निज संवाददाता



**कटिहार।** लोकसभा चुनाव को लेकर कटिहार मे ईवीएम डिस्पैंच का कार्य शुरू हो चुका है, कटिहार में कुल 1854 मतदान केंद्र के लिए ईवीएम डिस्पैच होना है। जबकि पूर्णिया लोकसभा क्षेत्र के कटिहार के कोढ़ा विधानसभा के लिए 300 मतदान केंद्र के लिए ईवीएम डिस्पैच होना है। बलरामपुर में दो और प्राणपुर में एक सहायक मतदान केंद्र भी बनाया गया है। जिसके लिए भी ईवीएम डिस्पैच होना है। कटिहार और कटिहार के कोढ़ा विधानसभा क्षेत्र जो पूर्णिया लोकसभा क्षेत्र में आता है इसके लिए तीन अलग-अलग डिस्पैच सेंटर से कुल 2154 मतदान केंद्र तक डिस्पैच कार्य जारी है। कटिहार विधानसभा में 292 केंद्र, कदवा विधानसभा में 285 केंद्र, बलरामपुर विधानसभा में 354 केंद्र, प्राणपुर विधानसभा में 331 केंद्र, मनिहारी विधानसभा में 306 केंद्र, बरारी विधानसभा में 286 केंद्र के लिए कल मतदान होना है, जिसको लेकर अब कटिहार के तीन अलग-अलग डिस्पैच सेंटर से ईवीएम डिस्पैच का कार्य जारी है। कटिहार बाजार समिति तीगछिया से कटिहार विधानसभा, मनिहारी विधानसभा और बरारी विधानसभा के लिए ईवीएम डिस्पैच होना है। जबकि दर्शन शाह महाविद्यालय से कदवा विधानसभा, प्राणपुर विधानसभा और बलरामपुर विधानसभा के लिए ईवीएम डिस्पैच होना है, जबकि पूर्णिया लोकसभा क्षेत्र के कोढ़ा विधानसभा के लिए बालिका छात्रावास प्लस टू प्रोजेक्ट उच्च विद्यालय कोढ़ा से ईवीएम डिस्पैच हो रहा है।

# डीएम के साथ अधिकारी व आम लोग भी हुए शामिल, की गई वोट देने की अपील

## ढोल-नगाड़े के साथ निकाली गई जागरूकता रैली

- 26 अप्रैल (शुक्रवार) को जिले में मतदान होना है।

निज संवाददाता

**भागलपुर।** समाहरणालय परिसर से जिला अधिकारी के अध्यक्षता में ढोल-नगाड़े के साथ मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। इस जागरूकता रैली में करीब हजारों की संख्या में छात्र-छात्राएं एनसीसी कैडेट, अधिकारी, भागलपुर के आम लोग भी शामिल हुए। जिलाधिकारी ने मतदाता जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बता दे की



26 अप्रैल(शुक्रवार) को जिले में मतदान होना है। इसको लेकर जिला प्रशासन की ओर से पूरी तैयारी कर ली गई है। लोगों को जागरूक करने के लिए जिला प्रशासन की ओर से कई तरह की कवायत की जा रही है बृहस्पतिवार को जिलाधिकारी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी नवल किशोर चौधरी ने समाहरणालय परिसर से जागरूकता रैली निकालकर घंटाघर चौक होते हुए शहर के कई इलाकों में भ्रमण किया और लोगों को मतदान करने की अपील किया। शुक्रवार की सुबह 7:00 से मतदान की प्रक्रिया शुरू होगी। शाम के 6:00 बजे तक चलेगा। लेकिन जिला प्रशासन की ओर से सुविधा दी गई है कि शाम 6:00 के बाद भी अगर कोई मतदाता मतदान देने से विलंब हो गया तो उसके लिए देर रात तक भी मतदान प्रक्रिया चलेगी। जिलाधिकारी नवल किशोर चौधरी ने बताया कि 26 अप्रैल शुक्रवार के दिन जिले भर में मतदान होना है। जिसको लेकर जिला प्रशासन की ओर से पूरी तैयारी कर ली गई है। लोगों को जागरूक करने के लिए मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई है। इस रैली में एनसीसी कैडेट के बच्चे, स्कूली एवं कॉलेज के छात्र-छात्राएं आम लोग शामिल हुए हैं। भागलपुर वासियों के लिए प्रतिष्ठा का सवाल है। इसलिए सभी से अपील कर रहे हैं कि लोकसभा चुनाव 2024 में अपना मत का प्रयोग जरूर करें। इस रैली में जिलाधिकारी नवल किशोर चौधरी, जिला संयुक्त निदेशक पदाधिकारी डीडीसी के अलावा कई अधिकारी एवं हजारों की संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

# अवैध संबंध का विरोध करने पर पति की कर दी थी हत्या, पत्नी दोषी करार

निज संवाददाता

**भागलपुर।** भागलपुर के बबरगंज थानाक्षेत्र में प्रेमी जट्टा उर्फ कृष्णा कुमार के साथ मिलकर अपने पति नंदकिशोर मंडल की गला घोंटकर हत्या करने वाली मीना देवी को न्यायालय ने हत्या का दोषी ठहराया है। एडीजे-14 विवेक कुमार ने बुधवार को नंदकिशोर हत्याकांड की सुनवाई पूरी करते हुए पत्नी मीना देवी को दोषी ठहराते हुए सजा सुनाने के लिए छह मई 2024 की तिथि तय कर दी है। केस के ट्रायल के दौरान अपर लोक अभियोजक संजय प्रसाद यादव ने पांच गवाहों की गवाही कराई थी, जिसने मीना को पति की हत्या में संलिप्तता संबंधी गवाही दी थी। हत्या के तीन साल पूर्व मीना सजौर थानाक्षेत्र निवासी कृष्णा कुमार उर्फ जट्टा के साथ पति के साथ रहते भाग गई थी। उसके बाद से वह पति से दूर



जट्टा के साथ ही कहीं किराए का कमरा लेकर रहा करती थी। इस बीच मीना ने पति नंदकिशोर मंडल द्वारा खरीदी गई दो कट्टा जमीन जो उसके नाम से थी, वह बिना पति को जानकारी दिए बेच दी थी। पति जट्टा के साथ उसके गलत रिश्ते का विरोध करना शुरू कर दिया था, जिससे वह कुपित थी। हत्या को अंजाम देने के चार दिनों पूर्व वह प्रेमी जट्टा को छोड़ पति नंदकिशोर के पास आकर रहने लगी। इस दौरान उसने साजिश के तहत जट्टा को बुलाकर उसके साथ मिलकर पति की गला घोंटकर हत्या कर दी। हत्या को अंजाम देने के बाद अपने दामाद शत्रुघ्न मंडल को खुद सूचना दी कि किसी ने पति की हत्या कर दी है। पहले तो दामाद सास की सूचना पर झांसे में आ गया, लेकिन सास-ससुर के खराब रिश्ते की जानकारी दामाद को थी। दामाद के बयान पर बबरगंज थाने में हत्या का केस दर्ज किया गया था, जिसमें आरोपित मीना देवी बनाई गई थी। जट्टा को भी केस में आरोपित बनाया गया था, जिसका ट्रायल अलग हुआ था।

# भागलपुर से हावड़ा के बीच चलेगी वंदे मेट्रो ट्रेन, टाइम टेबल जारी

निज संवाददाता

**भागलपुर।** भागलपुर से हावड़ा के बीच वंदे मेट्रो ट्रेन चलेगी। आठ कोच वाली यह ट्रेन भागलपुर और हावड़ा से सप्ताह में छह दिन ही चलेगी। भागलपुर से बुधवार और हावड़ा से मंगलवार को नहीं चलेगी। वंदे मेट्रो के परिचालन की समय-सारिणी भी जारी कर दी गई है। यह ट्रेन भागलपुर से सुबह 6:15 बजे चलेगी और 7:28 बजे यह साहिबगंज स्टेशन व 8:15 पर बड़हरवा पहुंच जाएगी। दो मिनट रुकने के बाद यह ट्रेन बड़हरवा से खुलने के बाद अजीमगंज, कटवा, नौदीपधाम होते हुए दोपहर के 2:25 बजे हावड़ा पहुंच जाएगी। वहीं, हावड़ा से यह ट्रेन दोपहर 1:30 बजे चलेगी और 9:55 बजे रात को भागलपुर पहुंचेगी। 439.57



किलोमीटर का सफर 7:30 घंटे में तय करेगी। इस ट्रेन में स्लीपर की व्यवस्था नहीं होगी, बल्कि चेयरकार कोच रहेगा। लोकसभा चुनाव संपन्न होने और नई सरकार बनने के बाद इस ट्रेन के परिचालन तिथि की घोषणा करने की उम्मीद है। किऊल रेलखंड पर वंदे भारत ट्रेन भी चलेगी। वंदे भारत के साथ भागलपुर-हावड़ा के अलावा दो और वंदे भारत मेट्रो ट्रेनों का भी परिचालन होगा। इसके लिए रेलवे बोर्ड से रिपोर्ट मांगी गई थी। पूर्व रेलवे के मुख्यालय से रेलवे बोर्ड को परिचालन संबंधित रिपोर्ट भेज दी गई है। इसके साथ ही भागलपुर होकर जमालपुर से मालदा, भागलपुर-हावड़ा और भागलपुर-देवघर के बीच तीन वंदे भारत मेट्रो ट्रेन का परिचालन होगा। मालदा रेल मंडल अंतर्गत रेलवे ट्रैक पूरी तरह से दुरुस्त है। किऊल रेलखंड पर ट्रेनों की अधिकमत गति प्रति घंटे 110-130 किलोमीटर है। मालदा रेल मंडल के कई स्टेशनों को नया लुक दिया जा रहा है। स्टेशनों के आधुनिकीकरण के साथ ही यात्री सुविधाओं में बढ़ोतरी करना पहली प्राथमिकता है।

## तेज रफ्तार दौड रही स्कॉर्पियो ने विद्युत ट्रांसफार्मर पोल में मारी जोरदार टक्कर

**जमालपुर (नि.सं.)।** तारापुर से कजरा जा रही एक तेज रफ्तार की स्कॉर्पियो वाहन ने बुधवार की अहले सुबह अनियंत्रित हो गयी, तथा फरीदपुर थाना के ठीक सामने जमालपुर धरहरा रोड किनारे एक विद्युत ट्रांसफार्मर की पोल में जोरदार टक्कर मार दी। विद्युत पोल की ट्रांसफार्मर में वाहन के धक्के से जहां विद्युत पोल क्षतिग्रस्त हो गया, वहीं विद्युत सप्लाई भी ठप हो गयी। पुलिस ने वाहन को जब्त कर लिया है। घटना सुबह करीब 4 बजे की है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि तारापुर से कजरा जा रही तेज रफ्तार की 24बीएच 5415 ए नंबर की स्कॉर्पियो ट्रांसफार्मर की विद्युत पोल में जोरदार धक्का मार दी। विद्युत पोल के क्षतिग्रस्त कर दिया। इससे ट्रांसफार्मर भी नीचे की ओर लटक गया। ग्रामीण दौड़े और वाहन को जब्त कर लिया गया। इस बावत एसएचओ राजेश कुमार ने बताया कि घटना के बाद विद्युत विभाग के पदाधिकारी और वाहन सवार के बीच आपासी समझौता हो गया है।

इसलिए किसी भी तरह की न

# लापता युवक का शव कुएं से बरामद

- 24 अप्रैल की देर रात युवक को शव कुएं से बरामद किया गया।पुलिस को जब शक हुआ तो सख्ती से पूछताछ किया गया।

निज संवाददाता

**भागलपुर।** भागलपुर के सुलतानगंज थाना क्षेत्र के मिरहट्टी गांव में 22 अप्रैल से लापता एक युवक का लाश गांव के ही ब्राह्मण टोला के ठाकुरवाडी कुआं में बरामद हुआ। स्थानीय लोगों ने घटना की



जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर छानबीन में जुट गई है। ममले को लेकर बताया जा रहा है कि 22 अप्रैल को युवक लापता हो गया था। परिजनों ने काफी खोजबीन किया लेकिन कोई अता-पता नहीं चला। 24 अप्रैल की देर रात युवक को शव कुएं से बरामद किया गया। इधर, घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजन व स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं दर्जनों की संख्या में ग्रामीणों घटनास्थल पर पहुंचे। मरने वाले की पहचान मीरहटीगांव निवासी दिलकश बिंद के पुत्र विराट कुमार के रूप में हुई है। विराट 22 अप्रैल की देर शाम 7:00 बजे घर से लापता हुआ था इसके बाद उसका कोई अता पता नहीं चला परिजनों ने काफी खोजबीन की लेकिन कोई जानकारी नहीं लगी। इधर घटना की सूचना मिलने के बाद सुलतानगंज पुलिस मौके पर पहुंच कर सबको अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने की तैयारी में है। मामले को लेकर सुलतानगंज थाना अध्यक्ष प्रयनिरंजन ने बताया कि पूरे मामले की जांच की जा रही है।

## विद्यालय से स्मार्ट क्लास के इलेक्ट्रोनिक्स उपकरण की चोरी

**मुंगेर (नि.सं.)।** वासुदेवपुर्न थानान्तर्गत मध्य विद्यालय माधोपुर में अज्ञात चोरों ने मंगलवार की रात चोरी की घटना को अंजाम देते हुए स्मार्ट क्लास के कई इलेक्ट्रोनिक्स उपकरणों की चोरी कर ली। इस संबंध में विद्यालय के प्रधानाध्यापक हिमांशू शेखर ने वासुदेवपुर थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराया है। जिसमें बताया कि बुधवार सुबह जब विद्यालय खुला तो स्मार्ट क्लास के लिए दो कक्षा में लगा इलेक्ट्रोनिक्स उपकरण गायब मिला। स्मार्ट क्लास के लिए कक्षा में लगा सेटअप प्रोजेक्टर, यूपीएस, बैटरी, माउस और माइक सेट गायब मिला। आलमीरा को तोड़ कर उसमें रखा सामान भी चोर चोरी कर चुके थे।

## 28 मुंगेर लोक सभा के लिए नामांकन का आज अंतिम दिन

**मुंगेर (नि.सं.)।** चौथे चरण में होने वाले चुनाव को लेकर 28 मुंगेर लोकसभा के लिए नामांकन का आज अंतिम दिन है। 13 अभ्यर्थियों ने नामांकन के लिए नाजीर रसीद कटाया है। जिसमें अब तक सात लोगों ने नामांकन का पर्चा दाखिल कर दिया है। अभ्यर्थी के आज नामांकन करने की संभावना है। नामांकन को लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। नामांकन करवाने वाले अभ्यर्थी अपने नामांकन दस्तावेज को ठीक करने में जुटे हुए हैं।

3:00 बजे अंतिम समय है, उसके बाद नामांकन प्रक्रिया समाप्त हो जाएगी।

# अगलगी में 2 फूस के मकान जलकर राख, मुंगेर में दो मवेशी सहित एक महिला आग से झुलसी



- घायल महिला की पहचान उमेश मंडल की 30 वर्षीय पत्नी क्रांति देवी के रूप में हुई है।

निज संवाददाता

**मुंगेर।** मुंगेर जिला अंतर्गत मुफस्सिल थाना क्षेत्र के मनियारचक गांव स्थित पीर स्थान टोला में बुधवार को आग लगने दो फूस का मकान जलकर पुरी तरह से नष्ट हो गया। जबकि इस घटना में दो मवेशी और एक महिला भी आग की चपेट में आने से झुलस गई। घायल महिला की पहचान उमेश मंडल की 30 वर्षीय पत्नी क्रांति देवी के रूप में हुई है। परिजनों ने घायल महिला को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया जहां मौजूद चिकित्सक के द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। इधर अगलगी की घटना में घर के अंदर रखा कपड़ा अनाज, साइकिल सहित अन्य सामान जलकर नष्ट हो गया। ग्रामीणों ने बताया कि जिस वक्त किसान उमेश मंडल घर में नहीं थे, उसी समय उसकी फूस की मकान में आग लग गई। जिसके बाद पछुआ हवा चलने के कारण आग की लपटें काफी तेज हो गई। आसपास के ग्रामीणों द्वारा तुरंत इसकी सूचना पुलिस प्रशासन और अग्निशमन विभाग को दिया गया। ग्रामीणों द्वारा चापानल से आग को बुझाने का प्रयास किया जा रहा था। तब तक आग से निकली चिंगारी के कारण आसपास घरों को भी नुकसान हुआ है। इधर आगजनी की सूचना मिलने के बाद विधायक प्रणव कुमार के द्वारा घायल महिला के इलाज के लिए एंबुलेंस उपलब्ध कराया गया। जिसके बाद महिला को इलाज के लिए भेजा गया। सीओ प्रीती कुमारी ने कहा कि अगलगी की घटना में एक घर जल गया है। दूसरे घर का छप्पर जला है। जबकि इस घटना में मवेशी सहित एक महिला गंभीर रूप से जल गई है। रिपोर्ट तैयार किया जा रहा है। राहत सामग्री तत्काल पीड़ित परिवार को दिया जा रहा है।

# एनटीपीसी कांटी में बालिका सशक्तिकरण अभियान का हुआ शुभारंभ

निज संवाददाता

**मुजफ्फरपुर।** गुरुवार को बालिका सशक्तीकरण अभियान 2024 की शुरुआत की। इस अभियान का उद्घाटन मनोज सिन्हा, महाप्रबंधक (अनुबंध और सामग्री एवं तकनीकी सेवाएं) एनटीपीसी कांटी ने किया। बालिका सशक्तीकरण अभियान में कांटी ब्लॉक के विभिन्न गांव से 40 बालिका शामिल हैं, जो 8 स्कूलों का प्रतिनिधित्व कर रही है। सशक्त बालिका सशक्त कांटी के थीम पर 25 अप्रैल से 20 मई तक चलने वाली इस कार्यशाला में छात्राओं को निःशुल्क शिक्षा प्रदान की जाएगी जिसमे गणित, अंग्रेजी, हिंदी आदि जैसे विषय पढ़ाये जाएंगे। इसके साथ ही सभी प्रतिभागियों को पौष्टिक भोजन भी मिलेगा। लड़कियों के समग्र विकास के लिए योग, नृत्य, संगीत,





पेंटिंग आदि जैसी एक्स्ट्रा करीकुलर एक्टिविटीज भी प्रदान होंगी। साथ ही कम्प्युटर की ट्रेनिंग भी दी जाएंगी। उद्घाटन समारोह में बोलते हुए ने मनोज सिन्हा, महाप्रबंधक ने कहा की 'एनटीपीसी कांटी आज से अगले चार सप्ताह तक आस पास के गांव से 40 बालिकाओं के लिए बालिका सशक्तिकरण अभियान की शुरुआत करने जा रही है। इस अभियान में ना उन्हे सिर्फ किताबें पढ़ाई जाएंगी बल्कि हर वो चीजें बताई और पढाई जाएंगी जो उन्हे सशक्त बनने में मदद करेगी।

एनटीपीसी जैसे कांटी के विकास के लिए हमेसा तत्पर रहती है ठीक उसी तरह से बालिकाओं की पूरी सुरक्षा और जिम्मेदारी के लिए तत्पर रहेगी। इस अभियान में हमारा सहयोग देने के लिए मैं बच्चो के अभिभावक, शिक्षक, और प्रधानाध्यापक को धन्यवाद देता हूँ।' मौके पर मौजूद महेशकुमार सुथार, अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन) एनटीपीसी कांटी ने कहा की 'यह अभियान बालिकाओ के जिन्दगी में ही नहीं बल्कि उनके परिवार में और सम्पूर्ण समाज में बदलाव लाएगा। 30 दिन बाद जब ये बच्चियां यहां से जाएंगी तो आत्मविश्वास से भरपूर रहेंगी। इस अवसर पर संजीत कुमार, उप महाप्रबन्धक एवं अन्य वरीय अधिकारीगण मौजूद थे।

# लापता हुई चार वर्षीय बच्ची का शव पड़ोसी के कुएं में मिला

निज संवाददाता

**तारापुर (जमुई)।** तारापुर थाना क्षेत्र के महमदपुर गांव में तीन दिन पूर्व घर के समीप से लापता हुई मुकेश कुमार यादव की 4 वर्षीय पुत्री संगम कुमारी का शव पड़ोसी मिथुन यादव के घर स्थित कुआं से बरामद किया गया। घटना को लेकर मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने बताया कि गुरूवार की सुबह करीब 06 बजे कुंआ से पानी भरने गई मीरा देवी का ध्यान कुएं में पानी में उपलाए एक बच्ची के शव पर गया। शव को देखने के बाद मीरा देवी ने हल्ला की जिस पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। इधर सूचना मिलने पर तारापुर थानाध्यक्ष अरविंद कुमार सदलबल मौके पर पहुंचे। पुलिस के पहुंचने पर राजू यादव ने बच्ची के शव को बाहर निकाला। थानाध्यक्ष श्री कुमार ने बताया कि संगम के लापता होने को लेकर 24 अप्रैल बुधवार को संगम की मां फूलो देवी के द्वारा थाने को आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी। दिये गये आवेदन में बच्ची के 23 अप्रैल को लापता होने का जिक्र किया गया था। पुलिस बच्ची को ढूंढ रही थी। इसी बीच गुरूवार को सुबह जानकारी मिला कि महमदपुर गांव के मिथुन यादव के घर स्थित कुंआ मे एक बच्ची का शव उपलाया हुआ है। जानकारी मिलने पर स्थल पर पहुंचकर शव को कुएं से निकलवाया गया। शव की पहचान मूकेश यादव की 04 वर्षीय पुत्री संगम कुमारी के रूप में हुई। शव को कब्जे में लेकर परिजनों के देखरेख में कानूनी औपचारिकता पूरी कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल मुंगेर भेज दिया गया।

## शॉर्ट सर्किट से घर में लगी आग, पांच लाख के सामान हुए खाक

**असरगंज (नि.सं.)।** जोरारी पंचायत अंतर्गत विशनपुर गांव में कशॉर्ट सर्किट से मोहम्मद नौशाद घर में आग लग गई। अगलगी में फ्रिज, वाशिंग मशीन सहित अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामान जल गये।

करीब पांच लाख के नुकसान का अनुमान है। फायर ब्रिगेड दस्ते ने ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाया।


## वापी–भागलपुर–रतलाम स्पेशल ट्रेन

**ग्रीष्मकाल** के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को संभालने के लिए, 09137/09138 **वापी–भागलपुर–रतलाम स्पेशल ट्रेन** निम्नलिखित संक्षिप्त समयसूची, ठहराव, आवागमन की तिथियों और गठन के अनुसार चलेगी:–

| वापी–भागलपुर स्पेशल | | | 09137 ↓ 09138 ↑ | भागलपुर–रतलाम स्पेशल | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| दिन | आ. | प्र. | स्टेशन | आ. | प्र. | दिन |
| 25.04.24 | -- | 22.00 | वापी | -- | -- | -- |
| 26.04.24 | 06.00 | 06.10 | रतलाम | 23.00 | -- | 28.04.24 |
| 27.04.24 | 07.40 | 07.50 | पटना | 21.40 | 21.50 | 27.04.24 |
| | 12.40 | -- | भागलपुर | -- | 15.45 | |

09137 **वापी–भागलपुर स्पेशल ट्रेन** मार्ग में वलसाड, उधना, सूरत, सायण, भरुच, वडोदरा, गोधरा, उज्जैन, संत हिरदाराम नगर, बीना, वीरांगना लक्ष्मीबाई, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज, पंडित दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा, बख्तियारपुर, मोकामा, किऊल, अभयपुर, जमालपुर और सुल्तानगंज स्टेशनों पर भी रुकेगी और 09138 **भागलपुर–रतलाम स्पेशल ट्रेन** मार्ग में सुल्तानगंज, जमालपुर, अभयपुर, किऊल, मोकामा, बख्तियारपुर, आरा, बक्सर, पंडित दीन दयाल उपाध्याय, प्रयागराज, कानपुर सेंट्रल, वीरांगना लक्ष्मीबाई, बीना, संत हिरदाराम नगर और उज्जैन स्टेशनों पर भी रुकेगी। **आवागमन के दिन:** • 09137 **वापी से: 25 अप्रैल, 2024 (बृहस्पतिवार) = 01 ट्रिप** • 09138 **भागलपुर से: 27 अप्रैल, 2024 (शनिवार) = 01 ट्रिप** • **गठन:** शयनयान श्रेणी: 10, साधारण द्वितीय श्रेणी (जीएस) : 08, एसएलआरडी: 02 = 20 कोच। • **कैटेगरी:** मेल/एक्सप्रेस।

**मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक**

पूर्व रेलवे

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



## पूर्व रेलवे

**निविदा सूचना सं.: 222–एस/1/डब्ल्यू–II, दिनांक 22.04.2024,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, कंट्रोल बिल्डिंग, डीआरएम बिल्डिंग, काइजर स्ट्रीट, कोलकाता–700014 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए निम्नलिखित ई–निविदाएँ ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैं: **निविदा सं.: टीएन–16–24–25, कार्य का नाम:** वरिष्ठ मंडल अभियंता/1/सियालदह के क्षेत्राधिकार के अधीन वेल्डिंग अंश की आपूर्ति एवं पर्यवेक्षण सहित एल्यूमिनो थर्मिट एसकेवी प्रक्रिया द्वारा रेल जॉइंटों की वेल्डिंग। **निविदा मूल्य:** रु.3,22,05,283.10, **बयाना राशि:** रु. 3,11,000/–, **कार्य की समापन अवधि:** 12 (बारह) माह। **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 21.05.2024 को 15.00 बजे। **निविदा के खुलने की तिथि और समय:** दिनांक 21.05.2024 को 15.30 बजे। निविदा कागजात एवं अन्य विवरण वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। बोली उपर्युक्त वेबसाइट पर ई–निविदा प्रणाली के माध्यम से जमा की जाएगी। मैनुअल प्रस्तावों को तत्काल रद्द कर दिया जाएगा। SDAH-26/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



## पूर्व रेलवे

**ई–निविदा सूचना सं. : ईएनजीजी/01/24–25 एलएलएच (ओपन), दिनांक: 23.04.2024,** मुख्य कारखाना प्रबंधक, सी एंड डब्ल्यू वर्कशॉप, पूर्व रेलवे, लिलुआ, हावड़ा–711204 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए रेलवे के ख्यातिप्राप्त, अनुमोदित एवं योग्य ठेकेदारों और साथ ही सरकारी विभाग/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम की उपयुक्त सूची वाले ठेकेदारों से ई–निविदा आमंत्रित की जाती है: **क्रम सं. 1, निविदा सं. ईएनजीजी– 1–24–25–एलएलएचओपन आइटम–1, कार्य का नाम:** एईएन/डब्ल्यूएस/लिलुआ एवं सीडब्ल्यूएम/लिलुआ के अधीन 30.06.2025 की समाप्त अवधि के लिए साल 2024–25 हेतु जोन नं. 1 के लिए जोनल कार्य हेतु खुली ई–निविदा। **निविदा मूल्य:** रु. 75,00,000/–**बयाना राशि:** रु. 1,50,000/–, **क्रम सं. 2, निविदा सं. ईएनजीजी–1–24–25–एलएलएचओपन आइटम–2, कार्य का नाम:** एईएन/डब्ल्यूएस/लिलुआ एवं सीडब्ल्यूएम/लिलुआ के अधीन 30.06.2025 की समाप्त अवधि के लिए साल 2024–25 हेतु जोन नं. 2 के लिए जोनल कार्य हेतु खुली ई–निविदा। **निविदा मूल्य:** रु. 75,00,000/–, **बयाना राशि:** रु. 1,50,000/–**क्रम सं. 3, निविदा सं. ईएनजीजी–1–24–25–एलएलएचओपन आइटम–3, कार्य का नाम:** एईएन/डब्ल्यूएस/लिलुआ एवं सीडब्ल्यूएम/लिलुआ के अधीन 30.06.2025 की समाप्त अवधि के लिए साल 2024–25 हेतु जोन नं. 3 के लिए जोनल कार्य हेतु खुली ई–निविदा। **निविदा मूल्य:** रु. 90,00,000/–**बयाना राशि:** रु. 1,80,000/–, **क्रम सं. 4, निविदा सं. ईएनजीजी–1–24–25–एलएलएचओपन आइटम–4, कार्य का नाम:** एईएन/डब्ल्यूएस/लिलुआ एवं सीडब्ल्यूएम/लिलुआ के अधीन 30.06.2025 की समाप्त अवधि के लिए साल 2024–25 हेतु जोन नं. 4 के लिए जोनल कार्य हेतु खुली ई–निविदा। **निविदा मूल्य:** रु. 51,00,000/–, **बयाना राशि:** रु. 1,02,000/–। **निविदा कागजात का मूल्य:** शून्य (प्रत्येक हेतु)। **समापन अवधि:** 12 माह (प्रत्येक हेतु)। **निविदा की अंतिम तिथि और समय :** दिनांक 15.05.2024 को 12.00 बजे तक। निविदा का विवरण वेबसाइट **https://www.ireps. gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि उपर्युक्त वेबसाइट पर अपना प्रस्ताव ऑनलाइन जमा करें। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जाएगा। MISC-36/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



## पूर्व रेलवे

**निविदा सं. : ईएल–एमएलडीटी–टीआरडी–ई–निविदा–071, दिनांक 18.04.2024,** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (टीआरडी)/पूर्व रेलवे/मालदा, मंडल रेल प्रबंधक/पूर्व रेलवे/मालदा टाउन ऑफिस बिल्डिंग, डाकघर: झलझलिया, जिला: मालदा, पिन:732102 (पश्चिम बंगाल) द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए अनुभवी एवं वित्तीय संपन्न ख्यातिप्राप्त फर्मों / एजेंसियों / ठेकेदारों से खुली ई–निविदा आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम :** पूर्व रेलवे के मालदा मंडल के मालदा टाउन और भागलपुर स्टेशन में वर्तमान डिप पिट में ओएचई सुविधा के साथ वंदे भारत ट्रेन के लिए ढांचागत सुविधा का विकास। **निविदा मूल्य:** रु. 60,21,479.91, **बयाना राशि :** रु.1,20,400/–, **निविदा कागजात का मूल्य :** शून्य। **समापन अवधि :** 6 माह। **प्रस्ताव की वैधता :** 45 दिन। **बोली प्रणाली :** एकल पैकेट। **निविदा अपलोड करने की तिथि और समय :** दिनांक 18.04.2024 को 19.11 बजे। **ई–निविदा जमा देने की तिथि एवं समय:** दिनांक 26.04.2024 से 10.05.2024 को 15.00 बजे तक। **बोली प्रारंभ होने की तिथि :** दिनांक 26.04.2024, **निविदा की अंतिम तिथि और समय :** दिनांक 10.05.2024 को 15.00 बजे। **वेबसाइट का विवरण एवं सूचना पट : www.ireps.gov.in** एवं वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (टीआरडी)/पूर्व रेलवे/मालदा टाउन ऑफिस। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि वेबसाइट **www.ireps.gov.in** में विस्तृत निविदा सूचना एवं कागजात देखें। किसी भी परिस्थिति में किसी मैनुअल प्रस्ताव को स्वीकार नहीं किया जाएगा। MLD-17/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



## पूर्व रेलवे

**खुली निविदा सूचना सं.: 11–एसडीएसटीई–एएसएन–2024–25, दिनांक 24.04.2024,** वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन–713301 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम/स्थान:** आसनसोल मंडल–निम्नलिखित के सिलसिले में एस एंड टी कार्य (1) मधुपुर–गिरिडीह शाखा में जगदीशपुर–महेशमुंडा के बीच एलसी गेट नं. 6/सी/ई के स्थान पर एलएचएस का निर्माण। (2) सीतारामपुर–झाझा शाखा में शंकरपुर–मथुरापुर के बीच एलसी गेट नं. 24/सी/ई के स्थान पर एलएचएस का निर्माण। (3) सीतारामपुर–झाझा शाखा में तुलसीटांड़–लाहाबन के बीच एलसी गेट नं. 33/ए/ई के स्थान पर एलएचएस का निर्माण। (4) सीतारामपुर–झाझा शाखा में नरगंजो हाल्ट–झाझा के बीच एलसी गेट नं. 37 स्पेशल/ई के स्थान पर एलएचएस का निर्माण। **विज्ञापित मूल्य:** रु. 89,93,509.80, **बयाना राशि:** रु. 1,79,900/–, **कार्य की समापन अवधि:** एलओए जारी करने की तिथि से 180 दिन। **निविदा बंद होने की तिथि और समय:** 20.05.2024 को 12.00 बजे। **वेबसाइट का विवरण:** **http://www.ireps. gov.in/** इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है। ऐसा कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। निविदाकार/ बोलीदाता के पास क्लास–III डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट जरूर रहे एवं आईआरईपीएस पोर्टल पर निश्चित रूप से पंजीकृत हों। केवल पंजीकृत निविदाकार/ बोलीदाता ई–निविदा प्रणाली में भाग ले सकते हैं। ASN-26/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



## पूर्व रेलवे

**निविदा सं. : ईएल–एमएलडीटी–टीआरडी–ई–निविदा–069, दिनांक 10.04.2024,** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (टीआरडी)/पूर्व रेलवे/मालदा, मंडल रेल प्रबंधक/पूर्व रेलवे/मालदा टाउन ऑफिस बिल्डिंग, डाकघर: झलझलिया, जिला: मालदा, पिन:732102 (पश्चिम बंगाल) द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए अनुभवी एवं वित्तीय संपन्न ख्यातिप्राप्त फर्मों / एजेंसियों / ठेकेदारों से खुली ई–निविदा आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम :** मालदा मंडल के बड़हरवा–बिक्रम शिला, भागलपुर–बराहहाट–बांका और न्यू फरक्का –पोराडांगा हाल्ट शाखाओं में मिसिंग बॉण्ड के प्रावधान के साथ साहिबगंज–किऊल और न्यू फरक्का –पोराडांगा हाल्ट शाखा में रेट्रो रिफ्लेक्टिव नंबर प्लेट के प्रावधान, मेन लाइन से लूप लाइन के पृथक्करण के सिलसिले में ओएचई कार्य। **निविदा मूल्य:** रु. 4,46,89,656.50, **बयाना राशि :** रु.3,73,500/–, **निविदा कागजात का मूल्य :** शून्य। **समापन अवधि :** 12 माह। **प्रस्ताव की वैधता :** 45 दिन। **बोली प्रणाली :** एकल पैकेट। **निविदा अपलोड करने की तिथि और समय :** दिनांक 10.04.2024 को 20.27 बजे। **ई–निविदा जमा देने की तिथि एवं समय:** दिनांक 18.04.2024 से 02.05.2024 को 15.00 बजे तक। **बोली प्रारंभ होने की तिथि :** दिनांक 18.04.2024, **निविदा की अंतिम तिथि और समय :** दिनांक 02.05.2024 को 15.00 बजे। **वेबसाइट का विवरण एवं सूचना पट : www.ireps.gov.in** एवं वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (टीआरडी)/पूर्व रेलवे/मालदा टाउन ऑफिस। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि वेबसाइट **www.ireps.gov.in** में विस्तृत निविदा सूचना एवं कागजात देखें। किसी भी परिस्थिति में किसी मैनुअल प्रस्ताव को स्वीकार नहीं किया जाएगा। MLD-14/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# विचार-मंथन

## संपादकीय

## केरल, कर्नाटक में कांटे की टक्कर

पहले चरण में तमिलनाडु में मतदान संपन्न होने के साथ ही अब ध्यान पड़ोसी राज्य केरल और कर्नाटक पर केंद्रित हो गया है। इन दोनों राज्यों में 26 अप्रैल को मतदान होने जा रहा है। केरल की सभी 20 लोकसभा सीटों पर चुनाव होंगे, जबकि कर्नाटक की आधी यानी 14 सीटों पर दूसरे चरण में मतदान होगा, बाकी 14 सीटों पर तीसरे चरण में वोट पड़ेंगे। इन दोनों राज्यों के चुनाव भारतीय जनता पार्टी के लिए दो वजहों से खास हैं - एक वाम-शासित केरल में सेंध लगाने के अपने लंबे समय से पोषित सपने को साकार करना और दूसरा कर्नाटक को फिर से हासिल करना, जहां उसने 2019 में 28 लोकसभा सीटों में से 25 हासिल की थीं। भाजपा के अपने दम पर 370 और गठबंधन के सहयोगियों के साथ 400 से ज्यादा सीटें जीतने के दावे को साकार करने के लिए विशेष रूप से कर्नाटक में उसका जीतना जरूरी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा का चुनाव अभियान मतदाताओं से इस वादे के साथ एक सीधी अपील है कि वह दोनों राज्यों को भ्रष्ट राजनेताओं से छुटकारा दिलाएंगे और राज्य को चमकदार 'न्यू इंडिया' में ले जाएंगे। दूसरी ओर, विपक्ष लोकतंत्र, संविधान और उसके संघीय ढांचे की रक्षा के अधिक बुनियादी मुद्दों पर भरोसा कर रहा है। उसकी यह भी शिकायत है कि केंद्रीय धन के हस्तांतरण में उनके साथ अनुचित व्यवहार किया जाता है। चूंकि दोनों राज्य अत्यधिक साक्षर हैं, इसलिए प्रधानमंत्री यहां के अपने सार्वजनिक संबोधनों में अधिक उदार हैं, मगर जब पिनाराई विजयन या सिद्धारमैया जैसे मुख्यमंत्रियों पर सियासी हमले की बात आती है, तब प्रधानमंत्री पीछे नहीं रहते हैं। साल 2019 की तुलना में 2024 में केरल की कहानी थोड़ी अलग है, क्योंकि कांग्रेस के नेतृत्व वाला यूडीएफ और सीपीएम के नेतृत्व वाला वाम मोर्चा ज्यादातर सीटों पर आमने-सामने हैं। एनडीए का नेतृत्व करने वाली भाजपा कम से कम कुछ चुनिंदा निर्वाचन क्षेत्रों में मुकाबले को त्रिकोणीय बनाने की इच्छुक है। यूडीएफ और एलडीएफ 2019 में पार्टी कार्यकर्ताओं के स्तर पर एक-दूसरे के प्रतिद्वंद्वी थे, लेकिन 2024 में वाम मोर्चे के शीर्ष नेता पिनाराई विजयन और राहुल गांधी एक-दूसरे के खिलाफ मैदान में कूद पड़े हैं। यह बदलाव मुख्य रूप से वायनाड में राहुल गांधी के खिलाफ सीपीआई की प्रमुख नेता एनी राजा को मैदान में उतारने के वाम मोर्चे के फैसले के कारण है। केरल के वामपंथी राहुल गांधी पर आरोप लगाते रहे हैं कि वह भाजपा से डरे हुए हैं और इसीलिए अपेक्षाकृत सुरक्षित केरल में छिपने की कोशिश कर रहे हैं। वाम नेताओं का प्रचार अभियान तब और अधिक तल्ख हो गया, जब पिनाराई ने राहुल गांधी को परोक्ष रूप से 'अमूल बेबी' कहना शुरू कर दिया। राहुल अभी तक पिनाराई के खिलाफ सीधे हमले से बचते रहे हैं, पर इस बार उन्होंने आरोप लगा दिया कि भ्रष्टाचार की शिकायत के बावजूद नरेंद्र मोदी ने पिनाराई के खिलाफ ईडी को केरल नहीं भेजा है, जैसे दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल व झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ भेजा है। पिनाराई ने भी इस पर पलटवार करते हुए कहा कि राजनीतिक कैद उनके लिए नई बात नहीं है, यहां तक कि उनकी दादी इंदिरा गांधी ने आपातकाल के दौरान उन्हें जेल में डाल दिया था। प्रधानमंत्री मोदी ने भी जले पर नमक छिड़कते हुए कहा है कि कांग्रेस के उत्तराधिकारी जल्द ही वायनाड से भी भाग खड़े होंगे, जैसे उन्होंने अमेठी से किया था। उन्होंने आश्चर्य जताया कि कोई भी 'इंडिया ब्लॉक' के उन घटकों को चुनने के बारे में कैसे सोच सकता है, जो जनता के बीच ही इतने खुले तौर पर लड़ रहे हैं। बहरहाल, कांग्रेस और वामपंथियों के बीच खींचतान को समझा जा सकता है। वाम मोर्चा विधानसभा चुनाव जीतने के बाद अपने विजय अभियान को जारी रखना चाहता है, जबकि कांग्रेस साल साल 2019 के प्रदर्शन को दोहराना चाहती है। कांग्रेस ने 2019 में केरल की 20 में से 19 लोकसभा सीटें जीती थीं। हालांकि, कांग्रेस और वाम मोर्चा में से कोई नहीं चाहता कि केरल में भाजपा के पांव जमें। देखना है कि उनकी यह रणनीति सफल होती या नहीं। केरल में भाजपा की रणनीति तिरुवनंतपुरम और त्रिशूर जैसी कुछ सीटों पर केंद्रित है, जहां उसे उम्मीद है। इसने केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर को कांग्रेस प्रत्याशी शशि थरूर के खिलाफ और अभिनेता सुरेश गोपी को कांग्रेस के सुरेंद्रन के खिलाफ मैदान में उतारा है। जहां तक कर्नाटक की बात है, तो भाजपा वहां 2019 के अपने प्रदर्शन को दोहराना चाहती है, लेकिन बीते विधानसभा चुनाव में उसे बड़ी हार का सामना करना पड़ा है। वैसे, येदियुरप्पा का पुनर्वास कर दिया गया है और उनके बेटे को राज्य भाजपा का प्रमुख नियुक्त किया गया है।

## मछुआरों, महिलाओं और स्थानीय संस्कृति का सहारा

(उमेश चतुर्वेदी)

*भारतीय जनता पार्टी की मौजूदा हिंदुत्ववादी राजनीति को दो दशक पहले तक उत्तर भारत में इतना तवज्जो नहीं मिलता था कि वह केंद्रीय सत्ता की अपने दम पर दावेदारी कर सके। लेकिन अब हालात बदल चुके हैं। कुछ इसी अंदाज में पार्टी तमिलनाडु में भी जोर लगाती रही । पार्टी तमिल सांस्कृतिक परंपराओं मसलन जलीकट्टू की बहाली का जहां समर्थन कर रही है।*

तमिलनाडु में मौजूदा सत्ताधारी डीएमके का मोर्चा बढ़त की उम्मीदे पाले हुए है तो बीजेपी इस बार बड़ी सेंध लगाने का दावा कर रही है। बीजेपी के दावे की वजह है, प्रधानमंत्री की सभाओं में उमड़ती रही भीड़। जिसे बढ़ाने में अमित शाह अपनी ओर से जोर देते रहे। अपने दम पर बहुमत के साथ लगातार दो बार से केंद्रीय सत्ता को संभाल रही भारतीय जनता पार्टी के लिए तमिलनाडु और केरल अब तक प्रश्न प्रदेश रहे हैं। इस लिस्ट में 25 सीटों वाले आंध्र प्रदेश को भी शामिल किया जा सकता है। 'अबकी बार चार सौ पार' के नारे में दक्षिण का अभेद्य बना किला फतह करने की कोशिश भी शामिल है। पार्टी को पता है कि जब तक वह अभेद्य समझे जाने वाले दक्षिण के दुर्ग में जोरदार सेंध नहीं लगाएगी, उसका यह नारा जमीनी हकीकत के नजदीक नहीं पहुंच पाएगा। यही वजह है कि पार्टी का शिखर नेतृत्व लगातार तमिलनाडु पर अपना ध्यान फोकस किए हुए है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह की दक्षिण भारत की लगातार जारी चुनावी और सामान्य यात्राएं इन्हीं कोशिशों का उदाहरण है। तमिलनाडु में चुनाव बीत चुके हैं। राज्य के चुनाव नतीजों को लेकर अटकलबाजी और दावे-प्रतिदावों का दौर जारी है। तमिलनाडु में मौजूदा सत्ताधारी डीएमके का मोर्चा बढ़त की उम्मीदे पाले हुए है तो बीजेपी इस बार बड़ी सेंध लगाने का दावा कर रही है। बीजेपी के दावे की वजह है, प्रधानमंत्री की सभाओं में उमड़ती रही भीड़। जिसे बढ़ाने में अमित शाह अपनी ओर से जोर देते रहे। लोकसभा सीटों के लिहाज से दक्षिण भारत के सबसे बड़े राज्य तमिलनाडु में 2019 के आम चुनावों में भी अमित शाह ने पूरा जोर लगाया था। फिर भी पार्टी को 2014 के साढ़े पांच प्रतिशत के मुकाबले महज 3.6 फीसद वोट से ही संतोष करना पड़ा था। राज्य में इस बार चुनाव हो चुका है। जिस तरह मोदी और शाह की जोड़ी ने इस बार राज्य में जोर लगाया, इसकी वजह से इस बार पार्टी की उम्मीदें बढ़ी हुई हैं। इसकी वजह है पार्टी की अरसा पहले से जारी तैयारी और तमिलनाडु में तेज-तर्रार और युवा अन्नामलाई के हाथ में पार्टी की कमान। अन्ना मलाई की सभाओं में उमड़ती रही भीड़ पार्टी की उम्मीदों को परवान चढ़ाने में मददगार बनती रही। अन्ना मलाई ने सात महीने तक 'एन मन, एन मक्कल' नाम से राज्यव्यापी यात्रा की, जिसमें खूब भीड़ जुटी। इस यात्रा की बीजेपी हलके में महत्ता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इसका समापन खुद प्रधानमंत्री मोदी ने किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी अन्ना मलाई का नाम अपनी सभाओं में खूब लेते हैं। अन्ना मलाई को उस कोयंबटूर सीट से मैदान में उतारा गया है, जिस पर 1998 और 1999 में पार्टी का कब्जा रहा। उस वक्त इस सीट की नुमाइंदगी करने वाले सीपी राधाकृष्णन इन दिनों झारखंड के राज्यपाल हैं। उनके जिम्मे तेलंगाना के राज्यपाल और पुदुचेरी के उपराज्यपाल का चार्ज भी है। जब सीपी राधाकृष्णन कोयंबटूर से सांसद चुने गए थे, तब वे 41 साल के युवा थे। यह संयोग है कि कुछ और कि अन्ना मलाई इन दिनों चालीस की उम्र पूरी करने वाले हैं। यानी अगर कोयंबटूर से वे जीतते हैं तो वे भी सीपी राधाकृष्णन की तरह युवा ही होंगे। भारतीय जनता पार्टी की शिखर यात्रा की ओर जब हम देखते हैं तो पता चलता है कि उसने जिस राज्य में भी पैर जमाया, वहां वह पहले छोटे भाई की भूमिका में रही। बाद में वह अपना प्रभाव बढ़ाते हुए बड़े भाई की भूमिका में आ जाती है और मौका मिलते ही शिखर पर पहुंच जाती है। दो चुनाव पहले तक बीजेपी हरियाणा और पश्चिम बंगाल में इंडियन नेशनल लोकदल और तृणमूल कांग्रेस के छोटे भाई की भूमिका में रही। बाद में उसने प्रभाव बढ़ाया। अब हालत यह है कि हरियाणा में इंडियन नेशनल लोकदल अपने अस्तित्व के लिए संघर्ष कर रही है तो तृणमूल कांग्रेस उसकी चुनौती से पार पाने का उपाय खोज रही है। कुछ ऐसी ही स्थिति महाराष्ट्र में रही। पहले वह शिवसेना की बी टीम की तरह काम करती रही और पिछले कुछ चुनावों से वह पहले नंबर पर आ गई है। पंजाब में इसी तरह वह 1997 से लगातार शिरोमणि अकाली दल की बी टीम रही और इस बार उसने खुद को अकेले मैदार में उतार दिया है। कुछ इसी अंदाज में पार्टी तमिलनाडु में भी 1998 में डीएमके के साथ रही तो 1999 में एडीआईएमके की जूनियर पार्टनर बनी। 2014 तक वह अन्ना द्रमुक के साथ रही, लेकिन अब वह तकरीबन अकेले दम पर आगे आ रही है। हाल के दिनों में पार्टी तार्किक रणनीति के साथ मैदान में उतरती रही है। उसके वायदों और शासन के तरीके पर सवाल जरूर उठ सकते हैं, लेकिन रणनीतिक कदम के लिए उसकी प्रशंसा करनी होगी। प्रश्न प्रदेश बने तमिलनाडु को हल करने के लिए पार्टी ने अरसा पहले काम शुरू कर दिया था। केंद्रीय सत्ता संभालने के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने एक कार्यक्रम शुरू कराया, एक भारत, श्रेष्ठ भारत। इसके जरिए राज्यों को उनके पारंपरिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक रिश्तों के साथ जोड़ना शुरू किया। इसके तहत तमिलनाडु का काशी से संगम शुरू हुआ। काशी भगवान भोलेनाथ की नगरी है और तमिलनाडु में शैव परंपरा को मानने वालों की अच्छी-खासी संख्या है। महाशिवरात्रि के वक्त काशी में तमिलनाडु, आंध्र और कर्नाटक के यात्रियों की बाढ़ रहती है। काशी और तमिलनाडु के करीबी रिश्तों के जरिए प्रधानमंत्री मोदी ने तमिल दिलों में उतरने की कोशिश साल 2022 में तेज की। काशी-तमिल संगमन इसकी अगली कड़ी के रूप में सामने आया। इसके बाद प्रधानमंत्री ने तमिलनाडु में विकास योजनाओं की तेजी लाने की कोशिश की। अटल बिहारी वाजपेयी सरकार द्वारा शुरू की गई स्वर्णिम चतुर्भुज परियोजना को पूरा करने का आश्वासन के साथ ही मछुआरों के कल्याण पर काम तेज हुए। इसके साथ ही प्रधानमंत्री ने तमिलनाडु में रोड शो किए। तमिलनाडु ऐसा राज्य है, जहां की 87 फीसद आबादी हिंदू है। इसके बावजूद राज्य के मुख्यमंत्री स्टालिन के बेटे और राज्य सरकार में मंत्री उदयनिधि मारन ने सनातन धर्म पर हमला बोला। भारतीय जनता पार्टी को इस बयान ने मौका दे दिया। जिसके खिलाफ ना सिर्फ प्रधानमंत्री मुखर हुए, बल्कि अमित शाह ने भी हमला बोला। तमिलनाडु के लोग एक बात पर खूब जोर देते हैं कि उनके यहां धार्मिक कार्ड नहीं चलता। इसीलिए बीजेपी का हिंदुत्व का मुद्दा भी नहीं चलेगा।

## पृथ्वी के नाम पर बस एक खास दिन

(हरजिंदर, वरिष्ठ पत्रकार)

पृथ्वी दिवस के इतिहास को खंगालते हुए हम अगर पीछे की ओर जाएं, तो हमारी मुलाकात रचेल कार्सन से होती है। कार्सन वहां खड़ी हैं, जहां से आधुनिक दौर की पर्यावरण चेतना शुरू होती है। यहां कार्सन को याद करने का एक और कारण यह भी है कि आज से ठीक 60 साल पहले अप्रैल के महीने में ही उनका निधन हुआ था। यह सन् 1962 की बात है, जब कार्सन ने एक किताब लिखी थी- साइलेंट स्प्रिंग यानी मौन बसंत। कई बरस से सिंथेटिक कीटनाशकों के खतरों पर काम कर रहीं कार्सन ने एक ऐसे भविष्य की कल्पना की थी, जब बसंत का मौसम तो आएगा, पर न पक्षी चहचहाएंगे और न भौंरे गुंजार करेंगे। दरअसल, वे होंगे ही नहीं, क्योंकि फसलों को बचाने और उत्पादन बढ़ाने के लिए जिस तरह से डीडीटी जैसे कीटनाशकों का इस्तेमाल बढ़ रहा है, उसके बाद तो इन सबके बचने की उम्मीद भी नहीं दिख रही है। कार्सन की इस किताब को लोगों ने हाथों-हाथ लिया, लेकिन उद्योगों ने इसका भारी विरोध भी किया। खुद कार्सन पर निजी हमले भी हुए। मामला अदालत में पहुंच गया और सरकारों को सफाई देनी पड़ी। इसी के साथ ऐसे वैकल्पिक कीटनाशकों को विकसित करने का दबाव भी बना, जो ज्यादा खतरनाक न हों। हालांकि, पुस्तक प्रकाशन के डेढ़ साल बाद ही कार्सन का निधन हो गया, पर पर्यावरण की चेतना का जो सिलसिला उनसे शुरू हुआ, वह फिर रुका नहीं। अब एक नजर उस दौर पर भी डाल लेते हैं, जिसने इस चेतना को जड़ें जमाने की जमीन दी। कार्सन जिस समय यह किताब लिख रही थीं, उस समय अमेरिका और पश्चिम के कई देशों में हिप्पी आंदोलन तेजी पकड़ रहा था। दूसरे विश्व-युद्ध के बाद के निर्दयी औद्योगीकरण से उकताए नौजवान ही बगावत पर उतारू थे। वे स्थापित मान्यताओं की बहुत सी जंजीरों को तोड़ देने पर आमादा थे। फिर बेवजह से लग रहे वियतनाम युद्ध से आई कहानियां पूरे अमेरिका को झझकोर रही थीं। पश्चिम से निकलकर यह आंदोलन पूरी दुनिया में फैलने की कोशिश कर रहा था। कार्सन की किताब ने नौजवानों को अपनी बगावत को सही ठहराने का एक और तर्क दे दिया था। हर तरफ चिंताएं बढ़ रही थीं कि इन नौजवानों को कैसे पटरी पर लाया जाए। ठीक इसी समय अमेरिकी सीनेटर गेलॉर्ड नेलसन को एक रास्ता समझ में आया। उन्हें लगा कि इन नौजवानों की ऊर्जा को पर्यावरण से जोड़कर अच्छे भविष्य की एक मुहिम चलाई जा सकती है। उन्होंने कोशिश की, तो दुनिया की कई सरकारें और संगठन उनके साथ आ गए। यहीं से पृथ्वी दिवस की अवधारणा निकली। 22 अप्रैल, 1970 को जब पहला पृथ्वी दिवस मनाया गया, तो अकेले अमेरिका में इसके कार्यक्रम में दो करोड़ लोग शामिल हुए। कहा जाता है कि पूरी दुनिया में एक अरब लोगों ने इसमें शिरकत की। इसका श्रेय पूरी तरह से पृथ्वी दिवस को तो नहीं दिया जा सकता, पर इसी के बाद से हिप्पी आंदोलन का उबाल बैठने लग गया। हालांकि, नेलसन चाहते थे कि पर्यावरण को लेकर नौजवान एक जन-आंदोलन करें, जो सरकारों और स्थापित सत्ताओं पर दबाव बनाए। अमेरिका के नौजवानों ने तो रास्ता बदलना शुरू कर दिया, मगर बाकी दुनिया के नौजवानों में जो उथल-पुथल दिखाई दी, उसे युवा असंतोष का दौर कहा जाता है। यह वही समय था, जब 1974 में गुजरात के एक छात्रावास में छोटा-सा आंदोलन शुरू हुआ था और जल्द ही वह बिहार समेत पूरे देश में फैल गया था। कुछ समय बाद नौजवानों ने इसका नेतृत्व जय प्रकाश नारायण को सौंपा और इसको संपूर्ण क्रांति आंदोलन का नाम दिया गया। आज देश में जितने भी वरिष्ठ राजनीतिज्ञ हैं, वे किसी न किसी तरह से उस दौर की राजनीति से ही निकले हुए हैं। इसी दौरान ऑस्ट्रेलिया में कुछ लोगों ने सोचा कि पर्यावरण की इस चेतना को एक राजनीतिक आकार दिया जाए। एक समय तक तो यूरोप के कई देशों में इसका खासा असर भी दिखाई दिया। इस पार्टी ने स्थानीय स्तर पर कुछ एक चुनाव भी जीते। राजनीतिज्ञों ने इसे गंभीरता से लेना शुरू कर दिया।

## आज का राशिफल

### मेष
अपना काम निकलवाने के लिये आप स्वार्थी भी हो सकते हैं। दोस्तों के साथ आपकी समस्याओं को साझा करेंगे। लोन वगैरह के कारण कोई काम अटक सकता है। आज नये कार्यों की शुरुआत न करें। कोई नजदीकी व्यक्ति आपको धोखा दे सकता है। असन्तुलित खानपान के कारण आपको पाचन की समस्या होगी।

### वृष
घर की आन्तरिक साज-सज्जा में सुधार करने की योजना बनायेंगे। साझेदारी के व्यवसाय में आपसी समझदारी की आवश्यकता है। विद्यार्थी पढ़ाई को लेकर लापरवाह हो सकते हैं। अत्यधिक विचारों के कारण थोड़े कनफ्यूज हो सकते हैं। मार्केटिंग से जुड़े लोगों को बॉस से परेशानी हो सकती है।

### कर्क
व्यापारिक अनुबन्धों से आपको लाभ प्राप्त होगा। आज आप परोपकार को काफी महत्व देंगे। पुराना अनुभव आज आपके काफी काम आयेगा। रिश्तेदारों से आपको शुभ समाचार मिलेंगे। जीवनसाथी के प्रेम भरे व्यवहार से आह्लादित रहेंगे। यात्राओं के लिये दिन अच्छा है।

### सिंह
सम्पत्ति के क्रय-विक्रय की बड़ी डील से धन लाभ होगा। जीवनसाथी आपसे उपहार की अपेक्षा रख सकते हैं। दाम्पत्य जीवन में प्रेम भाव बढ़ेगा। प्रेम सम्बन्धों का भरपूर आनन्द उठायेंगे। रचनात्मक कार्यों में भाग लेंगे।

### मिथुन
आपको सामाजिक कार्यों से यश मिल सकता है। सरकारी कारणों से रुके हुये कार्यों में गति आयेगी। बैंकिंग से जुड़े अटके काम आसानी से बन जायेंगे। सन्तान के कार्यों से आप काफी प्रसन्न रहेंगे। अधिकारी आपके प्रदर्शन से काफी प्रसन्न रहेगा।

### कन्या
आज आप काफी प्रसन्न रहेंगे। आपको किसी पर भी पूर्ण भरोसा नहीं करना चाहिये। कानूनी पचड़ों में फँस सकते हैं। कारोबार में शानदार वृद्धि से आपका मनोबल बढ़ेगा। परिजनों के साथ अच्छा समय बितायेंगे।

### तुला
आपको उत्तम कार्यों के लिये पुरस्कार भी दिया जा सकता है। अपनी कमियों पर नियन्त्रण पाने का प्रयास करेंगे। छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता मिल सकती है। आज लोग आपसे काफी प्रसन्न रहेंगे। नौकरी में उच्च पद मिल सकता है।

### वृश्चिक
अपनी दिनचर्या को व्यवस्थित व अनुशासित रखें। अनावश्यक कारणों से आपको घर से बाहर जाना पड़ सकता है। अपने उत्तरदायित्व के प्रति निष्ठावान रहेंगे। अधिकारियों से ज्यादा बहसबाजी न करें। महँगी वस्तुओं को खरीदने से आपके बजट पर असर पड़ सकता है।

### मकर
कार्यक्षेत्र में अपनी दक्षता का परिचय देंगे। जीवनसाथी के साथ अच्छा सामन्जस्य रहेगा। दूसरों की समस्याओं में स्वयं को न उलझायें। घर का माहौल काफी सुखद रहेगा। जीवनसाथी के साथ आप पर्यटन के लिये जा सकते हैं।

### कुंभ
आज आपके मन में तनाव रहेगा। मौसमी बीमारियाँ घेर सकती है। साहित्य और कला के क्षेत्र से जुड़े लोगों को निराशा महसूस हो सकती है। रूढ़िवादी विचारों से स्वयं को दूर रखें। क्रोध करने से आपको बचना चाहिये।

### धनु
कार्यक्षेत्र में आपके अधिकारों में वृद्धि होगी। आपका मन प्रसन्न रहेगा। नये व्यवसाय की योजना बना सकते हैं। सन्तान पक्ष से आपको सहयोग मिलेगा। दोस्तों के साथ कहीं घूमने जा सकते हैं। आप कुछ नया सीखने का प्रयास करेंगे। परिवार में किसी महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हो सकती है।

### मीन
कार्यक्षेत्र के सहकर्मी आपसे काफी खुश रहेंगे। सरकारी नौकरी कर रहे लोगों के लिये दिन जबरदस्त रहेगा। जीवनसाथी आपसे काफी प्रसन्न रहने वाला है। उधार दिया हुआ धन आपको वापस मिल सकता है। प्रेम सम्बन्धों को लेकर धैर्य और संयम का परिचय देंगे।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5351

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | | 6 | 1 | | | 9 |
| 8 | | 5 | 4 | | | | 7 | 6 |
| 6 | | 4 | | | | | | |
| | | 3 | | 5 | 2 | | | |
| | | | 8 | | 7 | | | |
| | | | 9 | 3 | | 2 | | |
| | | | | | | 1 | | 2 |
| 3 | 6 | | | | 8 | 4 | | 7 |
| 2 | | | 1 | 4 | | 9 | | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5350

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 3 | 2 | 5 | 6 | 1 | 8 | 4 | 9 |
| 8 | 1 | 5 | 4 | 2 | 9 | 3 | 7 | 6 |
| 6 | 9 | 4 | 7 | 8 | 3 | 5 | 2 | 1 |
| 1 | 8 | 3 | 6 | 5 | 2 | 7 | 9 | 4 |
| 4 | 2 | 9 | 8 | 1 | 7 | 6 | 3 | 5 |
| 5 | 7 | 6 | 9 | 3 | 4 | 2 | 1 | 8 |
| 9 | 4 | 8 | 3 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 |
| 3 | 6 | 1 | 2 | 9 | 8 | 4 | 5 | 7 |
| 2 | 5 | 7 | 1 | 4 | 6 | 9 | 8 | 3 |

## वर्ग पहेली 5351

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | 4 | | ■ | 5 |
| 6 | | ■ | 7 | | ■ | 8 | |
| | ■ | 9 | | | ■ | 10 | |
| 11 | 12 | ■ | ■ | ■ | 13 | | |
| 14 | | 15 | 16 | ■ | | ■ | |
| ■ | 17 | | | ■ | 18 | | |
| 19 | ■ | ■ | 20 | 21 | ■ | ■ | |
| 22 | | ■ | 23 | | | | |

**संकेत: बाएं से दाएं**

1. 4 जून 1959 को रिलायंस समूह के अध्यक्ष और इस प्रसिद्ध व्यवसायी का जन्म हुआ था (6)
6. मुस्लिम रीति से निकाह करवाने वाला, मुसिफ, न्यायकर्ता (2)
7. पंजाबी में बात को यह कहते है (2)
8. संसार, दुनिया, जगत (4)
9. औषधि का बना लड्डू (2)
10. उपस्थित करना, ले आना (2)
11. वह तारा जो सूर्य की परिक्रमा करता हो, सौरमंडल के पिंड (2)
13. हलफ, कसम, सौगंध (3)
14. गले में पहनने का हार (4)
17. नलाकार, अस्थि, कंबु (3)
18. इस वृक्ष के छोटे-छोटे फलों से मदिरा निर्माण भी होता है (3)
20. मद्यकुंभ, इनामल (2)
22. फोटो, चित्र, फोटोग्राफ (3)
23. अभिप्राय, प्रयोजन (4)

**ऊपर से नीचे**

1. दुर्भिक्षग्रस्त, जिस क्षेत्र में अकाल पड़ा हो (5)
2. मेरा या मेरी, वैयक्तिक, आत्मीय (2)
3. रामायण के अनुसार बालि का पुत्र जो राम की सेना में था (3)
4. छोटा बच्चा, मास्टर सूरज, जयमाला जरूश्रीटी, जगदीप आदि अभिनीत और आदर्श द्वारा निर्देशित फिल्म (1969) (3)
5. प्रसिद्ध भारतीय शतरंज खिलाड़ी जिसमें 5 बार विश्व शतरंज प्रतियोगिता जीती है (8)
8. आर्तनाद, रूदन, करूण क्रंदन (3)
12. गुणनकर्म, गड़ाई, वध (3)
15. स्थिति, दशा, अवस्था (2)
16. दस्तावेज, लिखित, कलमबंदी, तहरीरी, लिपिबद्ध (3)
19. देवमूर्ति, मंदिर मूर्ति (2)
21. ख्याति, प्रसिद्धि, शोहरत (2)

### वर्ग पहेली 5350 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| इं | दौ | र | ■ | सु | क | रा | त |
| का | ल | म | ■ | ख | र | ह | रा |
| र | त | ■ | ■ | दा | दा | ■ | श |
| ■ | ■ | स | हा | य | ता | ■ | ना |
| ■ | अ | द | र | क | ■ | सो | ■ |
| बि | स | र | ना | ■ | त | मा | म |
| ■ | बा | ■ | ■ | मा | त | लि | ■ |
| ■ | ब | ह | री | न | ■ | या | दें |

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
**संपादक- श्रीराम अम्बष्ट**, उप संपादक- **साकेत अम्बष्ट** फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, **RNI-BIHHIN/1998/3009**

## संक्षिप्त समाचार

### 3.5 किग्रा नकली सोना बैंक में गिरवी रखकर 1.24 करोड़ का कर्ज ले 28 लोग हो गए फरार

**धनबाद, एजेंसी।** 3.5 किग्रा नकली सोने के गहने गिरवी रखेऔर 1.24 करोड़ रुपए कर्ज लेकर 28 लोग फरार हो गए। मामला बैंक ऑफ इंडिया की सरायढेला शाखा का है। कुछ दिनों बाद तक भी जब कर्ज की वसूली नहीं हुई, तो बैंक ने गिरवी रखे सोने की जांच कराई। तब उनके नकली होने का खुलासा हुआ। बैंक में हड़कंप मच गया। वरिष्ठ शाखा प्रबंधक विश्व प्रताप सिंह ने सरायढेला थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। जानकारी के मुताबिक, नकली गहनों के एवज में साल 2022 से जनवरी 2023 के दौरान कर्ज दिए गए।

### कोयला उद्योग में काम करने वाले ठेका श्रमिकों का महंगाई भत्ता बढ़ा

**धनबाद, एजेंसी।** कोयला उद्योग में काम करनेवाले ठेका मजदूरों के महंगाई भत्ता में बढ़ोतरी की गई है। महंगाई भत्ता में बढ़ोतरी होने से इनको मिलनेवाली प्रतिदिन की मजदूरी बढ़ गई है। कोल इंडिया के महाप्रबंधक (श्र.श. एवं औ. सं.) गौतम बनर्जी की ओर से अधिसूचना जारी करते हुए बीसीसीएल समेत कोल इंडिया के सभी सीएमडी को पत्र भेजा गया है। बढ़ी हुई महंगाई भत्ता 1 अप्रैल 2024 से 30 सितंबर 2024 तक प्रभावी रहेगा। बढ़े हुए महंगाई भत्ता के अनुसार हाइली स्किल्ड को 1266 की जगह 1337 रुपया, स्किल्ड को 1236 के बदले 1305 रुपया, सेमी स्किल्ड, अन स्किल्ड सुपरवाइजरी को 1206 की जगह 1274 रुपया और अनस्किल्ड को 1176 के बदले 1242 रुपया मिलेगा। इस तरह हाइली स्किल्ड को 71, स्किल्ड को 69, सेमी स्किल्ड, अन स्किल्ड सुपरवाइजरी को 68 तथा अनस्किल्ड को 66 रुपए का प्रतिदिन का लाभ हुआ है। ठेका मजदूरों की महंगाई भत्ता में बढ़ोतरी का निर्णय केंद्रीय चीफ लेबर कमिश्नर के आदेश के आलोक में लिया गया है। इससे बीसीसीएल समेत कोल इंडिया में काम करने वाले लगभग 10 लाख से अधिक ठेका मजदूरों को आर्थिक लाभ मिलेगा।

### मनाने पहुंची प्रशासन की टीम तो ग्रामीण बोले सड़क बने, फिर मिलेगी भारी वाहनों को इंट्री

**जमशेदपुर, एजेंसी।** पटमदा प्रखंड की कुमीर-दांदुडीह (16 किमी) सड़क की जर्जर स्थिति के विरोध में ग्रामीणों ने 7 महीने से इस सड़क पर भारी वाहनों के परिचालन पर रोक लगा रखी है। ग्रामीणों ने ग्रामसभा कर यह फैसला लिया था। कुमीर से दांदुडीह तक करीब 20 क्रशर हैं, जहां हाइवा और अन्य भारी वाहनों का परिचालन होता है। ग्रामीणों को मनाने के लिए प्रशासन की ओर से बुधवार को कुमीर गांव में ग्रामसभा रखी गई। पटमदा सीओ विजय कुमार महतो पुलिस बल के साथ गांव पहुंचे। लेकिन सड़क निर्माण का ठेकेदार नहीं पहुंचा था। इस दौरान ग्रामीणों ने एक सुर में कहा कि पहले सड़क निर्माण पूरा हो फिर भारी वाहनों का परिचालन करने दिया जाएगा। सड़क काफी जर्जर हो गई है। कई जगह बड़े-बड़े गड्ढे उभर आए हैं। इसके कारण दुर्घनाएं हो रही है। वहीं धूल से लोगों का रहना दूभर हो गया है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत कुमीर से दांदुडीह तक सड़क बननी थी। सड़क निर्माण का शिलान्यास 2022 में किया गया था, जिसे जुलाई 2023 तक पूरा करना था। शंकर ब्रदर्स एंड संस कंपनी को टेंडर मिला था। समय पर काम पूरा नहीं होने का ग्रामीण विरोध कर रहे। ग्रामीणों ने कहा कि सड़क को खोद कर छोड़ दिया गया है। कंकड़ भी उभर आए हैं। कई बार शिकायत के बाद भी प्रशासन की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की गई। इस कारण ग्रामसभा कर सड़क पर भारी वाहनों के परिचालन पर रोक लगाई गई। ग्रामीणों के विरोध के कारण क्रशरों से भारी वाहनों का परिचालन पश्चिम बंगाल के रास्ते से किया जा रहा है। करीब 20 किमी घूम कर बंदवान होते हुए वाहन आना-जाना कर रहे हैं।

### 15 नामजद व 100 अज्ञात पर केस, तस्करों ने टीम पर की थी फायरिंग

**निरसा , एजेंसी।** निरसा के पांड्रा बेजरा बराकर नदी घाट पर सोमवार की रात छापेमारी टीम पर हुए हमले को लेकर मंगलवार को कार्यपालक दंडाधिकारी दीपक कुमार दुबे की शिकायत पर निरसा थाने में प्राथमिकी दर्ज हुई है। जिसमें 15 नामजद सहित 100 अज्ञात को आरोपी बनाया गया है। शिकायत में कार्यपालक दंडाधिकारी दीपक कुमार दुबे ने कहा कि धनबाद डीसी के निर्देश पर सोमवार की रात लगभग 8-30 बजे बालू तस्करी के खिलाफ छापेमारी करने के लिए निरसा के पांड्रा-बेजरा बराकर नदी घाट पहुंचे हुए थे। छापेमारी टीम ने मौके से अवैध बालू लोड हाइवा संख्या डबलूबी 14 बी / 9775 व एक बिना नंबर के हाइवा को जब्त किया था। दोनों हाइवा चालक भी मौके पर पकड़े गए। इस दौरान बालू तस्करों ने उनपर हमला कर दिया। तस्करों के बुलाने पर 100 से अधिक लोग मौके पर पहुंच गए और पत्थरबाजी करने लगे। अंधेरा का फायदा उठाते हुए बालू तस्कर जब्त दोनों हाइवा को लेकर भाग निकले। वहीं हाइवा चालक ताजुद्दीन को छुड़ाने के लिए तस्करों ने पत्थरबाजी के साथ फायरिंग शुरू कर दी। बचाव में टीम में शामिल पुलिस को भी आत्मरक्षार्थ 17 राउंड हवाई फायरिंग करनी पड़ी। सिकंदर अंसारी, नवाब अंसारी, खलील अंसारी, देवनारायण महतो, रहीम अंसारी, सद्दाम अंसारी, सफीदिन अंसारी उर्फ गुज्जू, वजीर मियां, मुस्ताक अंसारी, अलीम अंसारी, नियाज खान, डबलू मल्लिक, आफताब अहमद, फारुख अंसारी व शराफत अंसारी। इनपर सबसे पहले छापेमारी दल पर हमला करने के साथ और लोगों को भी बुलाने का आरोप है।

# रंगदारी, धमकी, फायरिंग, हत्या, गुंडों ने फैलाई दहशत

**धनबाद, एजेंसी।** रंगदारी, धमकी, फायरिंग, हत्या... पिछले वर्षों में धनबाद ने अपराध के कई रूप देखे हैं। रंगदारी के लिए कारोबारियों की दुकानों पर फायरिंग हुई। इनकार करनेवालों को गोली मारी गई। हत्या भी कर दी गई। डर का माहौल बना। कारोबारियों के साथ आमजन भी असुरक्षित महसूस करने लगे।

डर ऐसा कि दुकानदारों ने अपने बोर्ड से मोबाइल नंबर मिटा दिए। कई कारोबारी बॉडीगार्ड रखने को मजबूर हो गए। धनबाद में सूरज सिंह, अमन सिंह और प्रिंस खान जैसे अपराधियों का आतंक रहा। अपराध के आंकड़े बताते हैं कि पिछले करीब 4 वर्षों में धनबाद के 600 से अधिक व्यवसायियों और अन्य लोगों को रंगदारी के लिए धमकाया गया। दो कारोबारियों को गोली भी मार दी गई। 40 के करीब एफआईआर भी और 70 से अधिक अपराधी गिरफ्तार भी किए गए। इसके बावजूद धमकियों का सिलसिला बंद नहीं हुआ। प्रिंस देश के बाहर रहते हुए भी लोगों को धमका रहा है। आम चुनावों



के दौरान भी अपराध की चर्चा है। धनबाद के लोग शांति चाहते हैं। ऐसे में वोट मांगने आनेवालों से सवाल जरूर किए जाएंगे कि वे धनबाद को भयमुक्त बनाने के लिए क्या करेंगे

धनबाद में कोयले के धंधे पर वर्चस्व के लिए हिंसक झड़पें होती रही हैं। लोडिंग प्वाइंट और डीपो में अक्सर गोली-बम चलने के मामले सामने आते रहे। पुलिस की जांच में सफेदपोशों के नाम भी आए, पर उन पर कार्रवाई नहीं हुई। इन वारदातों में मौतें भी हुईं और ज्यादातर मजदूर ही निशाना बने, फिर भी किसी राजनीतिक दल या नेता ने इस मामले को मुद्दा नहीं बनाया। साल 2022-2023 के दौरान धनबाद में सर्राफा कारोबारी, डॉक्टर, कपड़ा व्यवसायी, टायर विक्रेता, बिल्डर, ठेकेदार, होटल व्यवसायी, मोटर पार्ट्स कारोबारी से लेकर आम दुकानदार और ठेले पर अंडा, गुपचुप बेचनेवालों को तक को फोन कॉल व मैसेज के जरिए रंगदारी के लिए धमकाया गया। दहशत का माहौल कायम हो गया। कई लोगों ने मोबाइल नंबर बदल लिए या बंद ही कर दिए। पुलिस की जांच में यह भी सामने आया कि कई कारोबारियों ने हार मानते हुए गुंडों को रुपए दे दिए।पिछले वर्षों में रंगदारी के लिए धमकियों का सिलसिला पूर्व डिप्टी मेयर नीरज सिंह हत्याकांड में पकड़े गए अमन सिंह और अन्य अपराधियों ने शुरू किया। वे जेल में रहते हुए भी वहां के कर्मियों से साठ-गांठ कर कारोबारियों को फोन से धमकाने लगे। उसी दौरान झरिया के एक कारोबारी की हत्या कर दी गई। एक डॉक्टर के नर्सिंग होम पर फायरिंग हुई। हालांकि बाद में अमन सिंह को जेल में ही मार डाला गया।

गुंडों ने दो छद्म नामों से भी काफी दहशत फैलाई। अमन सिंह के गुर्गे के रूप में छोटू सिंह और प्रिंस खान गैंग के मेजर के नाम कई वारदातों में सामने आए। खुद को मेजर बतानेवाले 5 अपराधी पकड़े गए और हर बाद नया मेजर खड़ा हो जाता रहा। छोटू नाम के शख्स की भी गिरफ्तारी हुई, पर धमकियों का सिलसिला जारी रहा।

गैंग्स के लिए कुख्यात वासेपुर के प्रिंस खान ने भी रंगदारी के लिए फोन कॉल, वीडियो, ऑडियो व टेक्स्ट मैसेज के जरिए काफी दहशत फैलाई। रुपए नहीं देनेवालों पर फायरिंग भी कराई। दो कारोबारियों को गोली मार दी गई। हर वारदात के बाद वह मैसेज जारी कर उसकी जिम्मेवारी लेता रहा। इसके बावजूद पुलिस के हाथ नहीं आया। वासेपुर में नन्हे हत्याकांड के बाद वह और आक्रमक हो गया। उस पर 50 से अधिक केस दर्ज हैं। इसके बावजूद उसने पुलिस को चकमा देकर पासपोर्ट बनवा लिया और देश से भाग निकला।

## धनबाद में मतदान प्रतिशत बढ़ाने में अब यूटयूबर देंगे मदद, सब्सक्राइबर्स से करेंगे वोट देने की अपील

**धनबाद, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने का काम अब इंटरनेट मीडिया इनफ्लुएंसर्स करेंगे। ये मतदान के प्रति लोगों खासकर युवाओं को जागरूक करते भी नजर आएंगे। वोट प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन पदाधिकारी उपायुक्त माधवी मिश्रा ने प्रमुख इंटरनेट मीडिया इनफ्लुएंसर्स से सहयोग की अपील की है।

माधवी मिश्रा ने कहा कि लोगों तक किसी भी संदेश को पहुंचाने के लिए इंटरनेट मीडिया एक बहुत ही शक्तिशाली एवं प्रभावशाली उपकरण है। एक्स, फेसबुक, इंस्टाग्राम, यूट्यूब और वाट्सएप जैसे मंचों पर बड़ी संख्या में उपयोगकर्ता हैं। यहां तक पहुंचने की जरूरत है।

उन्होंने कहा कि इंफ्लुएंसर की यह बैठक हमें वोट प्रतिशत बढ़ाने, युवा मतदाताओं को प्रेरित करने के साथ-साथ कम मतदान वाले क्षेत्रों में विभिन्न इंटरनेट मीडिया मंचों पर प्रचार और प्रसार में हमारी मदद करेगी।

इस दौरान सभी इनफ्लुएंसर ने इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म से मतदाताओं को जागरूक करने के लिए सभी ने अपने विचार रखे। रोचक कहानी, ब्लागर के माध्यम से, तो किसी ने लघु फिल्म के माध्यम से जागरूक करने का सुझाव दिया। उपायुक्त ने चुनाव के इस महापर्व में सभी इनफ्लुएंसर्स को अपनी-अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की। उन्होंने कहा कि देश के सम्मानित नागरिक का कर्तव्य निभाएं। सभी से वोट करने की अपील भी करें। इंटरनेट मीडिया में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए तरह-तरह के कंटेंट का निर्माण कर पोस्ट करने की भी अपील की गई।

स्वीप कोषांग के वरीय पदाधिकारी नगर आयुक्त रविराज शर्मा ने कहा कि इंटरनेट मीडिया इन्फ्लुएंसर युवाओं के साथ जुड़ने और उन्हें मतदान के लिए प्रेरित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। इतना ही नहीं विभिन्न क्षेत्रों के लोकप्रिय इंटरनेट मीडिया इन्फ्लुएंसर्स की एक टीम बनाई है।

यह मतदान के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए विभिन्न इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म का उपयोग करेंगे।

## तीन दिनों से लापता भाजपा नेता यूपी में मिले

**रांची, एजेंसी।** झारखंड से तीन दिनों से लापता भाजपा नेता गमलियल हेम्ब्रम व उसके साथी आश मोहम्मद उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर जिले के धनपतगंज थाना क्षेत्र में सुरक्षित है। इसकी पुष्टि एसपी कुमार गौरव कुमार की ओर से जारी विज्ञप्ति में दी है। दोनों के गुमशुदगी की रिपोर्ट 21 अप्रैल को बरहेट थाना में दर्ज करायी गई थी। पत्नी मुखिया विनीता टुडू ने थाना में आवेदन देकर कहा था कि बीते 15 अप्रैल की सुबह छह बजे चार पहिया वाहन से पति गमलियल हेम्ब्रम दुमका जाने की बात कहकर घर से निकले थे। इनके साथ खैरवा गांव के ही उनके साथी जहांगीर मोमिन भी हैं। अबतक उनका कोई खबर नहीं है। उनका व साथी का मोबाइल भी स्वीच ऑफ आ रहा है।

एसपी ने बताया कि साहिबगंज पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मामले की जांच शुरू की। जांच में पता चला कि दोनों को सुल्तानपुर में सुरक्षित रखा गया है। इसबीच एक पुलिस पदाधिकारी ने बताया कि गमलियल हेम्ब्रम के मोबाइल का लोकेशन ट्रेस कर यूपी पुलिस को दिया गया था। इस इनपुट पर यूपी पुलिस ने सुल्तानपुर के धनपतगंज से दोनों को बरामद किया है। इस मामले में आगे की जांच चल रही है। जल्द पूरे मामले का खुलासा हो जाएगा।रांची पुलिस नशे के तस्करों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है। पुलिस की टीम ने नामकुम इलाके से साढ़े तीन करोड़ रुपए का डोडा (अफीम) बरामद किया है।

# मेन रोड, हरमू-रातू रोड में जाम में फंसीं स्कूल बसें-एंबुलेंस, फुटपाथ पर भी सजी रहीं दुकानें

**रांची , एजेंसी।** राजधानी को जाम मुक्त बनाने के लिए पिछले दो दशक से हाईकोर्ट आदेश पर आदेश दे रहा है, लेकिन स्थिति में सुधार ही नहीं हो रहा है। जाम शहर की नियति बन गई है। स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत शहर में स्मार्ट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम लगाने पर 150 करोड़ रुपए खर्च किए गए, लेकिन शहर के लोगों को इसका लाभ नहीं मिला। वहीं, शहर को जाम मुक्त बनाने के लिए हाईकोर्ट ने एक बार फिर कड़ा रूख अपनाते हुए ट्रैफिक एसपी को सख्त आदेश दिए हैं। मंगलवार को शहर की ट्रैफिक की लचर व्यवस्था पर दाखिल जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने कहा कि एंबुलेंस और स्कूल बसों पर ध्यान दें। स्कूल बसों को स्कॉट करें, ताकि बसें जाम में नहीं फंसे।

मेन रोड सहित सभी प्रमुख सड़कों में फुटपाथ पर दुकानदारों का कब्जा है। निगम और ट्रैफिक पुलिस रोजाना अभियान चलाती है, फिर भी दुकानें नहीं हटती। इसका खामियाजा वाहन सवारों को भुगतना पड़ता है। हरमू रोड और रातू रोड में भी फुटपाथ पर कब्जा और सड़कों पर वाहन खड़ी करने से जाम लगता है।



बुधवार को सुजाता चौक के पास जाम में फंसी स्कूल बसें।

मेन रोड-कडरू मोड़ से सुजाता चौक होते हुए अल्बर्ट एक्का चौक तक सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक कई बार जाम लगा। एक दर्जन से अधिक स्कूल बसें जाम में फंसी रहीं। ट्रैफिक पुलिस हिदायत दे रही थी, फिर भी शाम में सड़क पर दुकानें सज गईं।

रातू रोड - बुधवार सुबह 11 से दोपहर 1 बजे के बीच कई स्कूल बसें भी जाम में फंसी रहीं। शाम में ट्रैफिक लोड बढ़ने पर दुर्गा मंदिर से पिस्का मोड़ तक पहुंचने में करीब 40 मिनट का समय लग गया।हरमू रोड - हरमू पुल से भारत माता चौक होते हुए किशोरगंज, गाड़ीखाना चौक और शनि मंदिर चौक से न्यू मार्केट चौक तक स्कूल बसें जाम में फंसी रहीं। किशोरगंज चौक के पास जाम होने से वाहनों की लंबी कतार लगी रही।

## रांची समेत कई जिलों में हीट वेव का कअलर्ट 5 दिनों तक मौसम में बदलाव नहीं, 41 डिग्री के पार जा सकता है तापमान

**रांची, एजेंसी।** झारखंड के लोगों को अभी गर्मी से राहत नहीं मिलेगी। अगले 5 दिनों तक मौसम में बदलाव का अनुमान नहीं है। गर्मी बढ़ने को लेकर मौसम विज्ञान केंद्र ने यलो अलर्ट जारी किया है। 28 अप्रैल को राजधानी में हीट वेव चल सकती है। इसे लेकर अलर्ट रहने के लिए कहा गया है।

28 अप्रैल को राजधानी का अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस या इससे अधिक भी हो सकता है। राज्य के अन्य हिस्सों की भी स्थिति इसी तरह की स्थिति रहने का पूर्वानुमान है। पूरे राज्य में अगले पांच दिनों में न्यूनतम और अधिकतम तापमान 2 से 4 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ सकता है।

अभी भी पूरे राज्य में कई जिलों का अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक चल रहा है। पिछले 24 घंटे में राज्य के कई हिस्सों में तेज आंधी के साथ बारिश भी हुई। राजधानी में भी कई स्थानों पर छिटपूट बारिश हुई।



मौसम विज्ञान केंद्र ने संथाल परगना, कोल्हान और धनबाद-बोकारो वाले इलाके में विशेष गर्मी पड़ने की चेतावनी दी है। मौसम विभाग ने कहा है कि इधर लगातार तापमान चल रहा है। न्यूनतम तापमान भी सामान्य से ऊपर चल रहा है। इस कारण गर्मी का एहसास ज्यादा हो रहा है।

मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार आज राज्य के कोल्हान प्रमंडल के पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम और सरायकेला खरसावां जिले में उत्तरी छोटानागपुर के बोकारो एवं धनबाद जिले में तथा संथाल परगना के जामताड़ा, दुमका, पाकुड़, गोड्डा और साहिबगंज जिला में हीट वेव चलेगी।

यही स्थिति कल भी रहने वाली है। 27 अप्रैल को पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला खरसावां, बोकारो, धनबाद, देवघर, जामताड़ा, पाकुड़, गोड्डा और साहिबगंज में हीटवेव के साथ-साथ अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी होने का पूर्वानुमान है। 28 अप्रैल को भी राज्य के 11 जिलों में हीट वेव की स्थिति रहेगी।

# 25 टन अवैध कोयला लोड ट्रक जब्त, 5 पर प्राथमिकी

**निरसा , एजेंसी।** कालूबथान ओपी क्षेत्र के कलियासोल प्रखंड कार्यालय के समीप बलियापुर-पतलाबाड़ी मुख्य मार्ग पर पुलिस ने छापेमारी कर 25 टन अवैध कोयला लोड ट्रक को जब्त करते हुए चालक को हिरासत में लिया है। छापेमारी का नेतृत्व कालूबथान ओपी प्रभारी राजीव प्रकाश दलबल के साथ कर रहे थे। पुलिस ने ट्रक मालिक, चालक, मां काली भट्ठा के संचालक मंटू यादव व कांतो महतो पर प्राथमिकी दर्ज की है।

वहीं बुधवार की सुबह गिरफ्तार चालक को जेल भेज दिया गया। बताया जा रहा है कि, कालूबथान ओपी क्षेत्र के मां काली कोयला भट्ठा लेदाहेरिया में अवैध कोयला खपाया जा रहा था। जिसे रात के अंधेरे में ट्रकों में लोडकर ग्रामीण पथ का लाभ उठाकर प. बंगाल भेजा जा रहा था। जिसकी सूचना मिलते ही कालूबथान पुलिस ने मंगलवार की देर रात बलियापुर-पतलाबाड़ी मुख्य मार्ग में छापेमारी कर ट्रक संख्या-डब्लूबी57 सी-4582 को जब्त किया। ट्रक चालक मिठू दास से ट्रक में लोड कोयला के कागजात की



मांग की गई। परंतु चालक ने कोई भी कागजात प्रस्तुत किया। जिसके बाद पुलिस ने ट्रक को जब्त कर ओपी ले आई। पूछताछ में ट्रक चालक ने कालूबथान ओपी क्षेत्र के लेदाहरिया स्थित मां काली कोयला भट्ठा से कोयला लोड कर प. बंगाल ले जाने की बात कहीं। सभी लोगों पर अवैध कोयला का स्टॉक कर उसे विभिन्न क्षेत्रों में खपाने का धारा लगाकर प्राथमिकी दर्ज की है।

कालूबथान ओपी क्षेत्र के लेदाहरिया में पंचायत के एक पंचायत प्रतिनिधि के इशारे पर अवैध कोयला का धंधा बीते कुछ माह से संचालित हो रहा था। निरसा व आसपास के क्षेत्र के विभिन्न अवैध उत्खनन से निकलनेवाला कोयला को रात के अंधेरे में स्कूटर, बाइक व पिकअप वैन के माध्यम से उक्त भट्ठे में खपाया जाता था। मौका देख स्टीम कोयला को ट्रक में लोडकर प. बंगाल के विभिन्न मंडियों में खपाया जा रहा था। पंचायत प्रतिनिधि अपने को पाक-साफ रखने के लिए अपने रिश्तेदार के जिम्मे फैक्ट्री को कर परदे के पीछे से कोयला का काला कारोबार को संचालित कर रहा था। जिसकी सूचना स्थानीय ग्रामीणों ने वरीय पुलिस पदाधिकारियों को भी दी थी। लगातार मिल रही सूचना के आलोक में पुलिस ने कार्रवाई की।

# प्रशिक्षण नहीं लेने वाले पदाधिकारियों पर द पीपल एक्ट के तहत होगी कार्रवाई

**धनबाद, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर एसएसएलएनटी महिला कॉलेज, पीके रॉय मेमोरियल कॉलेज और गुरु नानक कॉलेज में मतदान पदाधिकारियों का प्रशिक्षण जारी है। इसी कड़ी में बुधवार को गुरुनानक कॉलेज में मतदान पदाधिकारी द्वितीय को मास्टर प्रशिक्षक पुष्कर चन्द्र झा ने मतदाता पंजी में सभी मतदाता के संबंध में प्रविष्टि करने, प्रत्येक मतदाता को मतदाता पर्ची जारी करने और प्रत्येक मतदाता के बाएं हाथ की तर्जनी उंगली में अमिट स्याही लगाने की प्रक्रिया से संबंधित जरूरी जानकारी दी।

उन्हें डमी मतदाता रजिस्टर एवं डमी मतदाता पर्ची का अवलोकन भी कराया गया। डीसीएलआर संतोष गुप्ता ने कहा कि इस बार 80प्रतिशत मतदान प्राप्त करने



का लक्ष्य है। जिला प्रशासन को सभी मतदान पदाधिकारियों से प्रशिक्षण सत्र में शत-प्रतिशत उपस्थित होकर गंभीरतापूर्वक प्रशिक्षण लेने की अपेक्षा है। प्रशिक्षण नहीं लेने वाले पदाधिकारी पर द रिप्रेजेंटेशन ऑफ द पीपल एक्ट, 1951 के तहत कार्रवाई की जाएगी। मौके पर मास्टर प्रशिक्षक उमेश लाल, सियाराम सिंह, शिरोमणि दुबे, अजित सिंह, राजेश सिन्हा, सुरेश सिंह, शंभू शरण अम्बष्ठ, रमाशंकर तिवारी, अनिल महतो, अशोक सिंह, बिनोद महतो, अनूप बाजपेयी आदि थे।

मतदान पदाधिकारियों से प्रशिक्षण सत्र में शत-प्रतिशत उपस्थित होकर गंभीरतापूर्वक प्रशिक्षण लेने की अपेक्षा है। प्रशिक्षण नहीं लेने वाले पदाधिकारी पर द रिप्रेजेंटेशन ऑफ द पीपल एक्ट, 1951 के तहत कार्रवाई की जाएगी। मौके पर मास्टर प्रशिक्षक उमेश लाल, सियाराम सिंह, शिरोमणि दुबे, अजित सिंह, राजेश सिन्हा, सुरेश सिंह, शंभू शरण अम्बष्ठ, रमाशंकर तिवारी, अनिल महतो, अशोक सिंह, बिनोद महतो, अनूप बाजपेयी आदि थे।

## केयू के स्नातक कोर्स में चांसलर पोर्टल के जरिए ही होगा दाखिला

**जमशेदपुर , एजेंसी।** कोल्हान विश्वव द्यालय के कॉलेजों में संचालित स्नातक कोर्स में दाखिला पूरी तरह चांसलर पोर्टल के जरिए ही होगा। यानी सभी स्टूडेंट्स को चांसलर पोर्टल पर जाकर आवेदन करना होगा। जिन स्टूडेंट्स ने सीयूईटी-यूजी के तहत केयू के कॉलेजों में एडमिशन के लिए अप्लाई किया है, उन्हें चांसलर पोर्टल के जरिए फिर से आवेदन करना होगा। आवेदन की तिथि विश्वव द्यालय की ओर से जारी की जाएगी।

नामांकन के लिए 12वीं के अंकों को आधार बनाया जाएगा और इसके आधार पर कॉले -वार मेधा सूची जारी की जाएगी। कोल्हान विश्वव द्यालय प्रशासन का कहना है- इसके लिए उच्च शिक्षा विभाग से अनुमति मांगी गई है। जैसे ही वहां से निर्देश मिलेगा, एडमिशन की अधिसूचना जारी कर दी जाएगी। मालूम हो कि केयू ने पिछले साल सीयूईटी व चांसलर पोर्टल दोनों प्रक्रिया के तहत स्नातक में दाखिला लिया था। उस समय कहा गया था- 2024 से पूरी तरह सीयूईटी -यूजी के माध्यम से ही दाखिला लिया जाएगा। स्नातक में सीयूईटी-यूजी की जगह चांसलर पोर्टल के जरिए दाखिला लेने की मुख्य वजह कम आवेदन आना है।

मिली जानकारी के अनुसार कोल्हान विवि में इस बार सीयूईटी यूजी के तहत करीब 5 हजार आवेदन आए हैं, जबकि यहां के कॉलेजों में 25 हजार से अधिक सीटें हैं। अगर विवि सीयूईटी के आधार पर दाखिला लेने की दिशा में आगे बढ़ेगा तो 80 प्रतिशत सीटें रिक्त रह जाएंगी।

## संक्षिप्त समाचार

### गौतमबुद्ध नगर में मतदान कराने के लिए फूल मंडी से पोलिंग पार्टियां हुईं रवाना



**नईदिल्ली, एजेंसी।** लोकसभा के दूसरे चरण के तहत जनपद में शुक्रवार यानी 26 अप्रैल को मतदान होना है। लोकसभा सीट की पांचों विधानसभा के 26 लाख 75 हजार 148 मतदाता अपने सांसद का चुनाव करेंगे। नोएडा के फेस दो फूल मंडी में सुबह छह बजे से पोलिंग पार्टियों जमा हुई और अपने-अपने मतदान केंद्र की ओर रवाना हो गई। फूल मंडी में हर विधानसभा वाइज पंडाल बनाए गए थे। किसकी किस मतदान केंद्र पर ड्यूटी लगी है, उन सब के बारे में जानकारी के लिए एक पूछताछ केंद्र भी बनाया गया है। सभी कर्मचारी फूल मंडी में जमा हुए और पोलिंग पार्टियो की रूप में मंडी से अपने-अपने मतदान केंद्र की ओर रवाना हो गए। पोलिंग पार्टियों को रवाना करने के लिए मंडी में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। डीएम, एडीएम, एसडीएम से लेकर जिले के सभी अधिकारी मंडी में मौजूद रहे। जिला प्रशासन की यह मंशा है कि गौतमबुद्ध नगर में ज्यादा से ज्यादा वोटिंग परसेंटेज हो और शांतिपूर्ण तरीके से मतदान संपन्न हो जाए। सभी लोग अपने अपने मत का इस्तेमाल करें क्योंकि यह हमारा अधिकार है कि लोग अपने वोट का इस्तेमाल जरूर करें। इसके साथ ही कई पार्टियों को रिजर्व में रखा गया है। मतदान को संपन्न करने के लिए 8175 कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। 2038 पार्टियों के कंधों पर चुनाव की जिम्मेदारी है।

### पश्चिम से पूरब तक राजनीति के केंद्र में रहा है गन्ना, उद्योग ने बदली सियासत

**लखनऊ , एजेंसी।** गन्ना किसान राजनीति का बड़ा मुद्दा रहा है। पश्चिम से लेकर पूरब तक गन्ना राजनीति के केंद्र में रहा है। समय से भुगतान, बकाये पर ब्याज, गन्ना मूल्य और चीनी मिलों की मनमानी से उपजी नाराजगी का असर गन्ना बेल्ट की राजनीति पर साफ दिखता है। पिछले छह सालों में गन्ने से लेकर चीनी उत्पादन तक को पारदर्शी बनाने के लिए उठाए गए कदमों ने यहां की राजनीति पर भी असर डाला। किसानों को मेहनत का सही दाम मिले और चीनी मिलें भी फायदे में चलें, इसे ध्यान में रखकर कई फैसले लिए गए। एथेनॉल इंडस्ट्री ने तो गन्ना किसानों और चीनी मिलों के लिए 'टॉनिक' का काम किया है। एथेनॉल से मिलों का मुनाफा बढ़ा। इसका परिणाम यह हुआ कि किसानों को जल्द भुगतान होने लगा। इस बीच किसानों की मांग पर 20 रुपये रेट बढ़ाए गए। मुनाफा बढ़ने की वजह से ही गन्ने का रकबा भी बढ़ गया। या यूं कहें कि पश्चिम में जैसे-जैसे गन्ना मजबूत हुआ, भाजपा भी मजबूत होती गई। गन्ना किसानों की नाराजगी सुरेश राणा को भारी पड़ी थी। वजह थी शामली में चीनी मिल का देरी से भुगतान करना। हालांकि, अब भुगतान समय से हो रहा है। आज देश में चीनी उत्पादन में यूपी ने महाराष्ट्र को पीछे छोड़ दिया है। छह साल में रिकॉर्ड 682 लाख टन से ज्यादा चीनी उत्पादन किया गया। गन्ना बकाये को तकरीबन हर चुनाव में मुद्दा बनाया जाता रहा है। किसान आंदोलित होते थे और सरकार तरह-तरह की सफाई देती थी। वर्ष 2018 से गन्ने के पूरे अर्थशास्त्र को डिजिटल करने की शुरुआत की गई। नतीजतन सहकारी केंद्रों में गन्ना बेचने के लिए जरूरी पर्ची लेने के लिए जो मारामारी मची रहती थी, अब वह नहीं है। चीनी मिलों की घटतौली पर अंकुश लगा। किसान को केवल गन्ना पैदा करना है। मार्केटिंग यानी बेचने की जिम्मेदारी सरकार ने ले ली। एक खेत में कितना गन्ना होगा और कब बेचा जाएगा, सब कुछ एप पर ही आ रहा है। करीब 48 लाख किसान एप से जुड़े हैं। उनके पास गन्ने के उत्पादन से लेकर पैसा ट्रांसफर तक का डाटा होता है। गन्ना चीनी के अलावा तमाम कीमती उत्पादों का जरिया है। शोध में पाया गया है कि गन्ने के 82 फीसदी हिस्से से तमाम उत्पाद और केमिकल बन सकते हैं। इससे चीनी का हिस्सा केवल 18 फीसदी रह जाएगा।

# हाथरस लोकसभा सीट समीकरण, तीन दशक से भाजपा का दबदबा, सपा-बसपा ने लगाया जोर



**हाथरस, एजेंसी।** हाथरस लोकसभा सीट पर राम मंदिर आंदोलन के बाद से हमेशा भाजपा का ही दबदबा रहा है। 1991 से ही भाजपा का इस सीट पर कब्जा है। केवल 2009 में रालोद के पास यह सीट गई थी। हालांकि उस समय भी रालोद भाजपा के साथ थी। गठबंधन के तहत उसे सीट मिली थी। मौजूदा सांसद राजवीर सिंह दिलेर के पिता किशन लाल दिलेर यहां से लगातार चार बार सांसद रहे हैं। हालांकि इस बार भाजपा ने मौजूदा सांसद राजवीर सिंह दिलेर को टिकट नहीं दिया है। उनकी जगह अनूप वाल्मीकि को उतारा गया है। सपा की तरफ से रामपुर मनिहार के प्रभारी जसवीर वाल्मीकि को मौका दिया गया है। बसपा ने हेमबाबू धनगर पर दांव लगाया है। राम मंदिर आंदोलन वाले वर्ष 1991 में भाजपा से डा. लाल बहादुर रावल चुनाव जीते। वर्ष 1996, 1998, 1999 और 2004 में लगातार किशलाल दिलेर चुनाव जीते। वर्ष 2014 में राजेश दिवाकर और फिर 2019 में राजवीर दिलेर यहां से जीतकर लोकसभा पहुंचे।

हाथरस जिले का गठन 3 मई 1997 को अलीगढ़, मथुरा और आगरा जिले के हिस्सों को मिलाकर किया गया था। मायावती सरकार में जिले का नाम गौतम बुद्ध की माता के नाम पर महामाया रखा गया था। साल 2012 में दोबारा इसे हाथरस कर दिया गया। हाथरस सुरक्षित सीट पर हमेशा ही भाजपा का दबदबा रहा है। अब तक हुए कुल 15 चुनावों में सात बार भाजपा जीती है। 2009 में भाजपा गठबंधन से रालोद प्रत्याशी लोकसभा पहुंची थीं। कांग्रेस के चार बार सांसद हाथरस लोकसभा सीट से बने हैं। दो बार जनता पार्टी और एक बार जनता दल के प्रत्याशी ने जीत दर्ज की है।

यह सीट मुस्लिम-जाट वोटर बाहुल्य क्षेत्र है। कोरी समाज के लोगों का भी इस लोकसभा सीट पर अच्छा खासा प्रभाव है। पिछले चुनावी आंकड़ों के अनुसार यहां पर करीब 17 लाख से अधिक मतदाता हैं। इनमें से करीब 9.6 लाख पुरुष वोटर और 7.8 लाख महिला मतदाता हैं।

हाथरस लोकसभा क्षेत्र में 5 विधानसभा सीटें छर्रा, इगलास, हाथरस, सादाबाद और सिकंदरा राऊ आती हैं। चार सीटों पर भाजपा और सादाबाद सीट पर रालोद का कब्जा है। पिछले लोकसभा चुनाव में बीजेपी के राजवीर दिलेर ने 6,84,299 वोट हासिल कर जीत दर्ज की थी। सपा के राम जी लाल सुमन को 4,24,091 वोट मिले थे। कांग्रेस के त्रिलोकी राम केवल 23,926 वोट हासिल कर सके थे। इससे पहले 2014 में बीजेपी के राजेश कुमार दिवाकर 5,44,277 वोट हासिल कर जीते थे। तब बसपा के मनोज कुमार सोनी 2,17,891 वोटों के साथ दूसरे और सपा के रामजी लाल सुमन 1,80,891 वोटों के साथ तीसरे स्थान पर रहे थे।

## राजकुमार के इस्तीफे से कांग्रेस में बढ़ेगा असंतोष, अभी भी चल रही प्रत्याशी बदलवाने की कोशिश

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पूर्व मंत्री एवं दिल्ली के कद्दावर कांग्रेसी नेता राजकुमार चौहान के इस्तीफे देने से प्रदेश कांग्रेस में उपजा असंतोष थमेगा नहीं बल्कि और बढ़ेगा। वजह, उत्तर पश्चिमी और उत्तर पूर्वी दोनों ही सीटों पर टिकट वितरण से ज्यादातर नेता- कार्यकर्ता नाराज चल रहे हैं। उनकी कोशिश तो अभी भी उम्मीदवार बदलवाने की चल रही है। दरअसल, अगस्त 2023 तक दिल्ली में हाशिए पर चल रही कांग्रेस की प्रदेश इकाई सितंबर 2023 में अरविंदर सिंह लवली के अध्यक्ष बनने के बाद एक बार फिर खड़ी होनी शुरू हुई। सालों से घर बैठे कांग्रेसी भी फिर से पार्टी कार्यालय आने लगे। लेकिन आलाकमान के निर्णय एक बार फिर पार्टी की मजबूती की राह में रोड़ा बन गए। पहला निर्णय आप के साथ लोकसभा चुनाव में गठबंधन तो दूसरा तीन में से दो सीटों पर स्थानीय के बजाए बाहरी उम्मीदवारों को टिकट देना रहा। अभी तक उक्त निर्णयों के विरोध स्वरूप नेताओं-कार्यकर्ताओं के मन में चिंगारी सुलग रही थी तो अब खुलकर सामने आ गया। वरिष्ठ पार्टी नेताओं का मानना है कि आप से गठबंधन का मतलब खुद अपनी जमीन छोड़ते जाना है। कांग्रेस से नाराज होकर जो लोग आप के पास चले गए थे, अब वापस कांग्रेस की ओर मुंह ताक रहे थे। लेकिन आप-कांग्रेस के गठबंधन से दिल्ली वासी स्वयं को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। रही सही कसर उत्तर पूर्वी दिल्ली से कन्हैया कुमार और उत्तर पश्चिमी दिल्ली से उदित राज को टिकट देकर पूरी कर दी गई। अनेक पार्टी नेताओं ने नाम न छापने की शर्त पर कहा कि कोई नेता कार्यकर्ता कांग्रेस के लिए मेहनत करेगा ही क्यों? चार सीटें आप को दे दी गई जबकि दो सीटों पर बाहर के उम्मीदवार लाकर बैठा दिए गए।

## 2 करोड़ से ज्यादा रुपये डकार गए जालसाज

**दक्षिणी दिल्ली।** साइबर जालसाजों ने तीन महीने में दक्षिणी दिल्ली के निवासियों से दो करोड़ से ज्यादा रुपये की ठगी कर ली। आरोपितों ने पीड़ितों को अलग-अलग तरीकों अपना शिकार बनाया। दक्षिणी, दक्षिणी-पश्चिमी और दक्षिणी-पूर्वी दिल्ली जिले की पुलिस ने एफआइआर तो दर्ज कर ली, लेकिन जालसाजों के आकाओं तक नहीं पहुंच सकी। जबकि ठगी का सिलसिला अभी भी जारी है। इस साल जनवरी से मार्च महीने तक तीनों जिलों के साइबर क्राइम थानों में जालसाजी के करीब 79 केस दर्ज किए गए। इन मामलों में जालसाजों ने पीड़ितों की दो करोड़ से ज्यादा रुपये की गाढ़ी कमाई ठग ली। आरोपितों ने किसी से 20 लाख तो किसी ने 50 लाख रुपये की ठगी की। इसके अलावा अन्य थानों में भी 10 से ज्यादा ठगी की एफआइआर दर्ज की जा चुकी है। अभी भी ऐसे मामले आ रहे है। ऐसे शातिरों की गिरफ्तारी करना भी पुलिस के लिए मुश्किल हो गया है। जालसाज वारदात के बाद अपने मोबाइल सहित अन्य संपर्क सूत्र को बंद कर देते हैं। जालसाजों ने अधिकतर मामलों में ऑनलाइन ट्रेडिंग और टास्क देकर मोटा पैसा कमाने का झांसा देकर ठगी की है। तीन महीनों में सामने आए मामलों में 50 वारदातों को इसी तरह अंजाम दिया। वे ऑनलाइन ट्रेडिंग के नाम पर पीड़ितों से लाखों रुपये का निवेश करा लेते हैं। पैसे लेने के बाद अपना मोबाइल नंबर बंद कर देते हैं। इसी तरह ठग ऑनलाइन टास्क देकर पीड़ितों को पहले दो-तीन दिन तक दो से तीन हजार रुपये का मुनाफा देते हैं। फिर ज्यादा मुनाफा कमाने का लालच देकर उनसे लाखों रुपये फर्जी खातों में ट्रांसफर करा लेते हैं। ठगी का शिकार होने पर तुरंत 1930 पर काल करें। या फिर cybercrime.gov.in पर जाकर शिकायत दर्ज कराएं। इसके अलावा संबंधित साइबर क्राइम थाने में शिकायत की जा सकती है। सबसे पहले लोन सैटलमेंट के लिए खुद ही बैंक से संपर्क करें। सोशल मीडिया पर अपनी फोटो, वीडियो या वायस से जुड़े पोस्ट पर प्राइवेसी सेट करें, ताकि इसे कोई सेव या कॉपी न कर पाए। अनजान नंबर से काल आए तो उठाने से बचें। कोई भी व्हाट्सऐप काल करके ओटीपी मांगे तो साझा न करें। अपने व्हाट्सऐप पर टू फैक्टर ऑथेंटिकेशन या टू स्टेप वेरिफिकेशन लगाएं। कभी भी दो से तीन मिनट तक मोबाइल में सिग्नल न आने पर अलर्ट हो जाएं। ठग अलग-अलग तरीकों से खाली कर रहे लोगों का खाता जालसाज आए दिन ठगी के नए नए तरीके निकाल रहे हैं। आरोपित विदेश में नौकरी दिलाने, कैश आन डिलिवरी कैंसिल कराने, बीमा पालिसी को दोबारा शुरू कराने, एआइ (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) के जरिये, फिंगर प्रिंट क्लोन करके, बिजली के बिल, फर्जी वेबसाइट बनाकर, व्हाट्सऐप हैक कर रिश्तेदारों से मदद मांगने के बहाने, सिम स्वैपिंग, लोन की किस्त कम राशि में कराने, विदेश से उपहार व विदेशी मुद्रा भेजने और झूठी एफआइआर दर्ज कराने सहित अन्य बहानों से पीड़ितों के बैंक खाते खाली कर रहे हैं। ठगी के बाद न तो आरोपित जल्दी से पुलिस गिरफ्त में आते हैं और न ही पीड़ित को रकम वापस मिलती है। छतरपुर एन्क्लेव में रहने वाली एक युवती से ठगों ने छह अप्रैल को पांच लाख ठग लिए थे। पीड़िता का कहना है कि अभी तक आरोपित गिरफ्तार नहीं हुआ है न ही उन्हें पैसे मिले हैं। इसी तरह साकेत निवासी कुंदन से आनलाइन ट्रेडिंग के नाम पर 15 लाख ठगे गए।

## वोटर आईडी नहीं तो परेशान न हों, आप भी कर सकते हैं मतदान

**गाजियाबाद, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव की मतदाता सूची में अगर आपका नाम दर्ज है और आपके पास वोटर कार्ड या मतदाता पर्ची नहीं पहुंची तो परेशान न हों। आप निर्वाचन आयोग के अन्य विकल्पों को मिली मान्यता के आधार पर अन्य पहचान पत्रों से मतदान कर सकते हैं।

वोटर पर्ची और बूथ की जानकारी न होने पर इलक्टोरल सर्च वेबसाइट पर अपना नाम खोजने के अनेक तरीके मिलेंगे। इसे वोटर आईडी कार्ड में दर्ज एपिक नंबर या मोबाइल नंबर से भी खोज सकते हैं। मतदाता वैकल्पिक पहचान पत्र के रूप में वोटर पहचान पत्र के अलावा आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंक डाकघर की फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय योजना का स्वास्थ्य बीमा कार्ड, पेन कार्ड, एनपीआर के तहत आरबीआइ से जारी स्मार्ट कार्ड, केंद्र राज्य या लोक उपक्रम पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा कर्मचारियों के लिए बनाए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र से भी मतदान कर सकेंगे।

# अरुणाचल में भारी बारिश से भूस्खलन में बहा हाईवे, चीन सीमा से सटे जिले से टूटा संपर्क

**ईटानगर, एजेंसी।** अरुणाचल प्रदेश के दिबांग जिले को शेष भारत से जोड़ने वाले नेशनल हाईवे 33 का हिस्सा बह गया है। बीते कई दिनों से लगातार चल रही बारिश से हुए भूस्खलन के चलते हाईवे का यह हिस्स कट कर बह गया। दिबांग घाटी चीन से सटा हुआ इलाका है और रणनीतिक लिहाज से बेहद अहम है। अथॉरिटीज का कहना है कि हाईवे का हिस्सा कट जाने से बड़ा नुकसान हुआ है और इससे आवाजाही ठप हो गई है। फिलहाल नेशनल हाईवेज एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर डिवेलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड ने टीम को भेजा है ताकि राजमार्ग की तुरंत रिपेयरिंग की जा सके। अधिकारियों ने कहा कि मौके पर सभी जरूरी चीजें भेजी गई हैं। मौके पर खाने के सामान समेत तमाम चीजों की आपूर्ति हो रही है और किसी चीज की कमी नहीं है। दरअसल इस हाईवे का कट जाना इसलिए चिंताजनक है क्योंकि यह जिले के लोगों और सेना के लिए लाइफलाइन है। चीन से लगती सीमा तक पहुंचने के लिए सेना



भी इसी हाईवे का इस्तेमाल करती है। राज्य सरकार ने हाईवे को नुकसान पहुंचने के बाद ट्रैवल एडवाइजरी जारी की है और अगले तीन दिनों तक यहां से न गुजरने की सलाह दी है। अथॉरिटीज का कहना है कि हाईवे की रिपेयरिंग में कुछ दिन लगेंगे।

इस प्राकृतिक आपदा को लेकर अरुणाचल प्रदेश के सीएम पेमा खांडू ने सोशल मीडिया पर लिखा है, यह जानकर चिंतित हूं कि हुनली और अनिनि को जोड़ने वाले हाईवे को बड़ा नुकसान पहुंचा है। इससे यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दिबांग घाटी को शेष भारत से जोड़ने के लिए जल्दी ही काम शुरू करने के आदेश दिए गए हैं। इसे लेकर अथॉरिटीज ने काम भी शुरू कर दिया है। गौरतलब है कि अरुणाचल प्रदेश राज्य का बड़ा हिस्सा चीन से सटा हुआ है। यही नहीं अरुणाचल प्रदेश के एक हिस्से पर चीन दावेदारी करता है, जिसके चलते यह रणनीतिक लिहाज से संवेदनशील है।

## लोकसभा चुनाव के मद्देनजर नोएडा में बदली है ट्रैफिक व्यवस्था

**नोएडा, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर फेज-2 स्थित फूल मंडी के ट्रैफिक डायवर्जन रहेगा। पोलिंग पार्टी द्वारा मतदान प्रक्रिया पूरी होने के बाद आज ईवीएम फूल मंडी में जमा की जाएगी। इससे डायवर्जन रहेगा। इससे पहले बृहस्पतिवार को भी फूलमंडी के आसपास ट्रैफिक डायवर्जन रहा। बावजूद कई वाहन चालक फूल मंडी के आसपास पहुंच गए। इससे फूल मंडी से मतदान केंद्र तक रवाना हुई पोलिंग पार्टियों में सवार बसों में मौजूद मतदाकर्मियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। मौके पर मौजूद यातायात कर्मी व्यवस्था बनाते रहे। डीसीपी ट्रैफिक यादव का कहना है कि फूल मंडी तिराहा से सेक्टर-88 कैंट आरओ चौक तक फूल मंडी के गेट नंबर-3, 4 व 2 के सामने मार्ग बंद रहेगा। चालक हेल्पलाइन नंबर-9971009001 पर संपर्क कर सकते हैं। सूरजपुर की ओर से कुलेसरा होकर फेज-2 नोएडा की ओर आने वाले डीएससी रोड पर समस्त प्रकार के मालवाहक चालकों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा। भंगेल, जेपी फ्लाईओवर से गेझा तिराहे, एनएसइजेड होकर सूरजपुर की ओर जाने वाले डीएससी मार्ग पर समस्त प्रकार के मालवाहक वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा। पंचशील, एल्डिको सेक्टर-93 की ओर से सेक्टर-83 याकूबपुर, सेक्टर-87 नयागांव, सेक्टर-88 कैंट आरओ चौक, एनएसइजेड, फेज-2 होकर सूरजपुर की ओर जाने वाले मार्ग पर समस्त प्रकार के मालवाहक वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा। सोहरखा, सेक्टर-78 की ओर से ककराला फेज-2 होकर डीएससी मार्ग की ओर आने वाले मार्ग पर समस्त प्रकार के मालवाहक वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा। सूरजपुर से कुलेसरा डीएससी रोड होकर फेज-2 नोएडा की ओर जाने वाले समस्त प्रकार के मालवाहक वाहन कच्ची सड़क तिराहा से दाहिने टर्न कर इंडस्ट्रियल एरिया मार्ग ईकोटेक-3 होकर अपने गंतव्य को जा सकेंगे।

## एनएच -65 पर खड़े ट्रक से टकराई कार, नवजात समेत परिवार के 6 लोगों की मौत, ओवर स्पीड ने ले ली जान

**हैदराबाद, एजेंसी।** तेलंगाना के सूर्यापेट जिले में हैदराबाद-विजयवाड़ा राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-65) पर गुरुवार तड़के एक दर्दनाक हादसा हुआ। यहां एक कार के एक खड़े ट्रक से टकरा जाने से एक ही परिवार के छह लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में एक नवजात भी था। ओवर स्पीडिंग के कारण यह हादसा हुआ है। चार अन्य घायल भी हुए हैं। घटना सुबह करीब 4.45 बजे कोडाद ब्लॉक के दुगापुरम गांव में हुई। मृतकों की पहचान जेला श्रीकांत, मनिक्यम्मा, चंदर राव, कृष्णा राव, स्वर्णा और लास्या के रूप में की गई, जो खम्मम जिले के बोनाकल मंडल के गोविंदपुरम के मूल निवासी थे। उनकी उम्र का अभी पता नहीं चल पाया है। कोडाद के पुलिस उपाधीक्षक एम श्रीधर रेड्डी ने कहा, घायलों को इलाज के लिए कोडाद के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है और वे खतरे से बाहर हैं। रेड्डी के अनुसार, 10 व्यक्तियों का परिवार एक चर्च कार्यक्रम में भाग लेने के लिए हैदराबाद से विजयवाड़ा तक अपने स्पोर्ट्स यूटिलिटी वाहन में यात्रा कर रहा था। डीएसपी ने बताया, जैसे ही वे दुर्गापुरम पहुंचे, उनकी कार 100-110 किमी



प्रति घंटे की गति से यात्रा करते हुए सड़क के किनारे खड़ी एक लॉरी से टकरा गई। एक शिशु सहित छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। पुलिस को संदेह है कि एसयूवी की ओवरस्पीड के कारण यह हादसा हुआ है। उन्होंने कहा, ड्राइवर ने स्पष्ट रूप से ट्रक पर ध्यान नहीं दिया, जो खराब होकर सड़क के किनारे खड़ा था। रेड्डी ने कहा, हमने दुर्घटना का मामला दर्ज कर लिया है और जांच कर रहे हैं।

# पुरुषोत्तम रुपाला की गलती बीजेपी को पड़ेगी भारी? राजपूत समाज इन 10 सीटों पर दम दिखाने को तैयार

**राजकोट, एजेंसी।** क्षत्रिय समाज ने राजकोट लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार पुरुषोत्तम रुपाला को लेकर भाजपा के खिलाफ आर-पार की लड़ाई छेड़ दी है। क्षत्रिय समाज 7 मई से पहले गुजरात में चार महासम्मेलन या बड़ी जनसभाएं करेगा, ताकि भाजपा द्वारा राजकोट से रुपाला का टिकट न काटने के फैसले का विरोध किया जा सके। गुजरात में लोकसभा चुनाव के लिए आगामी 7 मई को मतदान होगा। क्षत्रिय समुदाय, जिसे राजपूत भी कहा जाता है, हाल में ही एक चुनावी रैली में केंद्रीय मंत्री रुपाला द्वारा दिए गए विवादित बयान कि कई राजपूत शासकों ने ब्रिटिश और अन्य विदेशी आक्रमणकारियों की मदद की और उनसे रोटी और बेटी के संबंध रखे, को लेकर नाराज है। बता दें कि, रुपाला अपने बयान के लिए माफी भी मांग चुके हैं, लेकिन इससे क्षत्रिय समाज का रोष कम नहीं नहीं हुआ।

इन सीटों पर राजपूतों का जोर



राजपूत समन्वय समिति के प्रवक्ता करणसिंह चावड़ा ने बुधवार को राजकोट एक संवाददाता सम्मेलन में बोलते हुए कहा कि उनका लक्ष्य कम से कम दस सीटों पर भाजपा को हराना है, जहां राजपूत काफी अधिक संख्या में हैं। राजकोट, सुरेंद्रनगर, जामनगर, भावनगर, कच्छ, बनासकांठा, पाटन, साबरकांठा, मेहसाणा और भरूच में राजपूतों की संख्या काफी अधिक है।

चावड़ा ने कहा, मतदान के दिन से पहले, हम भाजपा उम्मीदवारों की हार सुनिश्चित करने के लिए लोगों तक पहुंचने के लिए अगले महीने चार बड़ी सभाएं आयोजित करेंगे। हम 27 अप्रैल को विसनगर में क्षत्रिय समाज की एक सभा के साथ इसकी शुरुआत करेंगे, उसके बाद 28 अप्रैल को बारडोली में एक सभा करेंगे। 1 मई को आनंद शहर में और 2 मई को जामनगर में सभा करेंगे।

अन्य समुदायों को भी जोड़ने की कोशिश

उन्होंने कहा कि जामनगर की सभा के बाद क्षत्रिय समाज राजकोट पर अधिक ध्यान केंद्रित करेगा और अन्य समुदायों को साथ लेकर रुपाला को हराने की कोशिश करेगा। यह लड़ाई केवल राजपूत महिलाओं के नहीं, बल्कि सभी महिलाओं के आत्मसम्मान के बारे में है। चावड़ा ने कहा कि राजकोट जिले में हमारे सदस्यों ने पहले से ही वार्ड, तालुका और गांव स्तर पर कार्यालय बना लिए हैं और अन्य समुदायों के मतदाताओं को हमारा समर्थन करने के लिए मनाने के लिए छोटी सभाएं आयोजित करना शुरू कर दिया है।

समन्वय समिति के अध्यक्ष रामजुभा जडेजा ने कहा, जैसा कि पहले घोषणा की गई थी कि बुधवार को राजकोट, द्वारका, कच्छ, जामनगर और सुरेंद्रनगर जिलों में धर्म रथ या पोस्टर वाले वाहनों को हरी झंडी दिखाई गई। जाडेजा ने कहा कि हम इन धर्म रथों के माध्यम से अपनी लड़ाई को आम लोगों तक ले जा रहे हैं। ये वाहन अन्य समुदायों का समर्थन हासिल करने के लिए राज्य भर में घूमेंगे।

## गुरुग्राम में बढ़ रहे आंखों में एलर्जी के मामले, रोजाना सैंकड़ों लोग पहुंच रहे अस्पताल

**गुरुग्राम, एजेंसी।** तापमान में उतार-चढ़ाव के चलते वायरल बुखार के बाद अब आंखों की समस्याएं बढ़ने लगी है। नागरिक अस्पताल में कंजक्टिवाइटिस आंखों (आंखों में होने वाला संक्रमण) और सूखेपन के मरीज अस्पताल पहुंच रहे हैं। मरीजों में आंखों में लालपन, सूखापन जैसी परेशानी भी बढ़ गई है। इसके अलावा डायरिया के मरीज भी इन दिनों अस्पताल में आ रहे हैं। गुरुवार को सुबह से ही मरीजों को भीड़ जुटना शुरू हुई पर्चा काउंटर से लेकर दवा काउंटर और डॉक्टरों के कक्षों के बाहर मरीजों की लाइनें लग गई करीब ओपीडी में 2480 मरीजों ने ओपीडी में जांच कराई। इसमें बाल रोग विभाग में 210, मेडिसिन विभाग में 320, हड्डी रोग विभाग में 200, चर्म रोग विभाग में भी 180, इएनटी में 200 व नेत्र रोग के 180 और गायनी विभाग में 250 से ज्यादा गर्भवती जांच कराने पहुंची। नेत्र रोग विशेषज्ञ डा. शुभा बंसल ने बताया कि इस मौसम में वायरस सक्रिय रहता है। जो धूल के कणों के साथ मिलकर आंखों को हानि पहुंचाता है। गर्मियों के दिनों में आंख आना (कंजक्टिवाइटिस) के मामले बढ़ने लगते हैं। इस बीमारी से सबसे ज्यादा बच्चे प्रभावित होते हैं। धूप में ज्यादा देर रहने से आंखों में खुजली होने लगती है। जिसके बाद आंख रगड़ने पर वह लाल हो जाती है। आंखों से पानी निकलने लगता है। उन्होंने बताया कि आंखों में सूखेपन की समस्या भी बढ़ गई है। क्योंकि गर्मी से बचाव के लिए लोग हर समय पंखे और एसी चला रहे हैं, जो आंखों की नमी सोख रहे हैं। आंखों में सूखेपन से देखने में भी समस्या हो सकती है।

## संक्षिप्त समाचार

### पाकिस्तानी एथलीट ने जीतने के बाद लहराया भारत का तिरंगा, सलमान खान भी रहे मौजूद



**नई दिल्ली , एजेंसी।** कराटे का पहला मुकाबला पाकिस्तान के रिजवान अली ने जीता जबकि दूसरा मैच भारत के हिमांशु कौशिक ने जीता। इसके बाद तीसरे दौर में शाहजेब ने भारत के राणा सिंह को मात दी। जीत के बाद शाहजेब ने कुछ ऐसा किया जिसने सभी का दिल जीत लिया। भारत और पाकिस्तान के बीच विवाद किसी से छिपा नहीं है। जब भी दोनों देशों के खिलाड़ी आमने-सामने उतरते हैं तो खिलाड़ियों के साथ-साथ प्रशंसकों का उत्साह आसमान छूने लगता है। ऐसा ही कुछ उस वक्त हुआ जब दुबई में कराटे कॉम्बेट केसी45 में एक पाकिस्तानी खिलाड़ी ने भारतीय खिलाड़ी को 2-1 से मात दी। इसके बाद उन्होंने जो किया, उसने सभी का दिल जीत लिया। दरअसल, कराटे का पहला मुकाबला पाकिस्तान के रिजवान अली ने जीता जबकि दूसरा मैच भारत के हिमांशु कौशिक ने जीता। इसके बाद तीसरे दौर में शाहजेब ने भारत के राणा सिंह को मात दी। जीत के बाद शाहजेब ने कुछ ऐसा किया जिसने सभी का दिल जीत लिया।

### भारत की महिला फुटबॉल टीम की कोच बनने को तैयार चाओबा देवी



**नई दिल्ली , एजेंसी।** देवी पूर्वोत्तर की एकमात्र महिला कोच हैं जिनके पास एएफसी का 'ए' लाइसेंस कोचिंग प्रमाण पत्र है। एआईएफएफ की कार्यकारी समिति इस सिफारिश को अगली बैठक में मंजूरी देगी। सिफारिश का मतलब लगभग नियुक्ति तय होना है। आईएम विजयन की अगुवाई वाली अखिल भारतीय फुटबाल महासंघ (एआईएफएफ) की तकनीकी समिति ने बुधवार को पूर्व खिलाड़ी लांगम चाओबा देवी के नाम की सिफारिश राष्ट्रीय महिला फुटबाल कोच पद के लिए की है जिससे वह इस पद की जिम्मेदारी लेने को तैयार हैं।

देवी (51 वर्ष) ने 1999 एशियाई चैंपियनशिप में राष्ट्रीय टीम की कप्तानी की थी। वह भारतीय टीम की सहायक कोच भी रह चुकी हैं। मणिपुर की इस खलाड़ी ने 1998 बैंकॉक एशियाई खेलों में भी देश का प्रतिनिधित्व किया था। एआईएफएफ ने कहा, 'काफी सोच विचार के बाद समिति ने एल चाओबा देवी के नाम की सिफारिश भारतीय सीनियर महिला राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच पद के लिए की है।' देवी पूर्वोत्तर की एकमात्र महिला कोच हैं जिनके पास एएफसी का 'ए' लाइसेंस कोचिंग प्रमाण पत्र है। एआईएफएफ की कार्यकारी समिति इस सिफारिश को अगली बैठक में मंजूरी देगी। सिफारिश का मतलब लगभग नियुक्ति तय होना है।

समिति ने प्रिया पीवी और रोनीबाला चानू के नाम की सिफारिश क्रमशः सहायक और गोलकीपिंग कोच के पद के लिए की है। समिति ने पुरुष अंडर-16 और अंडर-19 टीम के कोच की नियुक्ति पर भी चर्चा के बाद कुछ नामों की सिफारिश की।

# उसैन बोल्ट आईसीसी टी-20 वर्ल्ड कप के ब्रांड एम्बेसडर बने




## कहा-अमेरिका में क्रिकेट का आना बड़ी बात, निश्चित रूप से वेस्टइंडीज को सपोर्ट करूंगा

**नईदिल्ली, एजेंसी।**

इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने ओलिंपिक लिजेंड उसैन बोल्ट को आगामी आईसीसी मेंस टी-20 वर्ल्ड कप के लिए ब्रांड एम्बेसडर घोषित किया है। टी-20 वर्ल्ड जो 1-29 जून 2024 तक वेस्टइंडीज और अमेरिका में खेला जाएगा। 11 बार के वर्ल्ड चैंपियन बोल्ट वेस्टइंडिज के जमैका से हैं। उन्होंने 2017 में लंदन वर्ल्ड चैम्पियनशिप के बाद संन्यास ले लिया था। उन्होंने अपने आखिरी टूर्नामेंट में सिल्वर मेडल जीता था। बोल्ट ने कहा, मैं आगामी टी-20 वर्ल्ड कप का ब्रांड एम्बेसडर बनकर रोमांचित हूं। इस खेल ने हमेशा मेरे दिल में एक विशेष स्थान रखा है, और मैं वर्ल्ड कप में वेस्टइंडीज मैचों में भाग लेने और वर्ल्ड लेवल पर क्रिकेट के डेवलपमेंट में योगदान देने के लिए उत्सुक हूं। हालांकि मैं निश्चित रूप से वर्ल्ड कप में वेस्टइंडीज का समर्थन करूंगा, लेकिन इस गेम को अमेरिका में लाना क्रिकेट के लिए बड़ी बात है। यह दुनिया का सबसे बड़ा स्पोर्ट मार्केट है और टी-20 वर्ल्ड कप के लिए हम जो करेंगे, वह 2028 में रुओलंपिक में क्रिकेट को शामिल करने की दिशा में एक बड़ा मौका है।

### बोल्ट के नाम 100 मीटर रेस में वर्ल्ड रिकॉर्ड दर्ज

बोल्ट ने 100 मीटर रेस 9.58 सेकंड और 200 मीटर रेस 19.19 सेकंड में पूरी की थी। यह वर्ल्ड रिकॉर्ड है। बोल्ट ने 3 ओलिंपिक में 8 गोल्ड जीते थे। इनमें से 2008 बीजिंग ओलिंपिक में 2, जबकि 2012 लंदन ओलिंपिक और 2016 रियो ओलिंपिक में 3-3 गोल्ड जीते थे।

### क्रिकेट के कारण ही बोल्ट को एथलेटिक्स में करियर मिला

जमैका में जन्मे बोल्ट बोल्ट ने अपना बचपन भाई के साथ गली में क्रिकेट और फुटबॉल खेलकर बिताया। 12 साल की उम्र तक उन्होंने यह तो सोच लिया था कि खेल में ही करियर बनाना है, लेकिन किस खेल में बनाना है, यह तय नहीं कर पा रहे थे।

एक दिन बोल्ट के क्रिकेट कोच ने पिच पर उनके दौड़ने की स्पीड देखी और सलाह दी कि उन्हें स्प्रिंटिंग में कोशिश करनी चाहिए। बोल्ट ने अपने कोच की सलाह मानी और दौड़ की ट्रेनिंग लेने लगे। पहली बार लगभग पंद्रह साल की उम्र में कैरेबियन रीजनल प्रतियोगिता में जमैका के लिए खेलते हुए 2001 में, 400 मीटर और 200 मीटर दौड़ में उन्होंने सिल्वर मेडल जीता। 2002 में वर्ल्ड जूनियर चैंपियनशिप में एक गोल्ड के साथ तीन मेडल जीते।

एम्बेसडर के रूप में, बोल्ट इस इवेंट को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे, जिसकी शुरुआत अगले सप्ताह सिंगर सीन पॉल और केस के साथ ऑफिशियल सॉन्ग वीडियो के रिलीज में एक कैमियो के साथ होगी। आठ बार के ओलंपिक गोल्ड मेडल विनर वेस्टइंडीज में टी-20 वर्ल्ड कप मैचों में भी भाग लेंगे और अमेरिका के अंदर खेल को बढ़ावा देने वाले फैंस इवेंट्स का भी हिस्सा होंगे।

### कनाडा-अमेरिका के बीच ओपनिंग मैच

टूर्नामेंट का ओपनिंग मैच कनाडा और होम टीम अमेरिका के बीच खेला जाएगा। मुकाबला एक जून को डालास में ही होगा। वेस्टइंडीज अपना पहला मैच 2 जून को पापुआ न्यू गिनी के खिलाफ गयाना में खेलेगा। टूर्नामेंट में 20 टीमों के बीच 29 दिन तक कुल 55 मैच खेले जाएंगे, जो टी-20 वर्ल्ड कप इतिहास में पहली बार ही होगा। 1 से 17 जून तक ग्रुप स्टेज के 40 मैच होंगे। 19 से 24 जून तक सुपर-8 स्टेज के 12 मुकाबले खेले जाएंगे। 26 जून को गयाना में पहला सेमीफाइनल और 27 जून को त्रिनिदाद में दूसरा सेमीफाइनल मैच होगा। 29 जून को बारबाडोस में फाइनल मैच खेला जाएगा।

टी-20 वर्ल्ड कप की मेजबानी वेस्टइंडीज और अमेरिका संयुक्त रूप से कर रहे हैं। वेस्टइंडीज के 6 शहरों में कुल 41 मुकाबले होंगे, यहीं तीनों भी नॉकआउट मैच होंगे। जबकि अमेरिका के न्यूयॉर्क, फ्लोरिडा और डालास शहर में बाकी 14 मुकाबले होंगे। वेस्टइंडीज के 6 शहर त्रिनिदाद, गयाना, बारबाडोस, एंटीगुआ, सेंट विंसेंट और सेंट लुसिया हैं।

### भारत और पाकिस्तान के सभी मैच अमेरिका में होंगे

टी-20 वर्ल्ड कप में 5-5 टीमों को 4 ग्रुप में बांटा गया। भारत और पाकिस्तान को एक ही ग्रुप में रखा गया है। इसी ग्रुप में आयरलैंड, कनाडा और अमेरिका भी हैं। भारत और पाकिस्तान अपने सभी मैच अमेरिका में ही खेलेंगे। भारत के शुरुआती 3 मैच न्यूयॉर्क और चौथा मैच फ्लोरिडा में होगा। टीम अपना पहला मुकाबला 5 जून को आयरलैंड, दूसरा मुकाबला 9 जून को पाकिस्तान, 12 जून को तीसरा मुकाबला अमेरिका और 15 जून को चौथा मुकाबला कनाडा से खेलेगी।

### एक ग्रुप से 2 टीमें सुपर-8 में जाएंगी

ग्रुप-ए की तरह ही ग्रुप बी, सी और डी में भी 5-5 टीमें हैं। सभी टीमें अपने ग्रुप में 4-4 मैच खेलेंगी। ग्रुप स्टेज के आखिर में पॉइंट्स टेबल की टॉप-2 टीमें सुपर-8 स्टेज में जाएंगी। इस स्टेज में 8 टीमों को 4-4 के 2 ग्रुप में बांटा जाएगा। यहां दोनों ग्रुप की 2-2 टॉप टीमों के बीच सेमीफाइनल खेले जाएंगे। सेमीफाइनल की विजेता 2 टीमों के बीच 29 जून को फाइनल होगा।

### अमेरिका में पहली बार होगा आईसीसी टूर्नामेंट

अमेरिका को पहली बार ही किसी आईसीसी टूर्नामेंट की मेजबानी मिली है। 2028 के ओलिंपिक गेम्स भी अमेरिका में ही होंगे, जिसमें क्रिकेट भी शामिल किया गया है। इस इवेंट को देखते हुए आईसीसी ने अमेरिका में टी-20 वर्ल्ड कप कराने को प्राथमिकता दी। अमेरिका के साथ वेस्टइंडीज में भी टी-20 वर्ल्ड कप होगा, यहां 2010 का टूर्नामेंट भी खेला गया था। 2022 में पिछला वर्ल्ड कप ऑस्ट्रेलिया में हुआ था।

## Candidates Chess

# गुकेश का स्वदेश लौटने पर हुआ भव्य स्वागत, भारी संख्या में एयरपोर्ट पर जुटे प्रशंसक

**चेन्नई, एजेंसी।**

भारतीय ग्रैंडमास्टर ने टोरंटो में कैंडिडेट्स टूर्नामेंट का खिताब जीतकर गैरी कास्पारोव का रिकॉर्ड तोड़ा था। वह 40 साल पहले महान गैरी कास्पारोव द्वारा बनाए गए रिकॉर्ड को तोड़ते हुए विश्व खिताब के लिए सबसे कम उम्र के चैलेंजर बन गए थे। कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट में ऐतिहासिक जीत दर्ज करने वाले युवा भारतीय ग्रैंडमास्टर डी. गुकेश का स्वदेश लौटने पर भव्य स्वागत हुआ। गुकेश टोरंटो में हुए इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट को जीतने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बने थे। गुकेश गुरुवार देर रात चेन्नई पहुंचे जहां एयरपोर्ट पर भारी संख्या में मौजूद प्रशंसकों ने उनका स्वागत किया।



### गुकेश की एक झलक पाने को बेताब दिखे फैंस

वेलामल विद्यालय जहां गुकेश पढ़ते हैं वहां के सैकड़ों छात्र एयरपोर्ट पर करीब एक घंटे तक उनका इंतजार करते रहे। इसके अलावा जैसे-जैसे गुकेश की फ्लाइट लैंड होने का समय नजदीक आता गया वैसे-वैसे एयरपोर्ट पर फैंस की भीड़ बढ़ती चली गई। यह युवा शतरंज खिलाड़ी करीब तीन बजे एयरपोर्ट से बाहर आया और उन्हें तुरंत वहां मौजूद फैंस ने घेर लिया। फैंस ने गुकेश को माला पहनाई और पुलिस को उन्हें सुरक्षित निकालने के लिए मेहनत करनी पड़ी। गुकेश की मां पदमा जो एक माइक्रोबायोलॉजिस्ट हैं वह भी परिवार के अन्य सदस्यों के साथ गुकेश का स्वागत करने के लिए एयरपोर्ट पर मौजूद थीं। गुकेश ने भीड़ के बीच जैसे ही अपनी मां को देखा उनके चेहरे पर मुस्कान देखने मिली। इसके बाद गुकेश अपनी मां से गले मिले। गुकेश के पिता रजनीकांत जो पेशे से एएनटी सर्जन हैं, लेकिन उनका समर्थन करने के लिए उन्होंने अपने प्रैक्टिस छोड़ दी थी, वो गुकेश के साथ टोरंटो गए थे।

### भरोसा था मैं जीत दर्ज करूंगा

गुकेश ने एयरपोर्ट के बाहर मीडिया से बात करते हुए कहा, घर लौटकर काफी खुशी हो रही है, यह एक विशेष उपलब्धि है। मैं टूर्नामेंट की शुरुआत से ही अच्छी स्थिति में था।

मुझे पूरा भरोसा था कि मैं यह टूर्नामेंट जीत लूंगा और भाग्य ने भी मेरा साथ दिया। यह देखना सुखद है कि लोग शतरंज को पसंद कर रहे हैं। मैं तमिलनाडु सरकार, अम्मा (मां), अप्पा (पिता), कोच, दोस्तों, परिवार, प्रायोजक और अपने स्कूल को धन्यवाद देता हूं जिन्होंने इस टूर्नामेंट को जीतने में मेरी काफी मदद की।

# इंपैक्ट प्लेयर नियम को लेकर लखनऊ के सलाहकार ने दिया यह बयान, ऑलराउंडर की भूमिका पर रखी राय

**आईपीएल 2024**

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

आईपीएल में इंपैक्ट प्लेयर नियम को लेकर कई तरह की राय देखने मिली है। मुंबई इंडियंस के कप्तान रोहित शर्मा इस नियम से खुश नहीं हैं और उन्होंने हाल ही में इसे लेकर बयान दिया था। वहीं, डेविड वॉर्नर ने इंपैक्ट प्लेयर नियम की वकालत की थी। अब लखनऊ सुपरजाएंट्स के सलाहकार एडम वोग्स ने भी इस पर अपनी राय व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि इंपैक्ट प्लेयर नियम ने ऑलराउंडर की भूमिका कम कर दी है।

लखनऊ सुपरजायंट्स के सलाहकार एडम वोग्स ने आईपीएल में इंपैक्ट प्लेयर नियम के लिए चल रही बहस में शामिल होते हुए कहा कि उन्हें ऑस्ट्रेलिया की बिग बैश लीग में पावर सर्ज जैसा नियम ज्यादा पसंद आता है जिसमें बल्लेबाजी टीम को क्षेत्ररक्षण पाबंदियों के दो ओवर के चरण पर फैसला करने का मौका मिलता है। इंपैक्ट प्लेयर नियम पिछले सत्र में शामिल किया था और इस सत्र में इसे लेकर काफी बहस चल रही है जिसमें भारतीय कप्तान रोहित शर्मा सहित काफी खिलाड़ी इसे ऑलराउंडरों के लिए नुकसानदायक करार कर रहे हैं। वोग्स ने कहा, टूर्नामेंट में काफी बड़े स्कोर बन रहे हैं और टीम के लिए मजबूत बल्लेबाज सातवें या आठवें नंबर पर बल्लेबाजी करने के लिए उतर रहे हैं। निश्चित रूप से इससे क्रिकेट के रोमांच का स्तर बढ़ गया है, लेकिन इससे मैच में ऑलराउंडर की भूमिका और उनका प्रभाव थोड़ा कम हो जाता है।



ऑलराउंडर हमेशा टीम को संतुलन प्रदान करते हैं और शायद वे इंपैक्ट सब के साथ इतने महत्वपूर्ण नहीं रह गए हैं।

# दिल्ली कैपिटल्स के रसिख पर बीसीसीआई का एक्शन, आईपीएल की आचार संहिता का किया उल्लंघन

**आईपीएल 2024**

**नईदिल्ली, एजेंसी।**

दिल्ली कैपिटल्स के तेज गेंदबाज रसिख सलाम दार पर बुधवार 24 अप्रैल, बुधवार को अरुण जेटली स्टेडियम में गुजरात टाइटंस के खिलाफ मैच के दौरान अत्यधिक जश्न मनाने के लिए जुर्माना लगाया गया है। डीसी ने आखिरी ओवर के रोमांचक मुकाबले में 4 रन से जीत दर्ज की और अपनी प्लेऑफ की उम्मीदों को बरकरार रखा। डीसी ने पहले बैटिंग करते हुए 224 रन बनाए थे, इस स्कोर के सामने जीटी निर्धारित 20 ओवर में 220 ही रन बना सकती थी।

रसिख ने आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.5 के तहत लेवल 1 का अपराध किया है। इसमें ऐसी भाषा, कार्यों या इशारों का उपयोग करना शामिल है जो अपमान करते हैं या जो किसी अन्य खिलाड़ी की आक्रामक प्रतिक्रिया को भड़का सकते हैं।

आईपीएल की प्रेस रिलीज के अनुसार दार ने आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.5 के तहत लेवल 1 का अपराध किया है। उन्होंने अपराध स्वीकार कर लिया है और मैच रेफरी की मंजूरी स्वीकार कर ली है। आचार संहिता के लेवल 1 के उल्लंघन के लिए, मैच रेफरी का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी है। रसिख सलाम ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ शानदार गेंदबाज की थी, 4 ओवर के कोटे में उन्होंने 44 रन खर्च कर साई सुदर्शन, शाहरुख खान और साई किशोर के रूप में तीन बड़ी विकेट चटकाई थी। बात मुकाबले की करें तो, टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी दिल्ली कैपिटल्स की टीम ने कप्तान ऋषभ पंत की 88 रनों की नाबाद पारी के दम पर निर्धारित 20 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 224 रन बोर्ड पर लगाए। इस स्कोर का पीछा करने उतरी गुजरात टाइटंस की टीम 20 ओवर में 220 के स्कोर तक ही पहुंचने में कामयाब रही। जीटी की ओर से साई सुदर्शन ने 65 तो डेविड मिलर ने 55 रनों की पारी जरूर खेली, मगर वह अपनी टीम को जीत की दहलीज प



# World cup: पुरुष और महिला कंपाउंड तीरंदाजी टीमें फाइनल में, बोम्मदेवरा ने राष्ट्रीय रिकॉर्ड में किया सुधार

**शंघाई, एजेंसी।**

भारतीय पुरुष टीम के सामने शनिवार को खेले जाने वाले फाइनल में नीदरलैंड की चुनौती होगी। महिला वर्ग में मौजूद विश्व चैंपियन भारत ने तुर्किये और एस्तोनिया को शिकस्त देकर फाइनल का टिकट कटाया। भारतीय पुरुष और महिला कंपाउंड तीरंदाजी टीमों ने सत्र के शुरुआती तीरंदाजी विश्व कप के फाइनल में जगह बनाकर देश का पदक पक्का कर दिया। इसके साथ ही धीरज बोम्मदेवरा ने पुरुषों के रिकर्व क्वालिफिकेशन राउंड में राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ तीसरा स्थान हासिल किया।

### पुरुष टीम का फाइनल में नीदरलैंड से सामना

अनुभवी अभिषेक वर्मा, उभरते हुए तीरंदाज प्रथमेश भालचंद्र फुगे और मौजूदा अंडर-21 विश्व चैंपियन प्रियांश की चौथी वरीयता प्राप्त पुरुष टीम ने फिलीपींस और डेनमार्क को शिकस्त देने के बाद सेमीफाइनल में कोरिया की मजबूत चुनौती को खत्म की। भारतीय पुरुष टीम के सामने शनिवार को खेले जाने वाले फाइनल में नीदरलैंड की चुनौती होगी। भारतीय पुरुष टीम ने करीबी मुकाबले में कोरिया को 235-233 से हराकर बड़ा उलटफेर किया। इस मुकाबले के शुरुआती दो दौर के बाद दोनों टीमें बराबरी पर थी, लेकिन भारत ने 59 के स्कोर के साथ कोरिया को पछाड़ा। महिला वर्ग में मौजूद विश्व चैंपियन भारत ने तुर्किये और एस्तोनिया को शिकस्त देकर फाइनल का टिकट कटाया। शीर्ष वरीयता प्राप्त भारत के सामने फाइनल में इटली की चुनौती होगी। मौजूदा अंडर-18 और सीनियर चैंपियन अदिति स्वामी, एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता ज्योति सुरेखा वेन्नम और परनीत कौर की तिकड़ी ने अपने शुरुआती दो मैचों में सिर्फ 10 अंक गंवाए।






# पंत को टी20 विश्व कप टीम में होना चाहिए: संजय मांजरेकर



**नई दिल्ली,एजेंसी।** भारत के पूर्व क्रिकेटर संजय मांजरेकर का मानना है कि ऋषभ पंत वो काम कर सकते हैं जो ज्यादातर भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज नहीं कर सकते और इसलिए उन्हें टी20 विश्व कप टीम में होना चाहिए।

सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 44 रन की पारी खेलने के बाद पंत ने बुधवार रात गुजरात टाइटंस के खिलाफ 204.6 के स्ट्राइक रेट से आठ छक्के और पांच चौके लगाकर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। उनकी 43 गेंदों में 88 रन की पारी ने डीसी को गुजरात के खिलाफ 4 विकेट पर 224 रन तक पहुंचाया। जब पंत ने अक्षर पटेल के साथ हाथ मिलाया तो डीसी 3 विकेट पर 44 रन बनाकर संघर्ष कर रही थी और दोनों बल्लेबाजों ने 68 गेंदों में 113 रन जोड़े। संजय मांजरेकर ने स्टार स्पोर्ट्स क्रिकेट लाइव पर कहा, हम जिस कारण से इस पर बहस कर रहे हैं उसका एकमात्र कारण हमारे पास मौजूद विकल्प है।

एक विकल्प के रूप में संजू सैमसन और केएल राहुल हैं, दोनों बहुत ही रोमांचक हैं लेकिन बात ऋषभ पंत की है और यही कारण है कि मैं 15 में, प्लेइंग 11 में भी हर समय उनका समर्थन करूंगा, बड़े मंच पर आएं, सेमी- टी20 वर्ल्ड कप का फाइनल, यह वह व्यक्ति है जो 60 गेंदों में शतक लगाएगा और मैच जीतेगा। उन्होंने कहा, अब यह कुछ ऐसा नहीं है जिसे भारतीय टीम में बहुत से लोग करेंगे। हमने देखा है कि भारतीय टीम फाइनल राउंड में पहुंची और बड़े मैचों में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई, ऋषभ पंत स्वभाव से एक अलग तरह के स्थान पर हैं जहां आप जानते हैं कि इस तरह का मंच, उन्हें और अधिक फलने-फूलने की अनुमति देता है। वह उस तरह की स्थिति में आराम करते हैं।

यह पंत का 2024 आईपीएल सीज़न का सर्वोच्च स्कोर था क्योंकि उन्होंने पहले ही नौ मैचों में 48.86 की औसत के साथ तीन अर्धशतक सहित 342 रन बनाए हैं। उनकी 88 रनों की तूफानी नाबाद पारी ने टी20 विश्व कप में विकेटकीपर बल्लेबाज के स्थान की लड़ाई में स्टार बल्लेबाज का पक्ष लिया है। भारत के एक अन्य पूर्व क्रिकेटर दीप दासगुप्ता ने पंत के प्लेइंग इलेवन में शामिल होने को लेकर आश्वस्त थे और कहा, ÷वह मेरे प्लेइंग 11 में हैं। आज से पहले, मुझे लगता है कि हमने खेल से पहले भी यह बातचीत की थी और मैंने बिना किसी संदेह के कहा था कि ऋषभ पंत मेरी प्लेइंग 11 में आता है। दीप दासगुप्ता ने कहा,डेढ़ साल पहले जो कुछ हुआ उसके बाद आईपीएल शुरू होने से पहले एकमात्र संदेह उनकी फिटनेस का स्तर था।

वह किस प्रकार की शारीरिक स्थिति में है और यदि वह फिट है जैसा कि वह है, तो वह फिट से भी बेहतर है। दरअसल, आप जानते हैं कि मैं उनसे क्या बातें कर रहा था. पिछले चार या पांच महीनों में उसका वजन छह किलो कम हो गया है और वह वास्तव में कड़ी मेहनत कर रहा है। तो हाँ, आइए बात करते हैं ऋषभ पंत के बारे में। मेरा मतलब है कि वह अधिक फिट है, वह तेज है, वह बेहतर बल्लेबाजी कर रहा है।

बिना किसी संदेह के, जहां तक मेरा सवाल है, मुझे लगता है कि यह कोई बहस ही नहीं है। 15, हाँ, वह वहाँ है। 1 मई को आईसीसी की सबमिशन की समय सीमा भाग लेने वाली टीमों को 25 मई तक अपने प्रारंभिक चयन में बदलाव करने की अनुमति देती है।

## एक नजर

### जलापूर्ति पाइप क्षतिग्रस्त होने से 800 घरों में गहराया जल संकट

**पटना (नि.सं.)** । गांधी मैदान स्थित पेट्रोल टंकी के पास नगर निगम का मुख्य जलापूर्ति पाईप क्षतिग्रस्त होने से करीब सात घंटे तक पेयजल की बर्बादी हुई। बाकरगंज नाले पर पैदल पथ निर्माण कार्य के दौरान जेसीबी से करीब 200 डाया का मुख्य पाइप क्षतिग्रस्त हो गया। अंटा घाट स्थित पंप हाउस से पेयजल की आपूर्ति इसी पाइप से दो वार्ड 37 और 39 में लोगों के घर तक होती है। गुरुवार को सुबह में जब अंटा घाट का पंप हाउस चालू हुआ तब से ही क्षतिग्रस्त पाइप से पानी बर्बाद होने लगा था। इसकी सूचना मिलते ही नगर आयुक्त ने इसे गंभीरता से लिया और जलापूर्ति शाखा के अभियंताओं को क्षतिग्रस्त पाइप को दुरूस्त करने का कार्य शुरू कराया। हालांकि क्षतिग्रस्त पाइप को रात में बदला जाएगा, ताकि आने-जाने वालों को परेशानी नहीं हो। पाइप क्षतिग्रस्त होने के बाद से वार्ड 37 के लोग मुख्य रूप से प्रभावित हुए हैं। वार्ड 37 के पार्षद संजीव आनंद ने बताया कि करीब 800 घरों में इसी पाइप से जलापूर्ति की जाती है। पाइप क्षतिग्रस्त होने से गुरुवार को इन घरों में पेयजल संकट की स्थिति बन गई है। जिससे गोला रोड, बीएन कॉलेज, बाकरगंज, नवरंग गली, मखनियाकुआं और बजाजा गली में परेशानी बढ़ गई है। बुडको द्वारा बाकरगंज नाला का निर्माण कराया जा रहा है। बुडको के अभियंता ने बताया कि गुरुवार को रात में क्षतिग्रस्त पाइप को बदल दिया जाएगा।

### एकेयू ने संबद्धता विस्तार के लिए आवेदन की तिथि बढ़ाई

**पटना (नि.सं.)** । आर्यभट्ट ज्ञान विवि ने निजी कॉलेजों और संस्थानों के संबद्धता विस्तार की तिथि लगभग एक हफ्ते के लिए बढ़ाई है। गुरुवार को कुलसचिव डॉ. शंकर कुमार द्वारा विवि से जुड़े सभी संस्थानों को पत्र जारी कर कहा गया है कि विवि के निर्देश के बाद भी कुछ संस्थानों में आवेदन की प्रक्रिया पूर्ण नहीं हुई है। संस्थानों की ओर से इस बाबत अतिरिक्त समय मांगा गया था। इसलिए औपबंद्धिक संबद्धता विस्तार के लिए ऑनलाइन आवेदन की तिथि तीन मई तक विस्तारित की जाती है। आवेदन पत्रों को सभी संलग्नकों के साथ सत्यापित हार्ड कॉपी छह मई की शाम छह बजे विवि में जमा करने का निर्देश जारी किया है।

### जीत का छक्का लगाने तो कोई पहली बार है मैदान में

**पटना (नि.सं.)** । बिहार में दूसरे चरण में पांच लोकसभा सीटों पर चुनाव है। इसमें जीत का छक्का लगाने की उम्मीद के साथ दो उम्मीदवार मैदान में हैं। वहीं, कई ऐसे भी हैं जो पहली बार लोकसभा का चुनाव लड़ रहे हैं। वहीं सर्वाधिक 13वीं बार तारिक अनवर कटिहार से उम्मीदवार हैं। वह वर्ष 1977 से लगातार कटिहार से ही चुनाव लड़ रहे हैं। अब-तक 12 चुनाव वह लड़ चुके हैं, जिनमें पांच बार उनकी जीत हुई है। इस बार अगर वह जीत दर्ज करते हैं तो छठी बार लोकसभा में जाएंगे। वहीं, पूर्णिया से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में मैदान में उतरे पप्पू यादव भी पांच बार लोकसभा का सदस्य रह चुके हैं। इनमें तीन बार वह पूर्णिया से तथा दो बार मधेपुरा से सांसद रहे हैं।

### लूट को अंजाम देने वाले 2 सदस्यों की हुई गिरफ्तारी

**पटना (नि.सं.)** । पटना में अपराधियों की ओर से दिनदहाड़े हुई लूट की घटना का पुलिस ने गुरुवार को खुलासा किया है। पुलिस ने इस मामले में दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों के पास से लूट की रकम और घटना में प्रयुक्त किए गए बाइक को भी बरामद किया है। घटना की पुष्टि पटना सिटी के पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी ने की है। 3 दिन पहले पटना के जीरो माइल स्थित एमेजिंग कंपनी के एक कर्मचारी विवेक कुमार से अपराधियों ने लगभग 7 लाख रुपए लूट लिए थे। बताया जा रहा है कि विवेक कुमार अपनी मोटरसाइकिल से कंपनी का पैसा बैंक में जमा करने जा रहे थे। इसी क्रम में अपराधियों ने पटना साहिब स्थित ओवर ब्रिज पर हथियार के बल पर दिनदहाड़े रूपयो से भरा बैग लूट कर फरार हो गए थे। पुलिस ने इस मामले का उद्बोधन करने के लिए पुलिस के एक टीम का गठन किया गया। बताया जा रहा की गठित टीम ने इस मामले में तकनीकी अनुसंधान के बाद लूटपाट करने वाले गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार अपराधियों के नाम मंगल कुमार बख्तियारपुर निवासी और राहुल कुमार खाजेकला निवासी बताया जा रहा है। पुलिस ने उनके पास से लूटे गए 62 हजार भी बरामद कर लिया है।

जिलाधिकारी ने गर्मी के मौसम में संभावित आपदा से सुरक्षा हेतु विभागवार की समीक्षा बैठक, कहा

# आग अगाने वाले असामाजिक तत्वों को चिन्हित कर करें कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद**। गुरूवार को जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागर में आपदा प्रबंधन विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में डीएम ने गर्मी के मौसम में संभावित आपदा से सुरक्षा हेतु विभागवार समीक्षा की। गर्मी के कारण सुखाड़, आगलगी पीने का पानी की कमी, लू जैसे आपदा से निपटने के लिए सभी संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।

बैठक में जिला पदाधिकारी के द्वारा सभी अंचल अधिकारी को बताया कि इस भीषण गर्मी के मौसम में जिले में लू, आग लगी पेयजल एवं जिले में लगातार आग लगी जैसी घटना घटित हो रही है जो गंभीर चिंता का विषय है। इससे निपटने के लिए हमें तत्परता से तैयार रहनी होगी। सभी अंचल अधिकारी को निर्देश दिया गया कि सभी आग लगी वाले स्थल पर जाकर आग लगने का कारण पता करें एवं इसका रिपोर्ट अविलंब सौंपे तथा आग लगी से पीड़ित परिवार को तुरंत सहायता राशि प्रदान करें। एवं आग लगाने वाले असामाजिक तत्वों को चिन्हित कर उन पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करें साथ ही साथ सभी बीडीओ, सीओ, बीपीआरओ एवं इओ को जिला पदाधिकारी के द्वारा निर्देश दिया गया सुबह शाम 1 घंटा क्षेत्र में घूम कर समस्या देखेंगे और संबंधित विभाग को समस्या से अवगत कराएंगे।

सभी कार्यपालक पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि आंधी एवं पानी के कारण जहां बिजली बाधित है उस वार्डो में टैंकर के माध्यम से पानी की व्यवस्था करायें । साथ ही साथ सभी नगर परिषद के अधिकारी को पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था टैंकर, वाटर एटीएम पंप एवं पेआउ के माध्यम से माध्यम से करने का निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त क्षेत्र में जाकर पेयजल की कमी एवं साफ सफाई की व्यवस्था को घर-घर जाकर देखने का भी निर्देश दिये।

कार्यपालक अभियंता लोक स्वास्थ्य प्रमंडल को निर्देश दिया गया कि जिले में कितने पंचायत स्तर पर चापाकल लगाए गए हैं और उसमे कितने चापाकल खराब है, कितने चापाकल की मरम्मती हुआ है और बाकी बचे हुए चापाकल को कितने दिन में मरम्मती कर लिया जाएगा। इसका रिपोर्ट सर्वे कराकर अविलंब भेजना सुनिश्चित करें। सिविल सर्जन को निर्देश दिया गया कि अस्पतालों में पेयजल की समुचित व्यवस्था, दवा की उपलब्धता ओआरएस घोल की उपलब्धता, ऑक्सीजन सिलेंडर, डॉक्टर्स की प्रतिनियुक्ति, साफ-सफाई की उचित व्यवस्था एवं अस्पतालों ओपीडी स्थल में एसी और कुलर की पर्याप्त व्यवस्था करना सुनिश्चित करें। साथ ही साथ ओआरएस घोल प्रत्येक घर में वितरण कराई जाए। पिछले मीटिंग में ही जिला पदाधिकारी ने ओआरएस घोल सिविल सर्जन को सभी घरों में बंटवाने का निर्देश दिया था। नहीं बंटवाने पर जिला पदाधिकारी ने खेद प्रकट किया एवं जल्द से जल्द ओआरएस घोल सभी घरों में बंटवाने का निर्देश सिविल सर्जन को दिए। इसके अतिरिक्त पंचायत सरकार भवन एवं सार्वजनिक स्थलों पर लू से बचने के आदि उपाय का पोस्टर लगवाने एवं डॉक्टरों की टीम को मेडिकल किट के साथ मोबाइल एंबुलेंस के माध्यम से सुबह और शाम क्षेत्रों में घूमकर इलाज करने का निर्देश दिए।

विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंता को निर्देश दिया गया कि आंधी एवं पानी के कारण जहां बिजली बाधित है वहां बिजली अविलंब बहाल करें। इसके अतिरिक्त जिला पदाधिकारी के द्वारा विद्युत विभाग के अभियंता से बिजली से खेतों में आग लगने का कारण पूछा गया। कार्यपालक अभियंता के द्वारा द्वारा बताया गया कि खेतों में तार टूटने एवं ट्रांसफार्मर के पास शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लगता है जिसे जिला पदाधिकारी ने अविलंब ठीक करने का निर्देश दिये। पशु एवं मत्स्य पदाधिकारी को पशुओं की दवा की पर्याप्त उपलब्धता एवं पशुओं के लिए पानी पीने की समुचित व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया। इसके अतिरिक्त पशुओं के समुचित इलाज के लिए डॉक्टरों की टीम गठन कर मोबाइल वैन के माध्यम से पशु चिकित्सक को सुबह और शाम क्षेत्र में घूम कर इलाज करने का निर्देश जिला पदाधिकारी के द्वारा दिया गया। साथ ही साथ सभी पशु चिकित्सक की उपस्थिति का फोटो खींचकर व्हाट्सएप पर मांगने का भी निर्देश दिया गया।

इसके अतिरिक्त आपदा विभाग के प्रभारी पदाधिकारी रत्ना प्रियदर्शनी के द्वारा सभी अंचला अधिकारी को निर्देश दिया गया कि जिले के सभी आग लगी घटना चाहे छोटा हो या बड़ा इसकी सूचना व्हाट्सएप ग्रुप पर पर भी अविलंब भेजें।

इस भीषण गर्मी में के कारण सुखाड़,आगलगी पीने का पानी की कमी, लू जैसे आपदा से निपटने के लिए अन्य विभाग के संबंधित पदाधिकारियों को भी आवश्यक निर्देश दिए गए।

उक्त बैठक मैं अपर समाहर्ता श्री ललित रंजन भूषण, उप विकास आयुक्त श्री अभयेंद्र मोहन सिंह, जिला परिवहन पदाधिकारी शैलेश कुमार, जिला पंचायती राज पदाधिकारी इफ्तिखार अहमद आपदा प्रभारी सह जिला जनसंपर्क पदाधिकारी श्रीमती रत्ना प्रियदर्शनी,डीपीओ आईसीडीएस श्रीमती रचना कुमारी, कार्यपालक अभियंता पीएचडी, सिविल सर्जन, सभी नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी ,सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी एवं जिला स्तरीय अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

जन आर्शीवाद यात्रा की सफलता के बाद भोजपुरी के पावर स्टार पवन सिंह का ऐलान

# नौ मई को बतौर निर्दलीय प्रत्याशी काराकाट से करेंगे नामांकन

निज संवाददाता



**औरंगाबाद**। भोजपुरी सिने जगत के पावर स्टार पवन सिंह ने काराकाट संसदीय क्षेत्र में दो दिवसीय जन आर्शीवाद यात्रा सफलता के बाद उन्होंने नामांकन की तारीख का ऐलान कर दिया है। सिंह के मीडिया सलाहकार संतोष सिंह ने दावा किया कि पवन सिंह की जन आर्शीवाद को काराकाट की जनता-जनार्दन का अपार समर्थन मिला है। जनता के भरपूर स्नेह और समर्थन से हमारे हौंसले बुलंद हुए है। हमारे उम्मीदवार के प्रति जनता का स्नेह और समर्थन लगातार बढ़ता जा रहा है। हमें जाति, जमात और धर्म से उपर उठकर सभी वर्गों का समर्थन मिल रहा है। जनता-जनार्दन पवन सिंह को हाथों हाथ लेकर हमारा उत्साह बढ़ा रही है। काराकाट की जनता पवन सिंह को अपना बेटा मान रही है। जनता अपने बेटे को भरपूर सम्मान दे रही है।

उन्होंने बताया कि पवन सिंह ने काराकाट से बतौर निर्दलीय प्रत्याशी नामांकन की तारीख तय कर दी है। सिंह 9 मई को काराकाट से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में सासाराम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी के समक्ष नाम निर्देशन पत्र दाखिल करेंगे। नामांकन में भारी संख्या में समर्थकों, शुभेच्छुओं और काराकाट की जनता का भारी जुटान होगा। नामांकन के बाद पवन सिंह आमसभा को भी संबोधित कर सकते है।

उन्होंने कहा कि काराकाट लोकसभा क्षेत्र में पवन सिंह की लोकप्रियता का जादू सर चढ़कर बोल रहा है। काराकाट को पहली बार नेता नही बल्कि बेटा मिला है। अपने बेटे पर काराकाट की जनता भरोसा कर रही है। सिंह जनता के भरोसे को दिल से सम्मान दे रहे है। जनता से मिल रहे रिस्पाँस से वें गदगद है और उनका हौसला लगातार बढ़ता जा रहा है। काराकाट की जनता उन्हे बेटे के रूप में ही देख रही है और बेटा झोली फैलाकर वोट मांग रहा है। इस बेटे ने काराकाट के विकास का एक विजन तय किया है, जिसकी घोषणा विजन डॉक्यूमेंट या चुनावी घोषणा पत्र के रूप में शीघ्र की जाएंगी।

# किशोर न्यायालय के प्रधान दंडाधिकारी ने प्लेस ऑफ सेफ्टी का किया औचक निरीक्षण

कार्यालय

**औरंगाबाद**। किशोर न्यायालय के प्रधान दंडाधिकारी सुशील प्रसाद सिंह ने अनियमितताएं के गुप्त सूचना के आधार पर प्लेस ऑफ सेफ्टी बभंडी औरंगाबाद का औचक निरीक्षण अपने टीम के साथ किया। किशोर न्याय बोर्ड औरंगाबाद के पैनल अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि निरीक्षण के क्रम में बहुत सारे खामियां पाई गई है। मेन्यु के अनुसार भोजन नहीं,भोजन तीन टाईम नहीं, आज भी बीस किशोर को भोजन नहीं मिल पाया, पर्याप्त कपड़ा नहीं,कुछ कर्मी अनुपस्थिति पाए गए, डॉ भी अनुपस्थिति थे,फ्रिज भी गायब थी,साफ सफाई बच्चों द्वारा कराने की शिकायत मिली है। कई कारणों से बच्चों ने कुछ दिन पहले हड़ताल भी किया था। अंत में बच्चों ने लिखित शिकायत किशोर न्याय परिषद



औरंगाबाद के प्रधान दंडाधिकारी औरंगाबाद को दिया है। इस अवसर पर किशोर न्याय परिषद औरंगाबाद के सदस्य प्रवीण कुमार और डॉ गुलाब देवी सहित अन्य उपस्थित थे।

# 10 सालों में हृदय रोग से पीड़ित 15 हजार मरीजों का इलाज

निज संवाददाता

**पटना**। एंजियोप्लास्टी वाले मरीज इतने गंभीर होते हैं कि एंजियोप्लास्टी करने की शर्त पर भी उनकी मृत्यु की संभावना एक फीसदी तक होती है। एंजियोप्लाटी नहीं करने पर उनकी मृत्यु की संभावना 50 फीसदी तक चली जाती है। ऐसे में समझा जा सकता है कि ऐसे केसेज करना कितना मुश्किल काम है। डॉक्टरों पर हमेशा दबाव रहता है मगर इस दबाव के बीच वे अच्छा से अच्छा परिणाम देने की कोशिश करते हैं। यही कारण है कि राजधानी फोर्ड हॉस्पिटल पर लोगों का भरोसा बढ़ता चला गया है। फोर्ड हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर में कार्डियोलॉजी के 15 हजार से ज्यादा इलाज पूरे होने की सफलता पर संवाददाताओं को संबोधित करते हुए ये बातें हॉस्पिटल के निदेशक और वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. बीबी भारती ने कहीं। उन्होंने कहा कि पिछले दस सालों में हमलोग कार्डियोलॉजी के 15 हजार से ज्यादा इलाज कर चुके हैं। इसमें एनजियोग्राफी, एनजियोप्लास्टी, ब्लूनिंग, डिवाइस क्लोजर, एएसडी क्लोजर, पीडीए क्लोजर, वीएसडी क्लोजर। इसके अलावा एंजियोप्लास्टी के मुश्किल मामले जिनमें कैल्सिफाइड केसेज, बाइफरकेशन केसेज, पेसमेकर, सीआरटी शामिल हैं, में हमलोगों ने सफलतापूर्वक इलाज किया है। यह एक बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि हृदय रोग की समस्या झेल रहे मरीजों को सलाह दी।


# सांख्यिकी पदाधिकारी ने फसल कटनी प्रयोग का किया निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद**। गुरूवार को बिहार राज्य सरकार के cce agri app के माध्यम से बीआरएफएसवाई बिहार राज्य फसल सहायता योजनान्तर्गत पंचायत स्तरीय फसल कटनी प्रयोग का निरीक्षण जिला सांख्यिकी पदा औरंगाबाद श्री मोती कुमार दिनकर द्वारा औरंगाबाद जिले के दाउदनगर प्रखण्ड अन्तर्गत चौरी पंचायत के चौरी ग्राम( थाना न-12 ) में किया गया। चौरी ग्राम के किसान लालमुनि देवी पत्नी स्व. रामलाल चन्द्रवंशी के खेसरा संख्या 1343 पर गेहू फसल का फसल कटनी प्रयोग प्रमोद कुमार मेहरा किसान सलाहकार दाउदनगर प्रखंड द्वारा किया गया। प्रयोग के दौरान वैज्ञानिक विधि से निर्धारित प्रक्रिया द्वारा 50 वर्ग मीटर में शलालमुनी देवी के खेत में गेंहूं फसल का वजन 9.330 किलोग्राम प्राप्त हुआ। प्रयोग के दौरान जिला सांख्यिकी पदा औरंगाबाद कुमार दिनकर अवर सांख्यिकी पदाधिकारी ब्रजेन्द्र कुमार सिंह प्रखंड सांख्यिकी पदाधिकारी उपेन्द्र कुमार पाल किसान सलाहकार संजीत कुमार सिंह के साथ किसान एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

# पारा 43 डिग्री सेल्सियस, लग्न के बावजूद दोपहर में सड़क सूनी

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद**। वातावरण का अधिकतम पारा 43 डिग्री सेल्सियस तक आ गया है। तेज हवा भी चल रही है। सूरज की किरणें शोला बरसा रही है। लोगों का घर से निकलना मुश्किल हो गया है। इधर लग्न भी है। लग्न के बावजूद दोपहर में सड़क सूनी हो जा रही है। आवश्यक कार्य के लिए लोग अहले सुबह घर से निकल रहे हैं और कोशिश कर रहे हैं कि दिन चढ़ने से पहले ही वे घर लौट आए। देर शाम ही लोग घर से बाहर निकल रहे हैं। दोपहर में घर से बाहर निकलने वाले कई लोग हीट स्ट्रोक के शिकार भी हो रहे हैं। अस्पताल में से मरीजों की संख्या बढ़ी है। बाजार में शीतल पेय की मांग बढ़ी है। लोग गन्ने व अन्य फलों के रस, सत्तू का शरबत, आमझोरा, नींबू पानी आदि का सेवन कर रहे हैं। इसके अलावा ककड़ी, खीरा, तरबूज आदि फलों की मांग भी बढ़ी हुई है। बुधवार को वातावरण का अधिकतम तापमान 43 डिग्री और न्यूनतम 28 डिग्री सेल्सियस रहा। दिन-प्रतिदिन उच्चतम और न्यूनतम दोनों तापमान बढ़ता जा रहा है। उच्चतम तापमान बढ़ने से दिन में लोगों का जीना मुहाल हो गया है और न्यूनतम तापमान बढ़ने से रात में भी गर्मी महसूस हो रही है। अगले पांच दिनों तक यही स्थिति बने रहने की संभावना है। दिन में जब तेज हवा चलती है तब बिजली भी गुल हो जाती है और लोग गर्मी में परेशान हो जाते हैं। पेयजल का भी संकट खड़ा हो जाता है।

# नीतीश कुमार ने माफिया राज खत्म किया : उमेश कुशवाहा



निज संवाददाता

**पटना**। जदयू प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा है कि वर्ष 2005 में जब मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के हाथों में बिहार की बागडोर मिली तो सबसे पहले उन्होंने अपराधियों पर नकेल कसी। उन्होंने माफिया राज को नेस्तनाबूद कर बिहार में सुशासन स्थापित किया।

उन्होंने कहा कि राजद के शासन काल में वर्ष 2005 तक बिहार की कानून-व्यवस्था खस्ताहाल थी। उन्होंने आरोप लगाया है कि राजद की तत्कालीन सरकार में अपराधियों ने प्रदेश की शासन व्यवस्था को पूरी तरह हाईजेक कर लिया था। नीतीश कुमार ने बिहार को जंगलराज से मुक्ति दिलाई तब जाकर प्रदेश की जनता को खुलकर जीने की आजादी मिली। राजद सरकार में व्यापारी वर्ग का परिवार दहशत के माहौल में था, लेकिन आज बिहार में अपराधियों का बोलबाला समाप्त हो चुका है। अपराध पर लगाम लगने से बिहार के आर्थिक विकास को नई गति मिली है।

# विश्व मलेरिया दिवस पर सभी स्वास्थ्य कर्मियों ने मलेरिया से सुरक्षा की ली शपथ

निज संवाददाता | पटना

विश्व मलेरिया दिवस पर गुरुवार को पूरे राज्य में कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस वर्ष विश्व मलेरिया दिवस का थीम एक्सीलिरेटिंग द फाइट अगेंस्ट मलेरिया फॉर ए मोर इक्वीटेबल वर्ल्ड है। राज्य के सभी जिले में स्वास्थ्यकर्मियों को मलेरिया से सुरक्षा के लिए शपथ दिलायी गई। स्कूलों में भी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। अपर निदेशक सह राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी, वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम डॉ. अशोक कुमार ने कहा कि मच्छरों से बचाव, लक्षणों की पहचान एवं समय पर इलाज ही मलेरिया से सुरक्षा का मूलमंत्र है।

पटना जिला स्वास्थ्य समिति सभागार में जिला के सभी प्रखंडों के प्रखंड सामुदायिक उत्प्रेरकों का विश्व मलेरिया दिवस पर उन्मुखीकरण किया गया। इस अवसर पर जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ सुभाष चंद्र प्रसाद ने कहा कि मलेरिया सहित कई बीमारियां जैसे मष्तिष्क ज्वर, चिकनगुनिया आदि भी मच्छरों के काटने से होता है। मलेरिया कभी-कभी जानलेवा भी साबित हो सकता है।

जन-जन की वाणी...
सोन वर्षा वाणी
2 राज्य | 4 संस्करण
केंद्र सरकार के डी.ए.वी.पी. तथा बिहार, झारखंड एवं उत्तराखंड राज्य सरकार के आईपीआरडी से मान्यता प्राप्त
औरंगाबाद, पटना, आरा एवं रांची (झारखंड) से प्रकाशित हिंदी दैनिक
प्रकाशन के गौरवपूर्ण 25 वर्ष रजत जयंती
आवश्यकता :
25 वर्षों से निरंतर प्रकाशित हो रहे प्रतिष्ठित हिंदी दैनिक समाचारपत्र सोन वर्षा वाणी को पेजिनेटर, कॉपी एडिटर, विज्ञापन प्रबंधक, मार्केटिंग प्रतिनिधि एवं प्रत्येक जिले से पत्रकार / संवाददाता की आवश्यकता है|
इच्छुक सम्पर्क करें : 7766886433, mail : svvpress@gmail.com
नोट : अनुभव के आधार पर पद सृजित किये जायेंगें.
प्रधान कार्यालय : सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) | मो. 9934957121
आरा कार्यालय : जयहिंद कॉलोनी, नाला मोड़, आरा (भोजपुर) बिहार | मो. 9142681546
रांची कार्यालय : 204, निर्मला एन्क्लेव, रानी बागान, बरियातू हाउसिंग कॉलोनी, बरियातू, रांची (झारखंड) | मो. 7766886433